हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -04 ● अंक - 335 ● सोमवार 20 जनवरी 2025 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

## बॉर्डर पर बांग्लादेश की हरकत से त्रिपुरा चिंतित

- इंदिरा-मुजीब समझौते का उल्लंघन कर रहा पड़ोसी मुल्क

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश और भारत के बीच रिश्ते तनावपूर्ण हैं। त्रिपुरा सरकार ने त्रिपुरा के उनाकोटी जिले के देवीपुर के पास भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब बांग्लादेश सरकार द्वारा मनु नदी पर तटबंध के निर्माण की खबर पर चिंता व्यक्त की है। उनाकोटी के जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार चकमा के नेतृत्व में एक टीम ने शुक्रवार को जीरो पॉइंट से साइट का निरीक्षण किया और



कहा कि सीमा पार तटबंध के कारण कैलासहर टाउनशिप को विनाशकारी बाढ़ का सामना करना पड़ सकता है। शनिवार शाम को बात करते हुए दिलीप कुमार चकमा ने कहा,हमारे पास एक तटबंध है। उनके पास एक तटबंध है। लेकिन बांग्लादेश की तरफ किस तरह का तटबंध है, इसकी जानकारी नहीं है। जीरो लाइन के पास निर्माण की ऊंचाई काफी अधिक है। यह एक सड़क हो सकती है, या यह एक तटबंध हो सकता है,लेकिन यह एक तटबंध जैसा लग रहा था। जिस स्थान पर हम गए थे, उसके पास एक स्लुइस गेट भी है। दिलीप कुमार चकमा ने कहा कि बांग्लादेशी अधिकारियों ने पहले जीरो लाइन से लगभग 5-7 किलोमीटर दूर मनु नदी पर तटबंध सहित कुछ तटबंध स्थापित करने का प्रस्ताव दिया था।

## केंद्र सरकार जमीन दे, सफाई कर्मचारियों के घर हम बनाएंगे

- बोले केजरीवाल, पीएम मोदी को लिख डाली चिट्ठी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार सुबह सफाई कर्मचारियों के लिए घोषणा की। उन्होंने कहा- अगर केंद्र सरकार सब्सिडी पर जमीन दे तो हम उस पर मकान बनवाकर आसान किस्तों में सफाई कर्मचारियों को मालिकाना हक देगी। दिल्ली में जमीन का मामला केंद्र के अधीन है, इसलिए पीएम मोदी को इस संबंध में पत्र लिखा है।



केजरीवाल ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं प्रधानमंत्री इसके बारे में राजी होंगे, क्योंकि ये गरीबों के कल्याण के बारे में है और जैसा कि पीएम ने भी कहा है कि दिल्ली में कल्याणकारी योजनाएं लागू रहेंगी। केजरीवाल ने पिछले 2 महीने में 8 घोषणाएं की है। इससे पहले 18 जनवरी को ऐलान किया था कि अगर चुनाव जीतेंगे तो दिल्ली में रह रहे किरायदारों के लिए भी फ्री-बिजली और पानी मुहैया कराया जाएगा। केजरीवाल ने लिखा- प्रधानमंत्री जी, मैं एमसीडी और अन्य क्षेत्रों में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों के यह पत्र लिख रहा हूं। ये कर्मचारी हमारे शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। वे नौकरी के दौरान सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आवासों में रहते हैं, लेकिन रिटायरमेंट के बाद दिक्कत होती है।

## भाजपा को जल्द मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष

- तारीख लगभग तय, रेस में कई नेताओं के नाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति दिल्ली विधानसभा चुनावों के बाद करेगी। सूत्रों ने कहा है कि पार्टी के अध्यक्ष का चुनाव 10 फरवरी से 20 फरवरी के बीच होने की संभावना है। वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा दिल्ली चुनावों तक बीजेपी की अगुवाई करते रहेंगे। उनका अध्यक्ष पद का कार्यकाल जनवरी 2024 में समाप्त हो गया था, लेकिन लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए नड्डा का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया था।



बीजेपी के संगठनात्मक चुनावों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। राष्ट्रीय परिषद और राज्य परिषद के सदस्य अभी चुने जा रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले राज्यों की इकाइयों में से कम से कम 50 फीसदी को अपना संगठनात्मक चुनाव पूरा करना होगा। अब तक केवल चार राज्यों ने अपने राज्य अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी की है। बीजेपी नेताओं के अनुसार, संगठनात्मक चुनाव अपने निर्धारित समय पर हो रहे हैं और समय पर पूरे हो जाएंगे।

## समुद्र के नीचे सुरंग में भी दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कुछ सालों में चलने वाली बुलेट ट्रेन समुद्र के नीचे सुरंग में भी दौड़ेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद उच्च गति रेल गलियारे (बुलेट ट्रेन परियोजना) के तहत समुद्र के नीचे निर्माणाधीन सुरंग



का शनिवार को निरीक्षण किया और परियोजना की प्रगति पर संतोष जताया। परियोजना के तहत 21 किलोमीटर लंबी सुरंग में ठाणे क्रीक के नीचे सात किलोमीटर का हिस्सा शामिल है। यह सुरंग बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्टेशन को शिलफाटा से जोड़ेगी। समुद्र के नीचे बनी यह सुरंग देश में अपनी तरह की पहली सुरंग है। वैष्णव ने नवी मुंबई के घनसोली में संवाददाताओं से कहा कि समुद्र के नीचे सुरंग का डिजाइन तैयार कर लिया गया है और इसका निर्माण बड़ी सावधानी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा,सुरंग के डिजाइन और इसमें इस्तेमाल की जा रही प्रौद्योगिकी की मदद से दो ट्रेनें 250 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गुजर सकती हैं। हवा और प्रकाश के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान रखा गया है। परियोजना के 340 किलोमीटर लंबे हिस्से पर निर्माण कार्य अच्छी गति से चल रहा है।

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लिया काम का जायजा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस परियोजना में ट्रेन कोलकाता मेट्रो की नदी के नीचे बनी सुरंग में संचालित ट्रेनों के मुकाबले कही अधिक रफ्तार से गुजर सकेंगी। वैष्णव ने कहा,इस परियोजना में नदियों पर पुल निर्माण और स्टेशन के बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण प्रगति देखी जा रही है। बीकेसी में स्टेशन एक इंजीनियरिंग चमत्कार है, जिसमें 10 भूमिगत तल और सात जमीन से ऊपर के तल हैं। हाई-स्पीड रेल परियोजना तय समय पर चल रही है। इसका निरीक्षण और अनुमोदन जापानी विशेषज्ञ कर रहे हैं। रेल मंत्री ने कहा कि मध्यम वर्ग के लिए किफायतीसाधन उपलब्ध कराने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना धीरे-धीरे साकार हो रहा है।

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगी भीषण आग, 50 टेंट जले

**खाना बनाते वक्त सिलेंडर ब्लास्ट हुआ, एक घंटे में काबू पाया**

**प्रयागराज (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 में लगी आग पर काबू पाया गया है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को बुझाया। सिलिंडर ब्लास्ट के कारण शिविर में आग लगी। तेज हवा के कारण एक टेंट से दूसरे टेंट तक आग बढ़ती चली गई। इस आगलगी की घटना में पहले 50 टेंटों के खाक होने की बात सामने आई है। हालांकि, दावा किया जा रहा है कि नागा संन्यासियों के करीब 200 टेंटों को आग ने अपनी चपेट में लिया। आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने में सफलता पाई गई। आग लगने के कारण सेक्टर



19 के इलाके में धुआं और पानी दिख रहा है। वहीं, इस आगलगी के गीता प्रेस के शिविर से भड़कने की बात सामने आ रही है। आग बुझाने के लिए 12 फायर ब्रिगेड भेजी गई थीं। एक घंटे के भीतर ही फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। आग में 50 टेंट जल गए। एक संन्यासी के एक लाख रुपए के नोट भी जल गए।

## जात-पात से परे कुंभ बना एकता का महाकुंभ

**पीएम मोदी बोले-ये सामाजिक एकता को बढ़ाने वाला महापर्व हैं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 118वें एपिसोड में महाकुंभ और रामलला का जिक्र किया। उन्होंने कहा- महाकुंभ में दुनियाभर से लोग आते हैं। यह सामाजिक समरसता का ऐसा संगम है, जहां जात-पात, ऊंच-नीच से परे लोग एक-दूसरे के साथ पवित्र स्नान करते हैं। भंडारों में भोजन और प्रसाद लेते हैं। मोदी ने कहा- कुंभ एकता का महाकुंभ है। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम को यह एक सूत्र में बांधता है। यह हजारों साल से चली आ रही परंपरा है। एक तरफ प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ होता है। वहीं, दूसरी तरफ गोदावरी, कृष्णा, कावेरी और नर्मदा नदी के तट पर पुष्करम मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने अपने 30 मिनट के प्रोग्राम में 23, 25 और 26 जनवरी के अलावा रामलला, स्टार्टअप इंडिया, स्पेस सेक्टर, हाथी बंधु, टाइगर रिजर्व, अरुणाचल प्रदेश और निकोबार में वर्जिन कोकोनट ऑयल का भी जिक्र किया। 26 जनवरी की वजह से पीएम का प्रोग्राम इस बार एक हफ्ते पहले हुआ। असम

- यह उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम को एक सूत्र में बांधता है



का 'नौगांव' हमारे देश की महान विभूति श्रीमंत शंकरदेव जी का जन्म स्थान है। यहां हाथियों का झुंड फसलों को बर्बाद कर देते थे। 100 गांव के लोग परेशान थे। इन लोगों ने 'हाथी बंधु' के नाम से टीम बनाई। टीम ने करीब 800 बीघा बंजर भूमि पर मिल-जुल कर नेपियर घास लगाई। इस घास को हाथी बहुत पसंद करते हैं। इसका असर ये हुआ कि हाथियों ने खेतों की ओर जाना कम कर दिया। हमारी संस्कृति और विरासत हमें आस-पास के पशु-पक्षियों के साथ प्यार से रहना सिखाती है। ये हम सभी के लिए बहुत खुशी की बात है, कि बीते दो महीनों में, हमारे देश में दो नए टाइगर रिजर्व जुड़े हैं। इनमें से एक है छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व और दूसरा- मध्य प्रदेश में रातापानी टाइगर रिजर्व।

### अरुणाचल के दीपक नाबाम का किया जिक्र

अरुणाचल प्रदेश में दीपक नाबाम जी ने सेवा की अनूठी मिसाल पेश की है। दीपक जी यहां लिविंग होम चलाते हैं। जहां मानसिक रूप से बीमार, शरीर से असमर्थ लोगों और बुजुर्गों की सेवा की जाती है, यहां पर ड्रग्स की लत के शिकार लोगों की देख-भाल की जाती है।
निकोबार जिले में वर्जिन कोकोनट ऑयल को हाल ही में जीआई टैग मिला है। इस तेल के उत्पादन से जुड़ी महिलाओं को संगठित कर सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाए जा रहे हैं, उन्हें मार्केटिंग और ब्रांडिंग की स्पेशल ट्रेनिंग भी दी जा रही है। ये हमारे आदिवासी समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 23 जनवरी यानि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म-जयंती को अब हम 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाते हैं। उनके शौर्य से जुड़ी इस गाथा में भी उनके पराक्रम की झलक मिलती है। कुछ साल पहले, मैं उनके उसी घर में गया था, जहां से वे अंग्रेजों को चकमा देकर निकले थे। उनकी वो कार अब भी वहां मौजूद है। वो अनुभव मेरे लिए बहुत ही विशेष रहा।

## सावधान ! सक्रिय हो रहा एक नया पश्चिमी विक्षोभ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ठंड का प्रकोप लगातार जारी है। घने कोहरे और शीतलहर के चलते मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं। इस बीच, कुछ राज्यों में बारिश के कारण हालात और ज्यादा बिगड़ चूके हैं। मौसम विभाग का कहना

- भीषण ठंड में बारिश बढ़ाएगी और मुश्किलें, आईएमडी रिपोर्ट में दावा

है कि आने वाली दिनों में अभी और बारिश हो सकती है। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में रविवार सुबह घना कोहरा छाया हुआ है। लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आज अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 21 और 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 27.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शहर में न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक था। राजधानी के कुछ बाहरी इलाकों में शनिवार को भी घना कोहरा छाया रहा जिससे दृश्यता काफी कम हो गई थी। 47 रेलगाड़ियों



को देरी का सामना करना पड़ा। हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम के करवट बदलने की संभावना है। राज्य के कई भागों में आगामी सात दिनों तक बारिश-हिमपात के आसार हैं। राज्य के पांच स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया। कई भागों में लोगों को शीतलहर का सामना करना पड़ रहा है।

## राहुल गांधी के खिलाफ असम में एफआईआर

**'इंडियन स्टेट' से लड़ाई वाले बयान पर हुआ ऐक्शन**

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में शनिवार को एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि राहुल ने भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले बयान दिए।

बीएनएस की धारा 152 के तहत दर्ज एफआईआर गैर जमानती है। यानी अगर राहुल की गिरफ्तारी होती है तो उन्हें जमानत के लिए सीधे कोर्ट जाना पड़ेगा। एफआईआर गुवाहाटी हाईकोर्ट के वकील मोनजीत चेतिया ने दर्ज कराई है। चेतिया ने कहा कि, राहुल के बयान से देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है।

विपक्ष के नेता का सार्वजनिक मंच से दिया गया बयान साधारण राजनीतिक टिप्पणी नहीं है। दरअसल, 13 जनवरी को राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ प्रमुख रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को राष्ट्रीय देवी अहिल्या पुरस्कार देने के लिए इंदौर में थे। समारोह



में भागवत ने कहा था कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को प्रतिष्ठा द्वादशी के तौर पर मनाया जाना चाहिए। इसे ही भारत का सच्चा स्वतंत्रता दिवस मानना चाहिए। 15 जनवरी को नए कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन के उद्घाटन में राहुल ने भागवत के बयान पर कहा- भाजपा, आरएसएस ने हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। अब हम बीजेपी-आरएसएस और इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं। शिकायतकर्ता का दावा- गुवाहाटी हाईकोर्ट के वकील मोनजीत चेतिया ने कहा कि राहुल गांधी की यह टिप्पणी बार-बार चुनावों में मिल रही हार की हताशा से प्रेरित थी।

विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल पर लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाए रखने की जिम्मेदारी है, लेकिन वे झूठ फैलाने और विद्रोह भड़काने का काम कर रहे हैं। चेतिया ने कहा- लोकतांत्रिक तरीकों से जनता का विश्वास हासिल करने में नाकामयाब होने के बाद, वे अब केंद्र सरकार और भारतीय राज्य के खिलाफ असंतोष भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। खड़गे ने कहा था- भागवत का घूमना-फिरना मुश्किल हो जाएगा भागवत के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी निशाना साधा था। उन्होंने 15 जनवरी को कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के बाद कहा था, मैंने पेपर में पढ़ा कि मोहन भागवत ने कहा कि सच्ची स्वतंत्रता तब मिली जब राम मंदिर बना।

**महाकुंभ विशेष**

## प्रयागराज में धूनी रमाए साधु-संतों का है अलग संसार

- एमपी-राजस्थान व गुजरात-उड़ीसा से पहुंचे संत कर रहे साधना
- कोई बाबा रबड़ी खिला रहे हैं,तो कोई श्रद्धालुओं को सैर करा रहे



**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ 2025 में आस्था का सागर उमड़ रहा है। हर राज्य से करोड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इनके अलावा साधु संत भी बड़ी तादाद में आए हैं। गंगा किनारे धूनी रमाए हुए हैं। इन साधु संतों का बड़ा अनोखा संसार बसा है। कोई बाबा रबड़ी खिला रहे हैं, तो कोई श्रद्धालुओं को सैर करा रहे हैं। बंगाली बाबा और बड़े बाबा की बड़ी बड़ी बातें हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और जम्मू से बड़ी संख्या में साधु संत पहुंचे हैं। महाकुंभ क्षेत्र में जुटे संतों की जुबान पर जय श्री राम, हर हर गंगे, बम बम भोले गुंजायमान है। मध्य प्रदेश से आए स्वामी तन्मयनंद पुरी बाबा बताते हैं कि 144 वर्ष बाद यह शुभ घड़ी आई है। जो आने में असमर्थ वो घर पर गंगाजल डालकर स्नान करें संगम किनारे रेत पर सुबह शाम साधु संत राम नाम का भजन कर रहे हैं। मेले में पहुंचे गाड़ी वाले बाबा ने बीमार, अशक्त होने या अन्य किसी प्रकार से महाकुंभ आने में असमर्थ लोगों को गंगा स्नान का संपूर्ण लाभ लेने का उपाय बताया। उन्होंने कहा कि जो लोग महाकुंभ आने में किसी कारण से असमर्थ हैं, वह घर में ही गंगाजल लेकर बाल्टी में डालकर पवित्र स्नान करें। इससे गंगा स्नान का पूरा लाभ प्राप्त होगा। 2019 के महाकुंभ मेला से भक्तों को रबड़ी बांट रहे बाबा एक अद्भुत प्रसाद बांटने वाले बाबा भी हैं, जो रोज 120 किलो रबड़ी का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित करते हैं। यह रबड़ी बाबा का सेवा कार्य 2019 के महाकुंभ मेला से शुरू हुआ था और अब यह निरंतर चलता आ रहा है। रबड़ी बाबा के दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्त आते हैं।

बड़े बाबा पूरे देश में घूम-घूम कर करते हैं। बड़े बाबा ने योगी को एक सफल मुख्यमंत्री बताते हुए कहा कि सीएम योगी की ही कृपा से यहां महाकुम्भ में इतना बड़ा इंतजाम किया गया है।

## न्यूयॉर्क से लंदन तक सुरंग बनाने मस्क का बड़ा ऑफर

- मात्र एक घंटे में तय हो जाएगी 5000 किमी की दूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जो काम असंभव सा लगता है, टेस्ला के सीईओ एलन मस्क उसे पूरा करने की जिम्मेदारी लेते हैं। फिर चाहे ड्राइवरलेस कार की बात हो या फिर लॉन्चिंग के बाद रॉकेट को वापस लॉन्च पैड पर लाना हो। इसमें वह सफल भी हुए हैं। मस्क ने एक ऐसे ही लगभग असंभव से लगने वाले काम को पूरा करने का ऑफर दिया है। यह ऑफर है ट्रांस अटलांटिक सुरंग बनाने का। करीब 5000 किमी लंबी यह सुरंग न्यूयॉर्क से लंदन के बीच समुद्र के नीचे बनाई जानी



प्रस्तावित है। दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क ने कहा है कि उनकी बोरिंग कंपनी इस सुरंग को बनाने का काम पूरा कर सकती है। बेन्जिंगा की एक रिपोर्ट के मुताबिक मस्क ने कहा है कि वह इस काम को अनुमानित खर्च (20 लाख करोड़ डॉलर) के मुकाबले 1000 गुना कम कीमत में कर सकते हैं। इस हिसाब से एलन मस्क इस सुरंग का निर्माण मात्र 20 अरब डॉलर में कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सउदी अरब में मरे युवक के परिजनों से मिले पूर्व मंत्री, शव मंगाने का दिया आश्वासन



**एजेंसी । पलामू।** सउदी अरब में मृत पलामू के डालटनगंज के युवक सद्दाम हुसैन के परिजनों से रविवार को पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी मिले। शव मंगाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। मजदूरी करने के सिलसिले में सउदी अरब गए डालटनगंज के मुस्लिम नगर के सद्दाम की 17 जनवरी को मौत हो गयी है। घटना के 48 घंटे बीत गए हैं। परिजन शव लाने के लिए लगातार गुहार लगा रहे हैं। जिला प्रशासन, केन्द्र एवं झारखंड सरकार से गुहार लगायी है। इस बीच घटना की सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी मेदिनीनगर के मुस्लिम नगर स्थित मृत युवक के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। उन्हें सांत्वना दिया। उन्होंने कहा कि हम परिवार के साथ हैं और उनकी पूरी कोशिश होगी कि सद्दाम की डेड बॉडी को डालटनगंज लाई जाए। पूर्व मंत्री ने झारखंड के श्रम मंत्री से बात की और फिर भारतीय दूतावास के माध्यम से डेड बॉडी मंगाने के लिए जरूरी पहल करने की बात कही। इधर परिजनों ने रविवार को पलामू के श्रम अधीक्षक को आवेदन देकर घटना की पूरी जानकारी दी है और डेड बॉडी मंगवाने के साथ-साथ प्रभावित परिवार को मुआवजा देने का आग्रह किया है। मृतक की पत्नी हेना परवीन ने कहा है कि सद्दाम ही परिवार में एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। जुलाई 2024 को मजदूरी करने के लिए सऊदी अरब की कंपनी में नियमानुसार गए हुए थे। अचानक 17 जनवरी को उनकी मौत हो गई।

### जंगली जानवर के शिकार के लिए लगाया गया बम फटा, चरवाहे के एक हाथ की तीन उंगलियां उड़ी



**एजेंसी । पलामू:** पलामू में बम की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। बम मवेशी के शिकार के लिए लगाया गया था, मगर मवेशी चराने गया व्यक्ति के हाथ में बम फट गया। बम से जगदीश बैठा के हाथ की तीन उंगलियां उड़ गई हैं। घटना नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र की रिसियप्पा गांव के जंगल में शनिवार की देर शाम हुआ। जगदीश अपने मवेशियों को लेकर जंगल में चराने गया था। इसी क्रम में जंगल में वह जिस स्थान पर बैठा था वहां पलाश के पत्ता का ढेर था। पत्तों पर हाथ रखने के साथ ही विस्फोट हो गया। जख्मी हालत में जगदीश अपने घर पहुंचा तो लोगों को घटना की जानकारी हुई। परिजन उसे इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। रविवार को प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। नौडीहा बाजार के थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने रविवार को बताया कि जंगली जानवर के शिकार के लिए किसी ने बम लगाया था। लेकिन बम की चपेट में ग्रामीण आ गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और बम लगाने वाले व्यक्ति का पता लगा रही है। जंगली इलाकों में जानवरों के शिकार के लिए लोग देसी बम का इस्तेमाल करते हैं। कई बार जंगली स्थानीय ग्रामीण इसके चपेट में आ जाते हैं।

### पलामू मेडिकल कॉलेज का सदर एसडीओ ने किया जांच, शराब और गांजा बरामद



**एजेंसी । पलामू।** पलामू में स्थित मेदिनीनाराय मेडिकल कॉलेज में प्रशासन ने शनिवार रात छापेमारी की। इस कार्रवाई से मेडिकल के स्टूडेंट आक्रोशित हो गए और घंटों प्रदर्शन किया। सदर एसडीओ सुलोचना मीणा पुलिस बल के साथ पोखराहा में मेडिकल कॉलेज पहुंचीं। उन्होंने गर्ल्स और बॉयज हॉस्टल को खंगाला। इस दौरान हॉस्टल के कमरे से आपत्ति जनक सामान बरामद हुए। रविवार दोपहर तीन बजे एसडीओ ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में विधि व्यवस्था और नशेबाजी को लेकर जानकारी मिली थी। इसके बाद दंडाधिकारी की मौजूदगी में मेडिकल कॉलेज को खंगाला गया। मेडिकल के स्टूडेंट ने जांच में सहयोग नहीं किया। कई कमरों को अंदर से बंद कर दिया गया, जिसे खुलवाने पर भी नहीं खोला गया। जांच के दौरान छात्रों के कमरे से नशीले पदार्थ मिले हैं। गांजा और शराब के बोतल बरामद हुए हैं। लड़कों के कमरे से लड़कियों के कपड़े मिले हैं। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल का कहना है कि विद्यार्थियों पर अब तक कोई रोक टोक नहीं था। उन्होंने कड़ाई की है तो विद्यार्थी उन पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। इस कार्रवाई से आक्रोशित विद्यार्थियों ने प्रिंसिपल को घेर कर हंगामा किया।

# रांची से प्रयागराज महाकुंभ के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू, रक्षा राज्य मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी । रांची**





रेलवे ने रांची से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए रविवार से स्पेशल ट्रेन संख्या 08067 की शुरुआत की है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची रेलवे स्टेशन से टूंडला के लिए महाकुंभ स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाकुंभ स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। उन्होंने उनसे झारखंड की सुख-समृद्धि के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगने का भी आग्रह किया। साथ ही श्रद्धालुओं से अपील की कि महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद वे मां गंगा से राज्य के विकास के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के और अधिक शक्तिशाली और दीर्घायु होने का आशीर्वाद मांगें। उन्होंने महाकुंभ के सुखद संयोग और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व की भी सराहना की। राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने महाकुंभ के लिए रांची से स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। इस दौरान राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, रांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक सीपी सिंह और हटिया डीआरएम जसमीत बिंद्रारांची सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। उल्लेखनीय है रांची के सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रयागराज महाकुंभ मेले के लिए रांची रेल मंडल से ट्रेन का परिचालन करने को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर उनसे चर्चा की थी। साथ ही उनसे आग्रह किया था कि कुंभ ट्रेनों का परिचालन रांची के रूट से किया जाए। इससे रांची, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, कोडरमा, चतरा, लातेहार, पुरुलिया, जमशेदपुर और सरायकेला-खरसावां सहित कई जिलों के लोग कुंभ की यात्रा कर सकेंगे। इसके बाद प्रयागराज में 28 फरवरी तक होने वाले महाकुंभ में रांची से जाने वाली सभी ट्रेनों में "नो रूम" होने के कारण श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने रांची से 10 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू करने का निर्णय लिया था। इसी के तहत टूंडला एक्सप्रेस को रांची होते हुए प्रयागराज के लिए रवाना किया गया।

**इन ट्रेनों का होगा परिचालन**

- भुवनेश्वर से टूंडला (08425) कुंभ मेला स्पेशल 22 जनवरी, 5 फरवरी, 19 फरवरी और 25 फरवरी।
- टूंडला से भुनेश्वर (08426) कुंभ मेला स्पेशल 24 जनवरी, 7 फरवरी, 21 फरवरी और 28 फरवरी।
- टिटिलागढ़ से टूंडला (08314) कुंभ मेला स्पेशल 16 जनवरी, 23 जनवरी, 6 फरवरी, 20 फरवरी और 25 फरवरी।
- टूंडला से तितलागढ़ (08313) कुंभ मेला स्पेशल 18 जनवरी, 25 जनवरी, 8 फरवरी, 22 फरवरी और 1 मार्च।
- तिरुपति से बनारस (07107) कुंभ मेला स्पेशल 18 जनवरी, 8 फरवरी, 15 फरवरी और 22 फरवरी।
- बनारस से विजयवाड़ा (07108) कुंभ मेला स्पेशल 20 जनवरी, 10 फरवरी, 17 फरवरी और 24 फरवरी।
- नरसापुर से बनारस (07109) कुंभ मेला स्पेशल 26 जनवरी, 2 फरवरी।
- बनारस से नरसापुर (07110) कुंभ मेला स्पेशल 27 जनवरी और 3 फरवरी।

इन ट्रेनों का कुल परिचालन 38 बार होगा। यह सभी ट्रेनें रांची से होकर गुजरेगी।

## रांची के ब्रह्मकुमारी विवि में मनाया ब्रह्म बाबा का 56वां स्मृति दिवस



**एजेंसी । रांची**

शहर के पिठौरिया के नवा टोली स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रविवार को संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्म बाबा का 56वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र संचालिका बीके राजमती ने ब्रह्म बाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा ने मानव मात्र के जीवन को सुखी बनाने के लिए कई प्रेरणाएं दी हैं। बाबा की शिक्षाएं मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत लाभदायक सिद्ध हुई हैं और आज पूरे विश्व में ब्रह्म बाबा की शिक्षा के जरिये लाखों लोगों ने अपना जीवन सुखमय बनाया है। युवा समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि ब्रह्म बाबा एक आध्यात्मिक प्रणेता थे, जो लोगों के जीवन से अवगुणों को छुड़ाने के मार्गदर्शक बने। समाजसेवी सह बाड़ू पंचायत के सरपंच अशोक उरांव ने जीवन में आध्यात्मिकता को अपनाने की बात कही। समाजसेविका संपति देवी ने भी अनुभव साझा किया और ब्रह्म बाबा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर संस्था की उर्मिला देवी, लीला देवी, कविता सेन और किरण देवी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## रांची में रक्षा राज्य मंत्री ने सफाई कर्मियों के साथ सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**एजेंसी । रांची**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 118वें एपिसोड को रविवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने आवास पर सैकड़ों सफाई कर्मचारियों के साथ सुनी। इसके बाद उन्होंने विभिन्न वार्डों के सफाई कर्मियों के बीच कंबल का वितरण किया। सेठ ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणादायक बातें सुनकर हम सब को एक ऊर्जा प्राप्त होती है और उसी ऊर्जा के साथ हम लोग आगे काम कर पाते हैं। हमारे देश के ऐसे होनहार जो अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करते हैं उसे जानने का मौका मिलता है। देश में कुंभ का आयोजन हो रहा है। इस कुंभ की व्यवस्था की पूरे विश्व में सराहना हो रही है। इसे जानने का मौका मिल रहा है। सेठ ने कहा कि स्टार्टअप और भारतीय स्पेस डॉकिंग ऐसे कई उत्कृष्ट कार्य, जो आज भारत विश्व के चौथे नंबर पर है, ऐसी गाथाओं को सुनकर पूरा देश गौरवान्वित महसूस करता है। रेडियो के मन की बात के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को भारत की गाथा को जानने का अवसर मिलता है। वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत बनाने का सपना और कैसे भारत सर्वश्रेष्ठ भारत बने, इन सभी गाथाओं को सुनने का अवसर मिलता है। सेठ ने कहा कि आज पंडरा मंडल सुखदेव नगर मंडल के सैकड़ों सफाई कर्मियों के साथ मन की बात सुनने का अवसर प्रदान हुआ। इस मौके पर भाजपा के कई नेता मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम एक भारत-श्रेष्ठ भारत की गाथा है : बाबूलाल मरांडी





**एजेंसी । रांची**

भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने रविवार को प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं और आम लोगों के साथ बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सुनी। प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रांची महानगर के बरियातू मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ पीएम के मन की बात सुनी। इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम एक राजनीतिक संबोधन नहीं, बल्कि यह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की गाथा है। विविध क्षेत्रों की महत्वपूर्ण जानकारियों से परिपूर्ण यह संविधान आमजन को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि आज के संबोधन में भारत की सांस्कृतिक विरासत और विकास की चर्चा हुई है। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास की गाड़ी अपनी विरासत को सहेजते और संवारते हुए आगे बढ़ रही है। मरांडी ने कहा कि संविधान सभा में दिए गए देश के महापुरुषों के संबोधन ने आमजन को संविधान की मूल भावनाओं से परिचित कराया। विरासत पर गर्व करने के अवसर दिए। स्टार्टअप की चर्चा ने युवाओं को नए-नए क्षेत्र से अवगत कराया। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं सांसद दीपक प्रकाश ने हरमू मंडल में कार्यक्रम को सुना। प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर पार्टी के प्रदेश, जिला मंडल के पदाधिकारियों, सांसदों, विधायकों एवं कार्यकर्ताओं ने एक साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम सुनने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा और मनोज कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

## गिरिडीह एसपी ने खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र में की रात्रि गश्त




**एजेंसी । गिरिडीह**

पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार लगातार शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने शनिवार की रात खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र में गश्त की। इस दौरान देर रात उन्होंने धनवार थाने का औचक निरीक्षण किया। साथ ही सड़कों पर मिलने वाले लोगों से पूछताछ भी की। इसके बाद एसपी गिरिडीह-जमुआ पथ पर निकल पड़े। रास्ते में पड़ने वाले हिरोडीह थाने का भी निरीक्षण किया। उन्होंने काफ़ी समय मंडरो बाजार और कोदबरी चौक पर बिताया। इस दौरान उन्होंने हीरोडीह थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हीरोडीह पुलिस से आवश्यक जानकारी ली। गश्त के दौरान एसपी ने देर रात ही देवरी के कई इलाकों का भी निरीक्षण किया। गश्ती के दौरान मिलने वाले पुलिस अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए।

## झारखंड में एक बार फिर शुरू होगा एकलव्य और आश्रम विद्यालय : चमरा लिंडा

**एजेंसी । रामगढ़**



झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा हजारीबाग जाने के दौरान रविवार को रामगढ़ के मांडू में रुके। यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए चमरा लिंडा ने कहा कि झारखंड में एक बार फिर एकलव्य विद्यालय और आश्रम विद्यालय की शुरुआत की जाएगी। जिन स्थानों पर पहले से इन विद्यालयों का निर्माण हो चुका है, वहां पढ़ाई अभी बंद है। लेकिन सरकार योजनाबद्ध तरीके से उन विद्यालयों में शिक्षा देने की शुरुआत करेगी। आदिवासी समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा उपलब्ध हो, इसके लिए हेमंत सोरेन की सरकार ने पहले भी बड़े फैसले लिए हैं। यहां के बच्चों को पढ़ने के लिए इंग्लैंड भेजने का फैसला भी सरकार ने लिया है। कई बच्चे स्कॉलरशिप पर वहां पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन देश में भी झारखंड के बच्चे बेहतर सेवा दे सकें, इसलिए यूपीएससी, इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई के लिए भी सरकार योजना बना रही है। यूपीएससी की तैयारी करने के लिए दिल्ली में शिक्षा उपलब्ध कराया जाएगा। रांची में भी नीट, आईआईटी के तहत इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई छात्रों को कराई जाएगी। इन सभी मुद्दों पर विभाग अपनी योजना तैयार कर रहा है।

## अपहरणकर्ता अमित ने बहन को पास कराने के लिए धनंजय को दिए थे दो लाख रुपए: एसपी

**एजेंसी । रामगढ़**



रामगढ़ शहर के बाजारटांड़ में एक ठेकेदार धनंजय कुमार सिंह के अपहरण कांड पर एसपी अजय कुमार ने नया खुलासा किया है। रविवार को संवाददाता सम्मेलन में एसपी ने बताया कि अपहरणकर्ता अमित ने वर्ष 2017 में धनंजय कुमार को दो लाख रुपए दिए थे। इतनी मोटी रकम उसने अपनी बहन की परीक्षा पास कराने के लिए धनंजय को दिया था। क्योंकि धनंजय ने उसे शिक्षा विभाग में अच्छी पैठ होने की बात कही थी। जब उसकी बहन परीक्षा पास नहीं कर पाई, तब अमित ने धनंजय से दो लाख रुपए मांगना शुरू किया। पिछले आठ वर्षों में जब धनंजय ने उसे वह रुपए नहीं दिए, तब अमित ने अपहरणकर्ता और फिरौती मांगने की योजना बनाई। रामगढ़ शहर के बाजारटांड़ में कुलदीप साहू के घर में वह किराए पर रुका। यहां सांडी निवासी रवीश मुंडा के साथ मिलकर अपहरण की योजना बनाई। रवीश मुंडा कोयला का कारोबारी था। इसीलिए धनंजय को इन लोगों ने कारोबार का ही झांसा दिया। 18 जनवरी को जब धनंजय रामगढ़ पहुंचा तो रवीश और अमित ने उसे इस किराए के मकान में बंधक बनाकर रखा। इस दौरान उसकी कनपटी पर बंदूक तानी। पहले तो उसके मोबाइल से एक लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करने की कोशिश की गई। लेकिन नहीं होने पर 50 हजार रुपए फोन पे के माध्यम से ट्रांसफर किया गया। साथ ही नगद चार हजार ही उन लोगों ने छीन लिए। इस दौरान धनंजय को नशे का इंजेक्शन भी दिया गया, ताकि कुछ दस्तावेज पर हस्ताक्षर कराया जाए। धनंजय कुमार को कमरे में बंद कर अमित और रवीश जब बाहर निकले तो किसी तरह धनंजय ने अपना हाथ रस्सी से बाहर निकाला। इसके बाद मुंह पर लगे टेप को हटाया और खिड़की से राह चलते लोगों से मदद मांगी। शोर सुनकर लोगों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वह अपराधी घर के बाहर ही मौजूद था। रवीश और अमित को पुलिस ने मामले में गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से पुलिस ने नाइन एमएम पिस्टल, छह जिंदा गोली, नशीला इंजेक्शन बरामद किया है।

## संक्षिप्त समाचार

## पुरी धाम के लिए कसमार से तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

**संवाददाता। बोकारो** : कसमार प्रखंड के कसमार, खैराचातर, गर्री, तेलमुंगा समेत अन्य गांव से 54 तीर्थयात्रियों का जत्था रविवार को कसमार से रवाना हुआ। इस दौरान यात्रा के संचालक विकास पाल एवं संजय मुखर्जी ने बताया कि कसमार से पुरी के लिए 6 दिवसीय तीर्थयात्रा में यात्रियों को पुरी धाम के अलावा पुरी के अन्य दर्जनों मंदिरों समेत चंद्रभागा, धौलागिरि, खंडगिरि, कोणार्क सूर्य मंदिर, नंदन कानन, भुवनेश्वर लिंगराज मंदिर समेत अन्य कई तीर्थों की यात्रा कराई जाएगी। विकास पाल ने बताया कि फरवरी माह में पुनः 8 फरवरी को कसमार से तीर्थयात्रियों का जत्था प्रयागराज में कुंभ स्नान व अयोध्या एवं काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन हेतु जाएगी। इस दौरान सभी तीर्थयात्रियों ने जय जगन्नाथ के जयकारे के साथ यात्रा की शुरुआत की। मौके पर भवतोष बनर्जी, संजय मुखर्जी, विकास पाल, झरी महतो, अंबिका मुखर्जी, दीनबंधु पाल, गोपाल पाल, विश्वनाथ सेन, तारकेश्वर सेन, दीनबंधु सेन, दीनानाथ गोसाई, सुबोध दत्ता, डॉ अवनीश कुमार झा समेत अन्य तीर्थयात्री मौजूद थे।




## वाहन जांच अभियान चलाकर मोटरयान निरीक्षक ने वसूला 03.25 लाख जुर्माना

**संवाददाता। बोकारो** : राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंड्राजोरा चेकपोस्ट पर परिवहन विभाग द्वारा रविवार को चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 03.25 लाख का जुर्माना वसूल किया गया। उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना सेजवलकर एवं मोटरयान निरीक्षक कमल किशोर द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाकर मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 24 वाहन से 03.25 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया। पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंड्राजोरा चेकपोस्ट पर कुल 76 वाहनों की जांच की गई। डीटीओ एवं एमवीआई के संयुक्त नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत रिफ्लेक्टिव टेप, ओवरलोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 24 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया।




## बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की नगर प्रशासन सीजीएम से हुई वार्ता

**संवाददाता। बोकारो** : बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की ओर से बोकारो प्रबंधन को पूर्व में दिये गये 21 सूत्री मांग पत्र के आलोक में प्रथम चरण की हुई वार्ता में बोकारो इस्पात संयंत्र, नगर प्रशासन के अधिकारियों में जीएम चावला, आर के पात्रो, विक्रम भादिया, लम्बोदर उपाध्याय, दीवार शरण, अविनाश कुमार आदि अन्य विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। संघ की ओर से वार्ता में मुख्य रूप से अध्यक्ष तारकेश्वर महतो, तारा बाबू, महामंत्री सुमन सिंह, संयुक्त महामंत्री आशा देवी, कार्यालय सचिव गंगेश कुमार पाठक, उपाध्यक्ष नवीन सिंह, देवेन्द्र कुमार, सुरेश कुमार, राम सागर शर्मा, आशीष कुमार, सुमित सिंह, मिथुन कुमार आदि बीएसएल कामगार शामिल थे। इस दौरान 10 विषयों पर चर्चा हुई, जिसमें सहमति एवं असहमति बनी हुई। संघ की मुख्य मांगों में एस 3 से सभी ऊपर के कर्मचारियों को डी टाइप आवास, आवासों का आंतरिक एवं बाहरी अनुरक्षण, सिवरेज सिस्टम को दुरुस्त करना एवं उसकी सफाई की समुचित व्यवस्था, सेक्टरों में निर्बाध बिजली एवं जलापूर्ति की व्यवस्था, क्वार्टरों के पानी टंकी को अविलंब दुरुस्त कराने की बातें रखी गईं। संघ के महामंत्री सुमन सिंह ने प्रबंधन से कामगारों के काम को प्राथमिकता के आधार पर करने की बात कही।



## चित्रगुप्त परिवार का मिलन समारोह आयोजित

**संवाददाता। बोकारो** : बोकारो के सिटी पार्क में चित्रगुप्त परिवार की ओर से वनभोज सह- मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विभिन्न खेलों में बच्चों ने भाग लिया। वक्ताओं ने समाज के विकास और शिक्षा पर विशेष बल दिया। कहा कि शिक्षा ही हमारी पूंजी और पहचान है। समाज में एक दूसरे से मित्रवत व्यवहार कर आगे बढ़ने के सहयोग करने की अपील की गई। मिलन समारोह में सर्वसम्मति से 9 मार्च को होली मिलन कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। मौके पर संजय सिन्हा, सुनील श्रीवास्तव, आर के सिन्हा, मुकेश कुमार, राहुल सिन्हा, तरुण श्रीवास्तव, रोहित कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



## पदोन्नति के बाद थाना में विदाई समारोह का आयोजन



**संवाददाता। बोकारो थर्मल** : बोकारो थर्मल थाना के अवर निरीक्षक बीरेंद्र हांसदा का इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नति के साथ मुसाबनी स्थित प्रशिक्षण केंद्र तबादला किया गया है। पदोन्नति के बाद तबादला किये जाने को लेकर रविवार को स्थानीय थाना में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता थाना प्रभारी सह- इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह ने की। समारोह को थाना प्रभारी सहित अवर निरीक्षक अजीत कुमार, भागीरथ महतो, धनंजय सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सअनि अरविंद मेहता आदि ने संबोधित करते हुए उनके क्रियाकलाप की चर्चा करते हुए उनके आगे के भविष्य एवं नये उत्तरदायित्व की कामना की। मौके पर अनि दीपक कुमार पासवान, जी बानरा, सअनि पंकज कुमार भारद्वाज, मनोज मंडल, राजेंद्र प्रमाणिक सहित सभी जवान एवं कर्मी मौजूद थे।

# खैराचातर में प्रहरी मेला का मनाया जाएगा रजत जयंती समारोह

### 10 से 17 मार्च तक होगा आयोजन, कई तरह के कार्यक्रम होंगे आयोजित

संवाददाता।

**बोकारो** : कसमार प्रखंड के खैराचातर में भूतपूर्व सरपंच स्वर्गीय सुरेश कुमार जायसवाल की पुण्यतिथि पर सामाजिक सांस्कृतिक जागरूकता के लिए 10 से 17 मार्च तक आयोजित होने वाले प्रहरी मेला को लेकर रविवार को खैराचातर स्थित महिला प्रशिक्षण केंद्र में प्रहरी मेला कमेटी की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता उमेश कुमार जायसवाल एवं संचालन दीपक सवाल ने किया। बैठक में इस बार प्रहरी मेला के 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में मेला के रजत जयंती समारोह को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मेला के उद्घाटन अथवा समापन सत्र में बॉलीवुड के किसी सेलिब्रिटी का कार्यक्रम लेने को लेकर भी चर्चा हुई। इसके अलावा मेला में प्रत्येक दिन शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि जैसे विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम तथा प्रत्येक रात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय हुआ कि इस बार खैराचातर एवं इसके आसपास की दस पंचायतों में प्रहरी मेला कमेटी की पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन होगा, जिसकी मेला के संचालन में विशेष भूमिका रहेगी। मेला के अवसर पर प्रहरी कप क्रिकेट टूर्नामेंट, फुटबॉल टूर्नामेंट व वॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान मेला के सफल संचालन के लिए मेला कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इसके तहत कुलदीप करमाली अध्यक्ष, नीरज भट्टाचार्य व राकेश कुमार साव उपाध्यक्ष, संजय कुमार जायसवाल सचिव, रोमेल अंसारी व अशोक कालिंदी उपसचिव, पंकज कुमार जायसवाल कोषाध्यक्ष, उपेंद्र कुमार जायसवाल उपकोषाध्यक्ष, रामसेवक जायसवाल व दीपक सवाल व्यवस्थापक तथा प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम, घनश्याम महतो, तपन कुमार झा, राजेश कुमार राय, अशोक कुमार सिंह, उमेश कुमार जायसवाल, किशोर कांत, शेखर शरदेंदु, शंकर सिंह, सुनील कपरदार, डॉ जीतलाल महतो, संजय सिंह, भुवनेश्वर महतो, रणदेव कुमार मुर्मू, सिद्धेश्वर प्रजापति, मनोहर मुंडा, सूरज जायसवाल, सुफल चंद्र महतो, कपिलेश्वर महतो, जयंत जायसवाल, नागेश्वर महतो आदि संरक्षक, रमेश चंचल, सौरभ कुमार राय, प्रेमचंद कालिंदी व जितेंद्र पाहन खेल प्रभारी तथा राहुल कुमार महतो, सृष्टिधर महतो, चंद्र किशोर महतो, विष्णु जायसवाल, सरोज महतो, कुलदीप महतो, अनीश जायसवाल, प्रियतम जायसवाल, सौरभ जयसवाल, मनोज महतो, विवेक जायसवाल, यूनुस अंसारी, धीरज भट्टाचार्य, संदीप राय, विमल राय, भोला कपरदार, सुंदरलाल घांसी, विपिन राय, अभिषेक जायसवाल, अविनाश राय, सुरेश कालिंदी, छत्रु महतो, दिलीप शर्मा, रथू महतो, नित्यानंद महतो, शिबू देव सोरेन, सुबोध सोरेन, रमेश हेंब्रम, जितेन दे, विनीत दे, गुनेंद्र महतो, अमृत महतो, उत्तम ठाकुर, विवेक शर्मा, विजय कपरदार, अमित जायसवाल, प्रेमजीत जायसवाल, सुनील जायसवाल, छुटु कपरदार, भूषण महतो, गणपति महतो, तीर्थनाथ महतो आदि कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं।



## सिंहपुर में चलंत लोक अदालत में ग्रामीणों को दी कई जानकारी

संवाददाता।

**बोकारो** : सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं बोकारो प्रधान जिला जज के निर्देश पर कसमार प्रखंड के सिंहपुर पंचायत सचिवालय में रविवार को चलंत लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राजेश रंजन कुमार ने लोगों को सरकार के द्वारा मिलने वाले योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारियां दी। उन्होंने मनरेगा संबंधित भी जानकारियां देते हुए बताया कि सरकार के द्वारा किस तरह से लाभ मिल रहा है और उसका लाभ किस तरह उठाएं। घरेलू हिंसा के बारे में भी जानकारियां देते हुए बताया कि इससे कैसे बचा जा सकता है और उसकी शिकायत कहां-कहां दर्ज कराया जा सकता है। हक और अधिकार, जमीन विवाद संबंधी सहित कानून की कई जानकारियां लोगों को दी गयी। इस दौरान मंच संचालन कर रहे अधिवक्ता सुभाष कटरियार ने भी ग्रामीणों को डायन प्रथा, दहेज प्रथा सहित कई कानून की जानकारियां दी। वहीं प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राजेश रंजन कुमार, अधिवक्ता सुभाष कटरियार एवं मुखिया मंजू देवी के द्वारा वृद्ध महिलाओं के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर दीपक कुमार गुप्ता, अतिशय कुमार, उप मुखिया तुलसीदास महतो, सविता देवी, चारु बाला देवी, पूर्णिया देवी, सुनीता देवी, भीमा देवी, बृजमोहन महतो, रूपेश कुमार शर्मा, माधुरी देवी, पार्वती देवी, संजोती देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।



## सड़क पार करने के लिए शॉर्टकट और आसान विकल्प खतरनाक : मोटरयान निरीक्षक



संवाददाता।

**बोकारो** : भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत रविवार को बोकारो में यातायात नियमों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने और सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों को कम करने को लेकर जिले के विभिन्न चौक चौराहों सहित अन्य स्थानों पर साइकिल चालकों और पैदल यात्रियों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस जागरूकता का मुख्य उद्देश्य लोगों के दुर्घटनाओं में शामिल होने के जोखिम को कम करना है। इस दौरान मोटरयान निरीक्षक अभय चौधरी ने बताया कि सड़क पार करने के लिए मुख्य रूप से ज़ेबरा क्रॉसिंग, फुटओवर ब्रिज का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही, सड़क पार करने के लिए शॉर्टकट और आसान विकल्प खतरनाक है और इनका सहारा नहीं लिया जाना चाहिए। जहां भी फुटपाथ की सुविधा हो, उसका उपयोग करें। जहां फुटपाथ की अलग से व्यवस्था नहीं है, वहां सड़क के दाईं ओर आने वाले यातायात का सामना करते हुए चलें। सात वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सड़क पर अकेले न चलने दें। यह सुनिश्चित किए बिना कि ऐसा करना सुरक्षित है, सड़क पर कदम न रखें। उन्होंने कहा कि इन उपायों का पालन करने से दुर्घटनाओं, चोटों और संपत्ति को नुकसान की संभावना काफी कम हो जाती है। इस दौरान उनके साथ जिला सड़क सुरक्षा समिति के गोविंद सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 12 फरवरी को होगा युवा लायंस फोर्स का मिलन समारोह : देव शर्मा

संवाददाता।

**बोकारो** : युवा लायंस फोर्स की बैठक आवासीय कार्यालय बोदरो में हुई, जिसकी अध्यक्षता विजय दास ने की और संचालन संजय शर्मा ने किया। इसमें मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह- युवा लायंस फ़ोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा शामिल हुए। बैठक में सैकड़ों युवाओं, मजदूरों, समाजसेवियों एवं युवा लायंस फोर्स के नेता और कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से 12 फरवरी दिन बुधवार को बोदरो में युवा लायंस फोर्स का वनभोज सह- मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया। साथ ही, उसी दिन युवा लायंस फोर्स का सदस्यता अभियान की भी शुरुआत की जायेगी। देव शर्मा ने कहा कि युवा लायंस फोर्स एक सामाजिक संगठन है, जिसमें बोकारो जिला शहरी, ग्रामीण, सेक्टर, चास चंदनकियारी समेत जिले के सभी विधानसभा में सक्रिय सदस्य हैं। यह संगठन बेरोजगार एवं मजदूर वर्ग के लोगों के साथ हमेशा खड़ा रहता है। साथ ही समय-समय पर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करती है, जिसमें हजारों के तादाद में मजदूर, युवा एवं समाजसेवी शामिल होते हैं।

बैठक में युवा नेता देव शर्मा ने कहा कि मैं दिन-रात दबे-कुचले एवं मजदूर वर्ग के लोगों के लिए खड़ा रहता हूं और आगे भी रहूंगा। हमारा संगठन 15 वर्षों से हर क्षेत्र में सक्रिय रहा है। इसी का परिणाम है कि आज हजारों बेरोजगार युवाओं को युवा लाइंस फोर्स ने रोजगार दिलाने का काम किया है। राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी है। मजदूर एवं बेरोजगार लोगों के लिए 2025 एक बड़ा ही अवसर का वर्ष होगा। श्री शर्मा ने कहा मजदूर को न्याय एवं बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए इस वर्ष में सुनियोजित ढंग से आंदोलन करूंगा एवं हजारों युवाओं को रोजगार दिलाने का हर संभव प्रयास करूंगा। मौके पर सैकड़ों युवा लायंस फोर्स के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।



## बोकारोः महिला की गला घोंटकर हत्या, शव रेलवे खंडहर के पास मिला



संवाददाता।

**बोकारो** : बालीडीह थाना क्षेत्र में एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी गई और शव को रेलवे स्टेशन के समीप एक खंडहरनुमा आवास के पास फेंक दिया गया। मृतका की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

घटना की सूचना मिलते ही मुख्यालय डीएसपी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। घटनास्थल की घेराबंदी कर हत्या के कारणों और अपराधियों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और एफएसएल टीम को बुलाया गया है।

डीएसपी ने कहा कि हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा

## स्व राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में शोएब इलेवन की टीम चैंपियन

संवाददाता।

**बोकारो थर्मल** : बोकारो थर्मल गोविंदपुर एफ पंचायत अंतर्गत राजाबाजार क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह मेमोरियल दस दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में शोएब इलेवन राजा बाजार की टीम ने राजा बाजार के ही ब्रदर्स इलेवन की टीम को 28 रनों से हराकर फाइनल मैच का खिताब जीत लिया। इसके पूर्व दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा बल्लेबाजी कर मैच का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ने किया। उन्होंने कहा कि अपने पिता की याद में कमेटी द्वारा करवाये जा रहे प्रत्येक वर्ष मैच को वह हरसंभव मदद करेंगे। कहा कि जल्द ही ग्राउंड की चहारदीवारी करवाई जाएगी। उन्होंने राजा बाजार के लिए एक ट्रांसफार्मर अपने निजी मद से देने की भी घोषणा की। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए शोएब इलेवन की टीम ने 6 विकेट खोकर 141 रन बनाए। जवाब में ब्रदर्स इलेवन की टीम 10 ओवर में 7 विकेट पर मात्र 113 रन ही बना पाई। बेरमो विधायक ने दोनों ही टीमों के कप्तान शाहिद रजा, अशोक एवं खिलाड़ियों को विजेता एवं उप विजेता का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ताबिश को दिया गया, जबकि मैन ऑफ द सीरिज का खिताब 19 बॉल पर 51 रन बनाने वाले राहुल को दिया गया। मौके पर कांग्रेस नेता जोगेंद्र गिरि, भाकपा नेता मो शाहजहां, गोविंदपुर बी पंचायत के मुखिया चंद्रदेव घांसी, सी के मुखिया विकास सिंह, सुषमा कुमारी, सदर कलीमुद्दीन, शोएब अनवर आदि थे। मैच के सफल आयोजन में मुफ्ती शहाबुद्दीन, कमेटी के अध्यक्ष वाजिद हुसैन, उपाध्यक्ष एमडी, सचिव मो जनाब, सह सचिव मो शाहिद रजा, कोषाध्यक्ष मो साबिर अंसारी, मो तौहीद आदि की मुख्य भूमिका रही।




## ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में बढ़ती महिला हिंसा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### सहयोगिनी संस्था ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता।

**बोकारो** : ऑनलाइन माध्यम में बढ़ते महिला हिंसा पर रविवार को सहयोगिनी संस्था की ओर से कसमार के टांगटोना पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था की सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि तकनीक का दुरुपयोग कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में लड़कियों तथा महिलाओं पर हिंसा की संख्या बढ़ती जा रही है। जिसे जन जागरूकता के माध्यम से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा डिजिटल प्लेटफार्म में महिलाओं पर ज्यादा प्रहार हो रहा है। साइबर अपराधी महिला को टारगेट कर परेशान कर रहे हैं। जिस पर अंकुश लगाना जरूरी है। रिसोर्स पर्सन संगीता देवी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लड़कियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का सबसे आसान तरीका मोबाइल हो गया है। जिससे हमें सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि कसमार प्रखंड के बगदा, दुर्गापुर, टांगटोना एवं खैराचातर पंचायत के 19 गांव में इससे संबंधित जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। मौके पर सहयोगिनी की उत्प्रेरक रेखा देवी,किशोरी क्लब की खुशबू कुमारी, उर्मिला कुमारी, सोनिया कुमारी, पूजा कुमारी व अन्य किशोरी उपस्थित थी।



# सड़क जाम है कि मानता नहीं , विभाग है कि कुछ करता नहीं







**पाकुड़** : यह फोटो देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कितना जाम है और कितनी देर तक जाम रही होगी यह 1 दिन की बात नहीं है यह प्रतिदिन की बात है यह तस्वीर न्यायालय परिसर के सामने मुख्य सड़क की है जहां मुख्य सड़क के दोनों तरफ न्यायालय में कार्य करवाने आ रहे हैं लोगों के द्वारा मोटरसाइकिल लगा दिया जाता है जबकि नगर परिषद द्वारा अनुमंडल न्यायालय परिसर में वाहन पड़ाव का भी व्यवस्था किया गया है बावजूद इसके वाहन पड़ाव क्षेत्र में किसी प्रकार का कोई वहां न रखते हुए कार्य करवाने आ रहे लोगों के द्वारा मुख्य सड़क के निकट ही अपने वाहनों को खड़ा कर देते हैं एवं नो एंट्री खुलते ही प्रतिदिन न्यायालय परिसर के सामने आधे - आधे घंटे तक जाम लग जाता है जिससे पाकुड़ के लोगों को परेशानी का सामना करना ही पड़ता है साथ ही न्यायालय परिषर में कार्यरत अधिवक्ता व अधिवक्ता लिपिकों को भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है सड़क से इस पार उस पार करने में काफी दिक्कतें होती है जो कार्य करने आते हैं उन्हें भी काफी दिक्कत होती है न जाने विभाग इस पर कब संज्ञान लेगा और कब इस तरह का जाम से लोगों को मुक्ति मिलेगी ।

## इंसानियत फाउंडेशन के सकीर्य सदस्य मुकलेसूर ने 25 वीं वार किया रक्तदान



**पाकुड़** : सोनाजोरी सदर अस्पताल मे इलाजरत कलिकापुर के 55 वर्षीय बुजुर्ग महिला का ऑपरेशन होना है,नगमा बीबी क़ो ओ पॉजिटिव रक्त की आवशयकता पड़ी एवं हिरणपुर के 22 वर्षीय जयंती देवी जो गर्भवती पीड़ित है उन्हें बी पॉजिटिव कमी के कारण इलाज नहीं पा रहा था काफ़ी दिक्कत हो रही थीं डॉक्टर ने रक्त चढ़ाने क़ो कहा । मरीजों के परिजनों ने रक्तदाता खोजने का प्रयास किया लेकिन विफल रहा ।संस्था मे मदद की गुहार लगाई तभी इंसानियत फाउंडेशन के सकीर्य सदस्य चांचकी के मुकलेसुर शेख और अंजना के बासिरुल शेख रक्तदान रक्त अधिकोष जाकर रक्तदान किया ।

परिजनों ने इंसानियत फाउंडेशन का शुक्रिया अदा किया रक्तदाताओ ने कहा कि मैने अपने जीवन मे 25 वीं बार ओ पॉजिटिव रक्तदान किया बहुत अच्छा लग रहा है ज़ब किसी जरूरतमंदो क़ो अपना खून देकर मदद क़र पाते है ।आगे भी जरूरतमंदो के साथ हमेशा खड़ा रहेंगे,मौक़े पर सचिव बानिज शेख,मानारुल शेख, नबाब शेख, सलीम शेख एक्टिव सदस्य राफेज शेख, आफताब आलम, अलाउद्दीन शेख कर्मचारी नवीन कुमार और पियूष दास मौजूद रहे |

## हाजीकुल बने समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष



**पाकुड़** : जिला परिषद के पूर्व सदस्य हाजीकुल आलम को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किशोर यादव ने हाजीकुल को पाकुड़ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस बाबत प्रदेश अध्यक्ष ने हाजीकुल आलम को पत्र देकर समाजवादी पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाए जाने की लिखित अनुमति दी है। साथ ही पाकुड़ जिला में समाजवादी पार्टी के संगठन को मजबूती करने की जिम्मेदारी दी है। इधर हाजीकुल आलम को समाजवादी पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके समर्थक और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है । हाजीकुल ने बताया कि पार्टी ने जो मुझ पर जो विश्वास जताते हुए जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से अपने कर्तव्य को निर्वहन करते हुए पाकुड़ जिला में संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा।

## डीपीएस पाकुड़ में प्रथम प्रवेश परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ संपन्न



**पाकुड़** : दिल्ली पब्लिक स्कूल पाकुड़ में रविवार को सत्र 2025-26 के कक्षा नर्सरी से कक्षा नौवीं + ग्यारहवीं के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। विद्यालय के कोर्डिनेटर सौरीश दत्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हमें यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि "हमारे विद्यालय में आयोजित प्रथम प्रवेश परीक्षा में 95 बच्चों ने भाग लिया है। यह उनकी और उनके अभिभावकों की उत्साह और समर्पण को दर्शाता है।" परीक्षा का परिणाम 25 जनवरी को घोषित किया जाएगा। बच्चों की योग्यता के आधार पर उन्हें नामांकन मिलेगा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य और समस्त स्टाफ ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने बच्चों को उनके प्रयासों के लिए बधाई देते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## सैकड़ो ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर सड़क पर उतरकर किया विरोध प्रदर्शन



**महेशपुर** : प्रखंड के डुमरिया गांव में रविवार को सैकड़ो ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर सड़क पर उतरकर किया विरोध प्रदर्शन । ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी उनके गांव की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है प्रदर्शन में शामिल श्रीमास सोरेन, बेटका मरांडी , बिनाज हेंब्रम , सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान प्रशासन ने सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था दोनों ही चुनाव समाप्त होते ही अधिकारियों ने उसकी मांगों को नजर अंदाज कर दिया ।

ग्रामीणों ने कहा कि पिछले 1 वर्ष से वे सड़क ,बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए आवाज उठा रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि गांव की स्थिति सुधारने के लिए तत्काल कदम उठाया जाए प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि इस बार भी उनकी मांगे नहीं मानी गई तो उग्र आंदोलन करते हुए चक्का जाम करेंगे । स्थानीय प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है ।

## टीपर के धक्के से पोल क्षतिग्रस्त, 1901 पोल क्षतिग्रस्त



**,पाकुड़**: नगर थाना क्षेत्र के मध्यपाड़ा के समीप टीपर वाहन की धक्के से विधुत पोल क्षतिग्रस्त हो गया। घटना शनिवार की प्रातः साढ़े चार बजे की बताई जा रही है। घटना के समय पोल में विधुत संचालित था। आनन-फानन में मोहल्लेवासियों ने इसकी सूचना विधुत विभाग को देकर बिजली आपूर्ति बाधित कराया। घटना की जानकारी नगर थाना पुलिस को दी गई।

पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी हरिदेव प्रसाद मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी है। बताया जा रहा है टीपर डब्लूबी 58डी/0965 पाकुड़ से हिरणपुर ही और जा रहा था। चालक रास्ता भटकर मध्यपाड़ा मोहल्ले तरफ घुस गई। सड़क किनारे लगे विधुत पोल से पीटर का पिछला हिस्सा टकरा गई। जिससे पोल क्षतिग्रस्त हो गया। जेई आशीष पटेल ने कहा कि वाहन के धक्के से पोल क्षतिग्रस्त हो गया है। पोल क्षतिग्रस्त मामले को लेकर वाहन मालिक से जुर्माना वसूला जाएगा। जुर्माना नहीं भरने पर वाहन मालिक के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पोल क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र में घंटों बिजली गुल रही। जिस कारण लोगों को काफा परेशानी हुई।

# डिस्ट्रिक्ट मल्टी स्टेक होल्डर कंसल्टेशन कार्यशाला का हुआ आयोजन



**पाकुड़** : झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह की अध्यक्षता में आज 19 जनवरी 2025 रविवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय मल्टी स्टेक होल्डर कंसल्टेशन कार्यक्रम का आयोजन न्याय सदन पाकुड़ के सभागार में किया गया। जिसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह, सचिव अजय कुमार गुड़िया, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सदिश उज्जवल बेक, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त कार्यक्रम में एमएसीटी, पॉक्सो एक्ट से संबंधित कई बिंदु पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। किसी भी पीड़ित,पीड़िता को न्याय मिल सके इसे लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह ने कहा मामलों का दस्तावेज तैयार करना, मुआवजा की राशि मिलने कानूनी प्रक्रिया को समय सीमा के अंदर सारे रिपोर्ट तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने समेत कई महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा करते हुए अहम दिशा निर्देश दी मेडिकल की टीम से लेकर पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे संवेदनशील मामलों में उपस्थित चिकित्सक अधिकारी , प्रशासनिक अधिकारियों को गंभीरता से अपने जिम्मेवारी निभाने को लेकर कहा गया।कहा कि समाज के प्रति हम सब की जिम्मेवारी है ताकि पीड़ित अथवा परिवार को त्वरित न्याय मिल सके। इसे समय पर करना हमारा कर्तव्य है। थाना प्रभारियों को कहा कि किसी भी मामले को लंबित रखने के बजाय उस पर त्वरित कार्यवाही कर अदालत में जल्द से जल्द अंतिम प्रतिवेदन रिपोर्ट या चार्जशीट दायर कर दी जानी चाहिए जिससे लोगों को त्वरित न्याय दिया जा सके। पॉक्सो एक्ट से संबंधित कई बिंदुओं पर जांच की प्रक्रिया जैसे एफआईआर , दस्तावेज तैयार करने, समय सीमा के अंदर मेडिकल जांच, बयान, समेत कानूनी एक्ट से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। अधिवक्ता सिद्धार्थ शंकर ने एमएसीटी एक्ट पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में मौत की संख्या बीमारी की तुलना में अधिक है। ऐसे में सड़क दुर्घटना के कई पहलुओं पर चर्चा करते हुए एफआईआर, पीड़ित,परिवार को त्वरित न्याय मिल सके इसके लिए समय पर कागजात कोर्ट में जमा होने से मृतकों के परिजनो को मुआवजा राशि मिलने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और समय पर राशि मिल जायेगा। पुलिस पदाधिकारियों को संदेश देते हुए कहा गया कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि सड़क दुर्घटना के मामले में किसी हालत में 48 घंटे के अंदर दुर्घटना सूचना ट्रिब्यूनल को भेज देनी है, साथ ही कहा कि समय पर पुलिस ऐसा कर दे तो मृतक के परिजनों को होने वाली मुश्किलों का सामना नही करना होगा। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सदिश उज्जवल बेक ने कहा कि दुष्कर्म पीड़ितों के अधिकार की सुरक्षा में न्यायपालिका का अहम रोल है। कहा कि नाबालिग से दुराचार के मामले में पुलिस पदाधिकारियों का दायित्व है कि वे चौबीस घंटे के अंदर पीड़िता की मेडिकल जांच कराएं और उसकी उम्र निर्धारण के लिए संबंधित दस्तावेज एकत्रित करें ।समेत कई महत्वपूर्ण बिंदु पर कानूनी प्रक्रिय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही कई विशेष न्यायिक मुद्दे पर चर्चा की गई ताकि पीड़ित को सुरक्षा प्रदान करते हुए समय पर न्याय मिल सके। मौके प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव अजय कुमार गुड़िया,अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सदिश उज्जवल बेक, डीएसपी जितेंद्र कुमार सिविल सर्जन डॉ मंटु कुमार टेकरीवाल, जिले के सभी थाना प्रभारी ,मेडिकल टीम के अधिकारी, मेडिएटर, पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के सभी अधिवक्ता, सीडब्ल्यूसी के सदस्य, इंश्योरेंस कंपनियां के अधिवक्ता पीएलवी मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

## शॉर्ट सर्किट से 2 दुकानों में लगी आग: मोतिहारी में 20 लाख का नुकसान



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी के नगर थाना क्षेत्र के पटेल चौक पर रविवार की सुबह अग्निकांड में दो दुकानें जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना में 20 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। घटना सुबह साढ़े सात बजे की बताई जा रही है। जब आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं निकलते देखा तो दुकान के मालिक संदीप कुमार को सूचना दी। वह रात 11 बजे दुकान बंद करके अपने घर गया था। मौके पर पहुंचते ही उन्होंने फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के कारण उन्हें सफलता नहीं मिली। फायर ब्रिगेड के पहुंचने के बाद ही आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

## सादे रजिस्टर में हस्ताक्षर कराने का लगाया आरोप

**भागलपुर, एजेंसी।** कहलगांव प्रखंड के सदानंदपुर वैसा पंचायत के वार्ड सदस्यों ने सामूहिक हस्ताक्षरित आवेदन मुखिया गोपाल पासवान के खिलाफ प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया है। आवेदन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत की सूचना बिना निर्गत किये, मुखिया के द्वारा बिना प्रोसिडिंग तैयार किये सादे रजिस्टर पर कंबल बांटने के बहाने घर-घर जाकर सभी वार्ड सदस्यों से हस्ताक्षर करा लिया है। शनिवार को सभी वार्ड सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर आवेदन दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि वार्ड सदस्यों ने कहा है कि मुखिया के द्वारा कार्यकारिणी की बैठक नहीं कराई जाती है। गलत ढंग से सादे रजिस्टर में हस्ताक्षर करा लिया गया है। वहीं गोपाल पासवान ने बताया कि आधा दर्जन बार कार्यकारिणी की बैठक के लिए वार्ड सदस्यों को नोटिस निर्गत किए जाने के उपरांत भी वे बैठक में उपस्थित नहीं होते हैं। जिसकी जानकारी पत्र द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी दी गई है।

## बिहार में अतिपिछड़ा समाज के एकमात्र नेता नीतीश कुमार : शीला मंडल

**पटना, एजेंसी।** जदयू कार्यालय में शनिवार को मंत्री शीला मंडल, विधायक मीना कामत व महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सह प्रवक्ता डॉ. भारती मेहता ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता की। शीला मंडल ने कहा कि मंगनी लाल मंडल के आने या जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लोकसभा चुनाव के दौरान भी उनकी सक्रियता शून्य थी। महज दावा करने से कोई कर्पूरी ठाकुर का मानस पुत्र नहीं हो सकता है। बिहार में अतिपिछड़ा समाज के नेता सिर्फ नीतीश कुमार हैं। महिला सशक्तीकरण के लिए सीएम के कार्य की सराहना देश-दुनिया में होती है। उनकी दूरदर्शिता से प्रदेश का अतिपिछड़ा समाज सशक्त और सबल हुआ है। जबकि राजद ने 15 वर्षों के शासनकाल में गरीबों और वंचितों की सुध नहीं ली। मीना कामत ने कहा कि नीतीश कुमार ने मंगनी लाल मंडल को हमेशा सम्मान दिया, पर वे छल करने से बाज नहीं आए। नीतीश कुमार 20 वर्षों से अतिपिछड़ा समाज का नेतृत्व कर रहे हैं और यह अपने आप असाधारण उपलब्धि है। 2025 में नीतीश कुमार ऐतिहासिक बहुमत से पुनः सरकार बनाएंगे। डॉ. भारती मेहता ने कहा कि स्वयं को कर्पूरी ठाकुर का शिष्य बताने वाले मंगनी लाल मंडल आज उन्हीं लालू प्रसाद की गोद में बैठ गए हैं जिन्होंने कर्पूरी ठाकुर के लिए अपनी जीप तक देने से मना कर दिया था। मंगनी लाल मंडल जदयू में पद की लालसा लेकर आए थे और जब पद नहीं मिला तो उन्हें घुटन महसूस होने लगी। सीएम के 19 वर्षों के शासनकाल में सर्वाधिक तरक्की अतिपिछड़ा समाज की हुई है।

# उत्तर प्रदेश के रास्ते पर बिहार को ले जाना चाहते नीतीश कुमार, बीजेपी की गोद में बैठे हैं: दीपांकर भट्टाचार्य

**बेगूसराय, एजेंसी।** भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने शनिवार को कहा कि नीतीश कुमार भाजपा की गोद में बैठकर बिहार को उत्तर प्रदेश के रास्ते पर ले जाना चाहते हैं। यहां लोगों के साथ अंग्रेज शासक जैसा व्यवहार किया जा रहा है। बिहार के छात्र-नौजवान इसका जवाब देंगे। इंसाफ और लोकतंत्र की लड़ाई मजबूत होगी।

मुंगेर से लौटने के दौरान आइसा के जिलाध्यक्ष के घर पर रात में मिलने आए दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि नीतीश कुमार खुद किसी जमाने में छात्र हुआ करते थे। कहते थे कि 1974 आंदोलन के नेता हैं। आज 50 साल के बाद वह छात्र नेता जब मुख्यमंत्री बने तो भारतीय जनता पार्टी की गोद में बैठकर योगी आदित्यनाथ के रास्ते पर बिहार को ले जाना चाहते हैं।

इससे ज्यादा शर्म की बात और क्या होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मैं बता देना चाहता हूं कि बिहार ने बहुत सारे नेताओं को देखा है। बहुत सारे सरकारों को बिहार ने झेला है। लेकिन कभी भी संघर्ष के रास्ते से पीछे नहीं हटता है। संघर्ष के जरिए से ही बिहार के छात्र-नौजवान इसका जवाब देंगे। इंसाफ की लड़ाई, लोकतंत्र की लड़ाई मजबूत होगी। बिहार न सिर्फ अपने लिए लड़ रहा है, बल्कि पूरे देश के लिए लड़ रहा है। पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी 2024 के चुनाव के बाद अभी महाराष्ट्र में चुनाव में धांधली कर चुनाव जीता। पूरे देश में लोकतंत्र पर हमला कर रही है। इस हमले से देश को बचाने का काम बिहार करेगा। बिहार में हम लोग, इसी रास्ते पर आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा तानाशाही की यात्रा है, सत्ता के अहंकार यात्रा है। नौजवानों और जनता के लिए आतंक यात्रा है, यह दमन यात्रा है। हमने सोचा था कि नए साल में नीतीश कुमार जनता को शुभकामना देने के लिए निकले हैं, खुशी जताने के लिए निकले हैं। लेकिन बहुत शर्म की बात है, अफसोस की बात है, बिहार लड़ेगा। किसी तानाशाह को बिहार ने कभी बर्दाश्त नहीं किया है, आगे भी नहीं करेगा। मुख्यमंत्री जिले में जा रहे हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि जनता के ऊपर आतंक थोपा जाए। नेताओं और छात्रों को गिरफ्तार कर



डिटेन कर थाने में बैठाया जाए, तो क्या बिहार में लोग आजाद हैं कि नहीं हैं, क्या यहां अंग्रेजों के राज चल रहा है। तीन दिन पहले से आइसा के बेगूसराय जिलाध्यक्ष सोनू फरनाज सहित सबको प्रशासन डरा-धमका रहा था। शनिवार को पूरे दिन डिटेन करके थाना में बैठाए रखा, ऑफिस में पुलिस की तैनाती थी। मुख्यमंत्री आए थे, जनता से पूछना चाहिए, बात करना चाहिए, अगर समय नहीं था तो चले जाते। लेकिन मुख्यमंत्री किसी जिले में आ रहे हैं तो जनता के ऊपर आतंक थोपा जाए, नेताओं और छात्रों को गिरफ्तार कर डिटेन कर थाने में बैठाया जाए तो बिहार में लोग आजाद हैं कि नहीं हैं। क्या यहां अंग्रेजों का राज चल रहा है, यह हैरान करने वाली बात है कि बिहार नीतीश कुमार किस रास्ते पर चल रहे हैं। छपरा, सीवान, गोपालगंज से यही रिपोर्ट आ रहा है। जहां जा रहे हैं, पुलिस राज को लेकर चल रहे हैं। हम तो नीतीश जी से कहेंगे कि अभी भी दमन के रास्ते से वापस आइए, तानाशाही से बाज आएं। नीतीश जी खुद छात्र नेता रहे हैं, उनको पता है बिहार का तेवर। बिहार के नौजवान और बिहार के छात्र कभी भी इस दमन को बर्दाश्त नहीं करेंगे। जो बीपीएससी के छात्रों के साथ हुआ, परीक्षार्थियों के साथ अन्याय हुआ।

यह बिहार बर्दाश्त नहीं करेगा, इस दमन का मुकाबला जनता करेगी, नौजवान करेंगे। हम नौजवानों से अपील करेंगे कि आप और ज्यादा बुलंद हों, एकजुट हों। बड़ी एकता के साथ 9 फरवरी को बदलो बिहार महाजुटान में गांधी मैदान में शामिल हों। बिहार में सभी आंदोलन से जुड़े हुए स्कीम वर्कर, किसान, मजदूर, भाई बहन सब आ रहे हैं, सब मिलकर महाजुटान के माध्यम से इस तानाशाही का जवाब देंगे।



## 350 मार्गों पर 5000 बसों को मिलेगा परिचालन का परमिट

**पटना, एजेंसी।** कोरोना काल के बाद पहली बार बस परिवहन को बढ़ावा देने के लिए पांच राज्यों के 350 से अधिक मार्गों पर 5000 बसों का परिचालन किया जाएगा। कोरोना के बाद अन्तरराज्यीय मार्गों पर करीब 30 फीसदी से अधिक बसों की संख्या कम हो गई थी। परिवहन विभाग की तरफ से पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, गया, पूर्णिया सहित राज्य के विभिन्न जिलों से झारखंड,उड़िसा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बंगाल के लिए अन्तरराज्यीय मार्गों पर सरकारी एवं प्राइवेट बस संचालन के लिए परमिट देने के लिए 30 जनवरी तक आवेदन मांगा गया है। विभाग मार्च तक करीब 4500 से अधिक परमिट देने का निर्णय लिया है। परिवहन विभाग यात्रियों के सुगम और सुलभ आवागमन को ध्यान में रखते हुए अन्तरराज्यीय मार्गों पर बस परिचालन के लिए परमिट की प्रक्रिया आसान किया है। इससे राज्य के वाहन स्वामियों और परिचालकों के लिए बेहतरीन सुविधा मिलेगी। 10 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार अन्तरराज्यीय मार्गों पर बस संचालन करने के लिए परमिट देने के लिए परिवहन विभाग की तरफ से तैयारी चल रही है। करीब 5000 बस संचालन करने के लिए परमिट मिलेगा। इससे करीब 10 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। राज्यवार परमिट की रिक्ति संबंधित जानकारी परिवहन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा। परमिट के लिए कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन : परमिट के इच्छुक वाहन स्वामी संबंधित रिक्त मार्गों के लिए 30 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परमिट के लिए आवेदन करने से पहले आवेदकों के पास सभी वैध दस्तावेज होना चहिए।

## गोपालगंज में पुलिस-क्रिमिनल मुठभेड़, पूर्व मुखिया हत्या कांड के शूटर का एनकाउंटर

**गोपालगंज, एजेंसी।** बिहार के गोपालगंज से पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ की खबर आई है। उचकागांव थाना क्षेत्र के वृन्दावन गांव के पास पिपराही पुल के पास अपराधियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी अभिषेक यादव को पुलिस ने गोली मार दी। उसके पैर में गोली लग गई। घायल अपराधी को पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया। अभिषेक यादव पर पूर्व मुखिया सह शिक्षक अरविंद यादव की गोली मारकर हत्या कर देने का आरोप है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी।

### गोली मारकर की थी हत्या

बता दें कि 10 जनवरी को अपने घर से स्कूल ड्यूटी करने जाने के दौरान श्यामपुर गांव निवासी शिक्षक को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिस मामले में पुलिस ने परिजनों के बयान पर तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं हत्या में शामिल शूटरों की तलाश कर रही हैं। पुलिस को सूचना मिली कि हत्याकांड का मुख्य शूटर पुलिस के डर से अपने घर में ही छुपा हुआ है। पुलिस ने जब उसके घर छापेमारी की तो तलाशी के दौरान वह पकड़ा गया। हथियार के बारे में पूछताछ के दौरान अपराधी ने बताया कि वह कही छुपा कर रखा है।

जिसे दिलाने की बात कर पिपराही पुल के पास पहुंचा और हथियार दिलाने की बात कर एक खेत में घुसा और वहां से शूटर ने अपनी पिस्टल



निकाल कर पुलिस पर ही फायरिंग कर दी। अभिषेक की फायरिंग पर जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जिससे शूटर अभिषेक यादव को पैर में गोली लग गई। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच भेज दिया गया। इस मामले में एसपी अवधेश दीक्षित सदर अस्पताल पहुंचे और घायल अपराधी का हाल जाना। मुठभेड़ में गिरफ्तार अपराधी उचकागांव थाना क्षेत्र के भगवान टोला गांव निवासी रमेश यादव का पुत्र अभिषेक यादव बताया जाता हैं। इसके ऊपर कई अपराधिक मामले पहले से ही दर्ज हैं।

घायल अपराधी ने बताया कि रेकी करने के बाद शिक्षक अरविंद यादव की गोली मारकर हत्या की थी। पुलिस ने अपराधी के पास से एक पिस्तौल और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है।

## आरा में पिता-बेटे की पिटाई: क्रिकेट खेलने के दौरान बेटे से हुआ था झगड़ा



### बचाने गए पिता को लड़कों ने बैट से मारा

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के जैन कॉलेज कैंपस मैदान में शनिवार को पीट रहे पुत्र को बचाने गए पिता की बदमाशों ने जमकर पिटाई कर दी गई। मारपीट की घटना में पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया,जहां डॉक्टरों की देखरेख में इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक नवादा थाना क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ला निवासी हरिद्वार कुमार का 35 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार प्रसाद है। वह जैन कॉलेज स्थित मेंस पार्लर चलाता है। मनोज कुमार प्रसाद ने बताया कि उनका बेटा नवनीत जैन कॉलेज कैंपस मैदान में खेल रहा था। तभी वहां मौजूद कुछ युवकों द्वारा उसे पीटा जाने लगा। जिसके बाद उनके छोटे बेटे ने अपने भाई को पीटता देख वह दुकान पर आया और उसने कहा कि पापा भाई को लड़के मर रहे हैं। उसके बाद जब वह जैन कॉलेज कैंपस मैदान में पहुंचे और बीच-बचाव के दौरान उन्होंने अपने बेटे को पीट रहे एक युवक को थप्पड़ मारी। तभी युवक अपने दस-पन्द्रह की संख्या में रहे दोस्तों के साथ मिलकर बैट से उनकी पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया। वहीं दूसरी ओर जख्मी मनोज कुमार प्रसाद ने उक्त युवकों पर खुद को बैट से मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है।मामला शांत होने के बाद जख्मी ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## 5 साल बाद खरसंडा पुल का निर्माण शुरू:सीवान में गंडक विभाग ने दिया एनओसी, लोगों को मिलेगी राहत



**सीवान, एजेंसी।** सीवान के हुसैनगंज प्रखंड के खरसंडा पंचायत में पांच साल से क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह पुल खरसंडा, धूमनगर, कुतुब छपरा, हरिहांस और खुदाईबाड़ी समेत कई गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ता है। पिछले पांच साल से पुल की हालत खराब होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी होती थी। स्कूली बच्चों, महिलाओं और गर्भवती महिलाओं को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। प्रखंड प्रमुख आशिया खातून और प्रतिनिधि रिजवान अहमद के निरंतर प्रयासों के बाद गंडक विभाग ने ना केवल एनओसी प्रदान किया, बल्कि स्वयं निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस पुल से गिरकर कई लोगों के हाथ-पैर टूटने की घटनाएं हुई है, यहां तक कि एक व्यक्ति को ब्रेन हेमरेज भी हुआ। निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर रोशन यादव, रंगलाल यादव, मोहम्मद आमिर, नसीर अहमद, शमी मोहम्मद, कुंदन कुमार, कलन बाबू, प्रेम कुमार और राजेश यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# प्रेम-प्रसंग में युवती को जिंदा जलाने का आरोप, गया में मां ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार



## कहा- नवंबर में किया केस, अबतक कार्रवाई नहीं

**गया, एजेंसी।** गया के वजीरगंज थाना क्षेत्र के मोतिया बिगहा गांव की रहने वाली युवती को प्रेम प्रसंग में जलाए जाने की शिकायत पीड़िता ने एसएसपी से की है। दिल दहला देने वाली घटना बीते वर्ष नवम्बर की है। गुलाबी देवी, पति अशोक साव, ने एसएसपी से अपनी बेटी डॉली कुमारी की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गुहार लगाई है। गुलाबी देवी ने लिखित शिकायत में बताया कि उनकी 18 वर्षीय बेटी और आरोपी सौरभ कुमार (पिता जयलाल साव) के बीच बीते दो साल से प्रेम संबंध था। परिवार ने दोनों की शादी तय कर रखी थी, लेकिन कम उम्र के कारण शादी नहीं हो सकी। 9 नवंबर 2024 को सौरभ कुमार, सुमन कुमार और दीपक कुमार (पिता राजो साव) ने डॉली को साजिश के तहत अपने घर बुलाया। रास्ते मे सब्जी मंडी के निकट युवती पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। गंभीर हालत में डॉली को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान घटना के एक सप्ताह बाद उसकी मौत हो गई।

**9 नवंबर की घटना, कार्रवाई नहीं :** परिवार का आरोप है कि इस मामले में वजीरगंज थाना में केस संख्या 845/24 दर्ज है, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। आरोपियों द्वारा केस वापस लेने की धमकियां भी लगातार दी जा रही हैं। गुलाबी देवी ने बताया कि आरोपी उनके इकलौते बेटे की हत्या की धमकी भी दे रहे हैं, जिससे पूरा परिवार डरा हुआ है। गुलाबी देवी ने कहा कि उनका परिवार वजीरगंज बाजार में सब्जी बेचकर गुजर-बसर करता है। उन्होंने एसएसपी से मांग की है कि मामले की गंभीरता से जांच की जाए और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाए। पुलिस की निष्क्रियता और परिवार को मिल रही धमकियों से पीड़ित परिवार न्याय की उम्मीद में दर-दर भटक रहा है।

## गोगाबील झील के विकास की उम्मीद: 28 जनवरी को सीएम नीतीश का दौरा

### कटिहार प्रशासन में हलचल तेज



**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार के मनिहारी अनुमंडल स्थित गोगाबील झील में विकास की नई किरण जगी है। दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 28 जनवरी को प्रगति यात्रा के दौरान यहां का दौरा करेंगे। दशकों से प्रसिद्ध इस झील के विकास के लिए कई आश्वासन मिले, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सर्दियों में साइबेरियन पक्षियों का स्वर्ग बन जाने वाली इस झील के विकास को लेकर स्थानीय प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी मनेष कुमार मीणा और पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण करेंगे और जिला स्तरीय समीक्षा बैठक भी करेंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उत्साह है। उन्हें उम्मीद है कि इस दौरे से गोगाबील झील का समग्र विकास होगा, इससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। वर्तमान में झील परिसर में साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## मौसम की मार और सर्दी का सितम

मौसम का अपना चक्र होता है और उसी के मुताबिक उसमें उतार-चढ़ाव होता रहता है। मुश्किल तब आती है जब उसकी मार से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त होने लगता है और कई बार उसे संभालना एक समस्या बन जाती है। इस बार ठंड के मौसम की वजह से कई स्तर पर बाधाएं खड़ी हो रही हैं तो इसमें कुछ नया नहीं है। विडंबना यह है कि अमूमन हर वर्ष इस तरह की समस्याएं और चुनौतियां सामने आने के बावजूद उससे बचाव के उपायों पर गौर करने या उनका पूर्व इंतजाम करने को लेकर कोई ठोस पहलकदमी नहीं दिखती।नतीजतन, हर वर्ष ठंड के मौसम में लोगों का आम जीवन कई स्तर पर बाधित होता है। खासकर एक से दूसरी जगह आवाजाही व्यापक स्तर पर प्रभावित होती है। जबकि वक्त के साथ मौसम की मार का सामना करने और उसके घातक या नुकसानदेह असर को कम करने के उपायों को लेकर एक सुचिंतित योजना के साथ काम किया जा सकता है।गौरतलब है कि इस वर्ष ठंड की शुरूआत के बावजूद ऐसी खबरें आती रहीं और अध्ययनों के मुताबिक यह भी बताया गया कि पिछला वर्ष अब तक का सबसे अधिक गर्म वर्ष रहा। मगर इसके समांतर इस वर्ष की ठंड अपने पूरे असर के साथ कई स्तर पर मुश्किलें पैदा करती दिख रही है। पिछले दो दिन दिल्ली और आसपास के इलाकों में जिस तरह घना कोहरा छाया रहा, हल्की बारिश हुई, उससे तापमान में और गिरावट आई और ठंड की वजह से बहुत सारे लोगों का सामान्य जीवन मुश्किल हुआ। दिल्ली हवाईअड्डे पर शुक्रवार को एक समय दृश्यता शून्य हो जाने के बाद सौ से ज्यादा विमानों की उड़ान में काफी विलंब हुआ।इसी तरह दो दर्जन से ज्यादा रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से ज्यादा देर से चलीं। सड़कों पर भी आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई और लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। यों समूचा उत्तर भारत फिलहाल कड़ाके की ठंड की चपेट में है, लेकिन इस बार दिल्ली के अलावा पंजाब, हरियाणा और हिमाचल में स्थिति ज्यादा विकट देखी गई। पंजाब के फाजिल्का में सबसे ज्यादा ठंड दर्ज की गई, जहां का तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा, मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में बारिश और बर्फबारी की आशंका जताई, जिसका असर निश्चित रूप से दिल्ली और आसपास के राज्यों पर पड़ेगा।

## परंपरागत एवं आधुनिक चिकित्सा में समन्वय की जरूरत

(ललित गर्ग)

प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली चिकित्सा की एक रचनात्मक विधि है, जिसका लक्ष्य प्रकृति में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध तत्त्वों के उचित इस्तेमाल द्वारा रोग का मूल कारण समाप्त करना एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है। एक और नये चीनी वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण के उपचार को लेकर दुनिया भारत की प्राचीन प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धति की ओर आशाभरी निगाहों से देख रही है, क्योंकि मानव इतिहास की सबसे बड़ी एवं भयावह महामारी कोरोना के निदान में भी उसकी भूमिका प्रभावी एवं कारगर रही है। निस्संदेह, आधुनिक चिकित्सा पद्धति ने शोध-अनुसंधान व बड़े पूंजी निवेश के चलते अप्रत्याशित स्वास्थ्य उन्नति एवं चिकित्सा क्रांति की है। बावजूद इसके आधुनिक समय में भी प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां असाध्य बीमारियों के लिये कारगर बनी हुई है। भारत ही नहीं, विदेशों में भी भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की स्वीकार्यता बढ़ी है। आयुष मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2014 में जो आयुष बाजार 2.8 अरब डॉलर था, उसका आकार बीते साल तक 43.4 अरब डॉलर हो गया है। इतना ही नहीं प्राकृतिक चिकित्सा उत्पादों का निर्यात भी दुगना हुआ है। जिससे इस पद्धति की अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता का पता चलता है। यानी इन्हें एक पूरक चिकित्सा के रूप में मान्यता मिल रही है। इन स्थितियों को देखते हुए यदि आधुनिक विज्ञान व परंपरागत चिकित्सा पद्धति में समन्वय बने तो मानवता कल्याण का नया रास्ता उद्घाटित होगा। प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली चिकित्सा की एक रचनात्मक विधि है, जिसका लक्ष्य प्रकृति में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध तत्त्वों के उचित इस्तेमाल द्वारा रोग का मूल कारण समाप्त करना एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है। यह न केवल एक चिकित्सा पद्धति है बल्कि मानव शरीर में उपस्थित आंतरिक महत्त्वपूर्ण शक्तियों या प्राकृतिक तत्त्वों के अनुरूप एक जीवन-शैली है। यह जीवन कला तथा विज्ञान में एक सम्पूर्ण क्रांति है।

*दुनियाभर में लोग वैकल्पिक निदानों का रुख़ कर रहे हैं। इससे अधिक शोध व अधिक साक्ष्य सामने आ रहे हैं और शोध के परिणाम बेहद आशाजनक दिख रहे हैं। प्राचीन संस्कृतियों द्वारा चिकित्सा हेतु प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के अलावा, आधुनिक रोगों से निपटने के लिए पारम्परिक समुदाय-आधारित स्वास्थ्य प्रथाओं का भी अभूतपूर्व महत्व है।*

इसमें प्राकृतिक भोजन, विशेषकर ताजे फल तथा कच्ची व हलकी पकी सब्जियाँ विभिन्न बीमारियों के इलाज में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। योग, ध्यान एवं संतुलित जीवनशैली इस चिकित्सा के आधार है। प्राकृतिक चिकित्सा निर्धन व्यक्तियों एवं गरीब देशों के लिये विशेष रूप से वरदान है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से भारत का जो प्राचीन सेहत का ज्ञान सदियों से हाशिये पर रहा है, उसे पिछले एक दशक में देश-विदेश में व्यापक रूप से प्रतिष्ठापित किया गया है और भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद, योग को दुनिया में फैलाया गया है। भारत में भीषण गरीबी के चलते प्रकृति के सान्निध्य में सेहत के गुर को महसूस करते हुए महात्मा गांधी ने प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को देश में प्रतिष्ठा दी थी। आज भी उनके अनुयायी पूरे देश में इस मुहिम में जुड़े हुए हैं। जरूरी है कि सदियों के अनुभव से हासिल गुणवत्ता व प्रमाणिकता के परंपरागत ज्ञान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के मध्य तालमेल की कोशिश की जाए। पारम्परिक एवं पूरक चिकित्सा पर विश्व स्वास्थ्य संगठन- डब्ल्यूएचओ की वैश्विक रिपोर्ट (2019) के अनुसार, दुनिया भर में इस्तेमाल की जा रही पारम्परिक चिकित्सा की विभिन्न प्रणालियों में, एक्यूपंक्चर, हर्बल दवाएँ, स्वदेशी पारम्परिक चिकित्सा, होम्योपैथी, पारम्परिक चीनी चिकित्सा, प्राकृतिक चिकित्सा, कायरोप्रैक्टिक, ऑस्टियोपैथी, आयुर्वेद व यूनानी उपचार शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ के 170 सदस्य देशों ने अपनी आबादी द्वारा पारम्परिक चिकित्सा के उपयोग पर रिपोर्ट दी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी, पारम्परिक उपचार प्रणालियों के अध्ययन और अभ्यास में क्रान्ति ला रही है। आयुष शब्द आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी का संक्षिप्त रूप है। इसी आधार पर प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को आधुनिक समय में प्रासंगिक बनाने के लिये भारत सरकार में आयुष मंत्रालय बना है। इसी मंत्रालय के प्रयासों से जहां आयुष बाजार को विस्तार मिला, वहीं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उपचार में मदद मिली है। इससे रोजगार व उद्यमिता को भी नई ऊंचाइयां मिली हैं। एक ओर जहां आयुर्वेदिक दवाओं के उत्पादन से रोजगार बढ़े हैं, वहीं इसमें प्रयोग की जाने वाली जड़ी-बूटियों, फल और इससे जुड़े जैविक उत्पादों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी संबल मिला है। कमोबेश इसी तरह योग से जुड़ी सामग्री का निर्यात भी तेजी से बढ़ा है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग, आयुर्वेद, भारतीय खानपान एवं जीवनशैली को वैश्विक मान्यता मिली है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत सरकार की सहभागिता में गत वर्ष भारत के गुजरात प्रदेश के गांधीनगर शहर में प्रथम पारम्परिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित कर गम्भीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने और वैश्विक स्वास्थ्य एवं टिकाऊ विकास में प्रगति को आगे बढ़ाने में, पारम्परिक, पूरक व एकीकृत चिकित्सा की उपयोगिता को स्वीकार करते हुए इसे व्यापक बनाने की अनेक योजनाओं पर सहमति जताई। विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार ने आधुनिक विज्ञान एवं टैक्नॉलॉजी के ज़रिये, पारम्परिक औषधि में निहित सम्भावनाओं को साकार करने के इरादे से एक वैश्विक केंद्र स्थापित किये जाने के समझौते पर भी हस्ताक्षर किये और गुजरात राज्य के जामनगर शहर में बनाए जाने वाले इस केंद्र की मदद से आमजन की सेहत में बेहतरी लाने और विश्व के हर क्षेत्र में सम्पर्क व लाभ सुनिश्चित किये जाने की योजना को आकार दिया जाने लगा है। नये विश्व की विडम्बना है कि तीव्र विकास की छाया में गरीबी का भी विस्तार हुआ है। महंगी होती आधुनिक चिकित्सा पद्धति गरीब की पहुंच से दूर होती जा रही है। सरकारी चिकित्सा तंत्र मरीजों के भारी बोझ से चरमरा रहा है। ऐसे में यदि जीवन शैली में सुधार, सजगता व शारीरिक सक्रियता से लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिले तो किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसे पूरक चिकित्सा पद्धति के रूप में स्वीकार किया ही जाना चाहिए। यह सुखद है कि हम देर से ही सही, इस दिशा में आगे बढ़े हैं। हमारे आयुर्वेद के उत्पादों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मान्यता मिलना भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस दिशा में आधुनिक चिकित्सा के साथ समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ने के लिये साझे प्रयास जरूरी हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार आ रही गिरावट, कमजोर हो रहा निवेशकों का भरोसा

विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जाता। पिछले दो महीने से एक भी सप्ताह ऐसा नहीं गुजरा, जब भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार में कमी दर्ज न की गई हो। इसके समांतर डालर के मुकाबले भारतीय रुपए की कीमत भी लगातार गिर रही है। रुपया छियासी के पार पहुंच गया है। इसकी मुख्य वजह अमेरिकी फेडरल की नीतियों में बदलाव, डालर की मजबूती और भारतीय बाजार से विदेशी निवेशकों की भारी निकासी बताई जा रही है।विशेषज्ञ बताते हैं कि सरकार ने रुपए की गिरती कीमत को रोकने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार से निकासी शुरू की थी। मगर वह कारगर उपाय साबित नहीं हो सका। अब दोनों में समांतर गिरावट दर्ज होने लगी है। यह विदेशी निवेश आकर्षित करने, कर्ज पर ब्याज के भुगतान, जरूरी आयात आदि के मद्देनजर गंभीर चिंता का विषय है। रुपए की कीमत गिरने से आयात महंगा हो जाता है, पर्यटन, विदेशी शिक्षा आदि पर खर्च बढ़ जाता है। विदेशी मुद्रा भंडार में छीजन बढ़ने से विदेशी कर्ज के ब्याज में भुगतान को लेकर चिंता गहराने लगती है।विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार कमी इस बात का भी संकेत है कि अपेक्षित विदेशी निवेश नहीं आ पा रहा है। निवेशकों का भरोसा कमजोर हो रहा है, इसलिए वे सुरक्षित जगहों का रुख कर रहे हैं। ऐसा इसलिए भी हो रहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ोतरी की जो तस्वीर पेश की जा रही थी, वह अब धुंधली पड़ने लगी है। प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की विकास दर नीचे बनी हुई है। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। निर्माण क्षेत्र भी कमजोर होता जा रहा है।पिछले बारह-तेरह वर्षों से प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी नहीं हुई है। निर्यात लगातार हिचकोले खा रहा है और घरेलू बाजार में रौनक लौट नहीं पा रही। महंगाई पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। इसके बावजूद, विचित्र है कि सरकारें मुफ्त की योजनाओं की घोषणा करने की होड़ में शामिल हैं। वे विदेशी कर्ज लेकर इन्हें चलाने का प्रयास कर रही हैं। यह असंतुलन खत्म हुए बिना विदेशी मुद्रा भंडार के भरने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

## क्या आप लगा पाएगी दिल्ली में चुनावी चौका

(रमेश सर्राफ धमोरा)

2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने 62 सीटे जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई थी तथा वोटो का प्रतिशत भी बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया था। आगामी पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल जोड़-तोड़ करने में जुट गए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) व कांग्रेस पार्टी के बीच होना तय माना जा रहा है। पिछले दो विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के बीच हुआ था। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। मगर इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। वहीं विधानसभा चुनाव कांग्रेस अकेले ही लड़ेगी। कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने व पिछले लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणात्मक होने की संभावना बनने लगी है। दिल्ली में तीन बार सरकार बनाकर आप ने मजबूत पकड़ बनायी हैं। वहीं लोकसभा चुनाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भाजपा आप के सामने टिक नहीं पा रही है। आप के अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन से 28 दिसंबर 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मगर कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के चलते 49 दिन में ही सरकार गिर गई थी। फरवरी 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप ने 67 सीटें जीतकर एक नया इतिहास रच दिया था। आप को 54.34 प्रतिशत वोट मिले थे। अरविंद केजरीवाल ने 14 फरवरी 2015 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उस चुनाव में भाजपा को मात्र तीन सीट तथा 32.19 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली तथा वोट भी घटकर 9.65 प्रतिशत रह गये थे। 2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने 62 सीटे जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई थी तथा वोटो का प्रतिशत भी बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया था। कांग्रेस को इस बार भी कुछ नही मिला था। कांग्रेस को 4.26 प्रतिशत वोट ही मिले थे। कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो गई थी। 2 अक्टूबर 2012 को गांधी जयंती के दिन आम आदमी पार्टी का गठन किया गया था। पार्टी के गठन के ठीक एक साल एक महीने और दो दिन बाद 4 दिसंबर 2013 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के वोट डाले गए थे। 8 दिसंबर 2013 को चुनाव के नतीजे आए तो आप को 28 सीटें तथा 29.49 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उनकी नई दिल्ली सीट पर करीब 26000 वोटो से हराया था। उस चुनाव में भाजपा को 31 सीट व 33.07 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस को 8 सीट व 24.55 प्रतिशत वोट मिले थे। उस वक्त कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के चक्कर में आप को समर्थन देकर अरविंद केजरीवाल को पहली बार मुख्यमंत्री बनवाया था। कांग्रेस की यही भूल अब तक कांग्रेस को लगातार जीरो पर आउट कर रही है। उस वक्त यदि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को समर्थन नहीं दिया होता तो आगे विधानसभा चुनाव के नतीजे अलग हो सकते थे। मगर अपनी भूल का कांग्रेस आज तक खामियाजा उठा रही है। 1998 से 2008 तक लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली कांग्रेस 2013 में मात्र 8 सीटों पर सिमट गई थी। कांग्रेस की एक भूल उस पर इतनी भारी पड़ गई कि वह आज तक संभल नहीं पा रही है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव के करीब 8 महीने बाद विधानसभा चुनाव होते हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा 2014 से 2024 तक लगातार दिल्ली की सातों सीटों पर जीत दर्ज करवाती आ रही है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन शुभ है और आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं और आपकी तरक्की होगी। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी और आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्द्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी और आपको भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा।

### वृष
आज करियर के मामले में प्रबल लाभ के योग बन रहे हैं। आपका मन प्रसन्न रहेगा और कारोबार में कोई खास डील होने से आपको प्रसन्नता होगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास के योग अच्छे हैं और आपकी तरक्की होगी। शाम के वक्त सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

### मिथुन
आज दिन काफी रचनात्मक है। आपको कोई क्रियेटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में दिन भर काफी बिजी रहना पड़ सकता है। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है, वही करने को मिलेगा। आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी।

### तुला
आज दिन काफी सृजनात्मक है। आप जो भी काम मेहनत के साथ करेंगे उसका फल उसी समय मिल सकता है। आपके जरूरी अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी और आपके लिए कारोबार में लाभ के योग बन रहे हैं। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

### वृश्चिक
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको कारोबार में मनचाही तरक्की हासिल होगी। आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए वरना बात काफी बिगड़ सकती है। घर में किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें। रात के समय स्थिति में सुधार होगा।

### धनु
आज दिन लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ सकते हैं। आपको नए प्रॉजेक्ट से मनचाहा लाभ होगा। कुछ नया काम शुरू हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। लेकिन आपको इनकी बातों से कोई असर नहीं होगा और आपको धन के मामले में लाभ होगा।

### कर्क
आज दिन परिश्रम से बढ़कर लाभ दिलाने वाला होगा। कल आप अपने कारोबार में कुछ नई योजना को लागू करके लाभ कमा सकते हैं। आपको किसी दूर रहने वाले संबंधी और मित्र से भी सहयोग मिलता दिख रहा है। घर के बड़े आपसे प्रसन्न होकर आपको कोई गिफ्ट दे सकते हैं। आपके लिए विदेश भी लाभ के संयोग बन रहे हैं।

### सिंह
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। कैरियर में आज आपको अच्छी सफलता मिलेगी। सेहत को लेकर सावधान रहे। सर्दी-जुकाम से बचाव करें नहीं तो बीमार पड़ सकते हैं। बच्चों के खानपान पर विशेष ध्यान रखे। नौकरी में आपको सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। किराना और खाने पीने के कारोबार में आपकी कल विशेष रूप से कमाई होगी।

### कन्या
आज दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म आध्यात्म के मामले में आप पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल पाएंगे तो आपको तरक्की के साथ लाभ भी प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने का प्रयास कर सकते हैं।

### मकर
आज महाराज की कृपा से लाभदायक रहेगा। आप किसी जमीन या प्रॉपर्टी में पैसा लगाकर भविष्य में बड़ा लाभ कमा सकते हैं। आपको कल नौकरी में अधिकारी वर्ग से सपोर्ट और सहयोग मिलेगा। आपका कोई महत्वपूर्ण काम किसी परिचित की मदद से सफलतापूर्वक पूरा हो जाएगा। बिजनेस में आपको आर्थिक लाभ मिलेगा।

### कुंभ
आज आपको सात पीपल के पत्तों पर सात प्रकार की मिठाई रखकर पीपल की पूजा करनी चाहिए और यह प्रसाद भिखारियों में बांट दें। साढेसाती की प्रतिकूलता में कमी आएगी। कोई उलझा हुआ मामला भी आपका सुलझ सकता है। आप कोई नया काम या कारोबार शुरू करना चाह रहे हैं तो आपको ईश्वर का नाम लेकर शुरू कर देना चाहिए, इसका आपको आगे चलकर लाभ मिलेगा।

### मीन
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि के योग हैं। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, इसलिए कार्यशील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनन्द उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। कुछ नए आइडिया पर काम करना आपके लिए अच्छा होगा। काम में नई जान आएगी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5618

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5617

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 5618



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. सितंबर 1927 को इस बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी और प्रसिद्ध साहित्यकार ने जन्म लिया था इस साहित्यकार ने पूर्व प्रसारित धारावाहिक महाभारत की पटकथा लिखी थी (7)
7. हल्का बुखार, ज्वर अनुभूति (4)
8. वायु द्वारा उत्पन्न (3)
10. निरूत्तर, चुप, खामोश (2)
11. मानवीय, पौरूषेय, मानुषिका (3)
13. सियार, श्रृंगाल, निशामृग (3)
14. अभ्युदय काल, उन्नति के दिन , वैभव काल (2)
15. संगीत में स्वरों का राग सहित उच्चाण, संभाषण, लंबी तान (3)
16. इस अभिनेत्री ने पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से विवाह किया था (4)
18. तीन, तीसरा (संस्कृत)(2)
20. क्षमताहीन, जो थक चुका हो (2)
22. द्वेष (2)
23. हथेली पर जल लेकर मंत्रपूर्वक पढ़ते हुए पीना (4)

**संकेतः ऊपर से नीचे**
1. वर्तमान दौर का यह शाहर मूलतःइंदौर का निवासी है (6)
2. डायमंड ज्वेल बीयरिंग, अनमोल रत्न (2)
3. रेडियों (वायरलेस) के आविष्कारक (4)
4. धागा, तंतु, बंदीजन, विजित दास (2)
5. जावक पत्र, इनडैंट, चालान पत्र (6)
6. कोटि, उत्पन्न, घटित, नवजात शिशु (2)
9. पाशबद्ध करना, ठिठुरना, मजबूती से पकड़ना (4)
12. वाराणसी से करीब 6 किमी उत्तरपूर्व में बौद्धों का एक तीर्थस्थल जिसे सारंगनाथ भी कहते है (4)
15. इंकम, जमा प्रविष्टि (2)
17. पूर्णिमा की रात को यह भी कहा जाता है (2)
19. भरोसा, विश्वास, ऐतबार (3)
21. अनुसंधान, इन्क्वायरी, जांचने की क्रिया या भाव (2)

### वर्ग पहेली 5617 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मृ | ता | प्री | त | म | | कौ |
| स | ग | र | | र | ह | मा | न |
| मा | या | | स | फ | ल | ता | |
| न | | आ | मा | दा | | | वि |
| ता | न | | न | र | सों | | य |
| | ज | न | ता | | ठ | ग | ना |
| कु | रा | न | | हां | | ज | |
| | ना | द | ना | | बा | रा | त |

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### दुबई में खड्डा के मजदूर की सीढ़ी से गिरकर मौत

**कुशीनगर, एजेंसी।** खड्डा थाना क्षेत्र के मदनपुर सुकरौली गांव निवासी सुग्गन चौहान की विदेश में काम करने के दौरान सीढ़ी से गिरकर मौत हो गई। इसकी जानकारी साथ काम करने वाले दोस्तों ने दी तो घर वालों में चीख-पुकार मच गई। परिजन कंपनी के साथ वहां मौजूद दोस्तों के संपर्क में हैं और शव आने का इंतजार कर रहे हैं।

मदनपुर सुकरौली गांव निवासी सुग्गन चौहान दुबई में ढाई वर्ष पूर्व नरेस्को कंपनी में काम करने गए थे। वहां पर वह कारपेंटर का काम करते थे। शुक्रवार को विदेश से सुग्गन चौहान (55) सीढ़ी से गिरकर गए, दोस्तों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घर वाले शव आने का इंतजार कर रहे हैं। पत्नी सेवरा देवी ने पति का शव घर मंगाने के लिए सांसद, विधायक और विदेश मंत्रालय से संपर्क किया है। मृतक के तीन बेटियां हैं, जिनकी शादी हो गई है। जबकि दो बेटा मुन्ना 20 और सन्नी 18 हैं। सुग्गन घर का अकेला कमाऊ सदस्य था।

### जननी सुरक्षा योजना का बुरा हाल, लक्ष्य पूरा करना चुनौती

**कुशीनगर, एजेंसी।** जननी सुरक्षा योजना का जिले में बुरा हाल है। आशा कार्यकर्ता और सीएचसी अधीक्षकों की लापरवाही से अभी तक लक्ष्य के सापेक्ष बहुत ही कम प्रसव हुआ है, हालांकि डीएचएस की बैठक में सीएचसी अधीक्षकों को चेतावनी भी दी जा चुकी है, बावजूद अभी तक कोई प्रगति नहीं है।

आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका भी योजना को पलीता लगाने में कम नहीं है। पूर्व में निजी अस्पतालों में गर्भवतियों को पहुंचाने वाले आशा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई भी हो चुकी है। इस सत्र में तय लक्ष्य को पूरा करने के लिए विभागीय जिम्मेदार भी काफी सक्रिय हैं।

वर्ष 2024-25 का जननी सुरक्षा योजना के तहत 60,577 प्रसव कराने का लक्ष्य स्वास्थ्य विभाग को मिला था। अभी तक 31,323 प्रसव ही हुआ है। इसमें सबसे खराब प्रगति सुकरौली, मोतीचक, कप्तानगंज और हाटा सीएचसी की है। लक्ष्य के सापेक्ष बहुत कम ही इन सीएचसी पर प्रसव हुआ है। खराब प्रगति को देख यहां के सीएचसी अधीक्षकों को लक्ष्य पूरा करने के लिए निर्देश दिया।0

### सामूहिक दुष्कर्म में जीजा-साले दोषी, दस-दस वर्ष की कैद

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ महानगर के देहली गेट इलाके में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मुकदमे में अदालत ने दोषी जीजा-साले को दस-दस वर्ष कैद व 65-65 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। यह फैसला एडीजे पाक्सो द्वितीय प्रदीप कुमार राम की अदालत ने सुनाया है। अर्थदंड में से 50 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं। अभियोजन पक्ष के अनुसार ये वारदात 18 मार्च 2016 की है। मुकदमे के अनुसार इलाके की 14 साल की किशोरी को शाम पांच बजे क्षेत्र निवासी लल्लू उर्फ रवेंद्र अपने जीजा लाला उर्फ नारायण निवासी गोंडा के सहयोग से फुसलाकर ले गया था। मुकदमे के आधार पर जब बरामदगी हुई और मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराए तो दोनों आरोपियों द्वारा दुष्कर्म करना बताया। इस मामले में सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई और मेडिकल परीक्षण के बाद चार्जशीट दायर की गई। इसी मामले में सत्र परीक्षण के दौरान सजा सुनाई गई है।

### अलाव के पास बैठे लोगों के ऊपर बाइक चढ़ाई, छह घायल, बच्चियां झुलसीं

**कुशीनगर, एजेंसी।** क्षेत्र के जुम्मन बरवा गांव में शनिवार की देर शाम करीब 7:30 बजे सड़क के किनारे अलाव ताप रहे लोगों के ऊपर एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने बाइक चढ़ा दी। इस घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं आग की चपेट में आने से दो बच्चियों का पैर झुलस गया। सभी घायलों को रामकोला सीएससी पर पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रामकोला थाना क्षेत्र के जुम्मन बरवा गांव निवासी राजदेव 65 वर्ष, सवारी देवी 70 वर्ष, जानकी 12 वर्ष, सोनम 10 वर्ष, योगेंद्र पटेल 50 वर्ष सड़क के किनारे अलाव के पास बैठे हुए थे। उसी दौरान खैरटवा गांव के रहने वाला विशाल एक व्यक्ति को बाइक पर बिठाकर घर लौट रहा था।

# महाकुंभ 2025: सुविधाएं और सुरक्षा बढ़ी तो बढ़ गई तीर्थयात्रियों की संख्या

**लखनऊ , एजेंसी।** सुविधाओं के अभाव में पहले कुंभ स्नान दुरुह था। एक वर्ग इच्छा होते हुए भी कुंभ स्नान से वंचित रह जाता था। महाकुंभ में श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं का असर है कि इस बार 40 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित करेंगे। इन श्रद्धालुओं में 12 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु ऐसे होंगे, जो आर्थिक रूप से मजबूत हैं। देश-विदेश के उद्योगपतियों का लगातार कुंभ क्षेत्र में आगमन और निवास इसी का संकेत है। सुगम व्यवस्थाओं का ही असर है कि आध्यात्मिक पर्यटन की ग्रोथ 15 फीसदी से ज्यादा हो गई है।

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) इंदौर के प्राध्यापक प्रो. शेखर शुक्ला की स्टडी के मुताबिक प्रयागराज महाकुंभ केवल 45 दिन ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति और अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगा। दुनिया में पहली बार ऐसे हुआ है जब किसी मेला या धार्मिक तीर्थाटन को नए नगर का दर्जा दिया गया हो।

### प्रत्येक कुंभ के साथ 100 फीसदी की ग्रोथ

प्रो. शेखर शुक्ला के मुताबिक वर्ष 1977 से वर्ष 2025 तक के महाकुंभ पर आने वाले श्रद्धालुओं का डाटा देखें तो वर्ष 2013 से श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर बढ़ती जजारही है। प्रत्येक कुंभ के साथ इसमें 100 फीसदी से ज्यादा की ग्रोथ दर्ज की जा रही है। वर्ष 2001 में जहां 7 करोड़ श्रद्धालुओं ने कुंभ स्नान किया था, वहीं ये संख्या बढ़कर वर्ष 2019 में 24 करोड़ हो गई। इस बार ये रिकार्ड 40 करोड़ से बनेगा। पिछले दस वर्ष में यूपी में हुए तीन कुंभ पर खर्च की गई धनराशि 1300 करोड़ से बढ़कर 7500 करोड़ रुपये हो गई है। साफ है कि यूपी में कुंभ को लेकर दी जा रही सुविधाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। यात्रा सुगम और सुविधाजनक होने से कुंभ तक पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 35 देशों की आबादी के बराबर होने का आंकलन है।

आईआईएम प्रोफेसर के मुताबिक कुंभ में शोध कार्यों को लेकर दुनियाभर में रुचि बढ़ती जा रही है। वर्ष 2000 के बाद कुंभ या उससे जुड़े विषयों पर निरंतर शोध चल रहा है। वर्ष 2023-24 में स्कोपस डाटाबेस के अनुसार 25 से ज्यादा शोध कुंभ की थीम पर किए गए हैं। कुंभ के प्रति दुनियाभर के शोधकर्ताओं में बढ़ती रुचि बेहद महत्वपूर्ण है। साफ है कि कुंभ न केवल धार्मिक या आध्यात्मिक उत्सव ही नहीं है बल्कि उसका सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय महत्व भी है।



### 15 फीसदी की दर से बढ़ रहा आध्यात्मिक पर्यटन

प्रोफेसर शुक्ला ने बताया कि कुंभ की वजह से बुनियादी सुविधाओं और बुनियादी ढांचे पर खर्च की गई धनराशि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान देगा। देश में धार्मिक पर्यटन के सबसे बड़े केंद्र के रूप में यूपी उभरेगा। वैश्विक कंपनी कोहेरेंट मार्केट इनसाइट्स के मुताबिक यहां आध्यात्मिक पर्यटन 15 फीसदी सालाना की दर से बढ़ रहा है। वर्ष 2030 तक 3200 मिलियन डालर का बाजार होगा, जिसमें यूपी की भागीदारी सबसे बड़ी होगी।

## विलुप्त सरस्वती नदी में वर्षा जल का संचयन की तैयारी

**कौशांबी, एजेंसी।** पौराणिक सरस्वती नदी के पेलियो चैनल (नदी की पुरानी शाखा) का गंगा-यमुना से जुड़े होने का पता चला है। इसके बाद वैज्ञानिकों ने प्रयागराज से कानपुर तक 100 से अधिक स्थान चिह्नित कर पौराणिक नदी में वर्षा जल संचयन के लिए जल मंत्रालय को रिपोर्ट भेजी है।

राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान हैदराबाद (एनजीआरआई) और केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्लयूबी) के वैज्ञानिकों ने विलुप्त सरस्वती नदी की खोज फरवरी-मार्च 2018 में प्रयागराज के संगम से शुरू की थी। यह खोज पश्चिम में 200 किलोमीटर आगे तकरीबन 10 हजार वर्ग किलोमीटर परिक्षेत्र में फतेहपुर और कानपुर के बिल्हौर व गजनेर तक पहुंच चुकी है।

एनजीआरआई के वैज्ञानिक सुभाष चंद्रा ने बताया कि हेलिकॉप्टर के नीचे लगे हेलिबोन ट्रांजिएंट इलेक्ट्रोमैग्नेटिक उपकरण की मदद से जमीन के 500 मीटर भीतर की जलधारा का अध्ययन किया गया है। लाइव प्रतिरोधकता मैप से पता चला है कि विलुप्त पौराणिक नदी से निकली कई छोटी बड़ी पेलियो चैनल्स यमुना और गंगा नदी से जुड़तीं हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में 70 फीसदी से अधिक भूजल सिंचाई के काम में लिया जाता है। भूजल का अत्यधिक दोहन, अनियमित और कम वर्षा से पारिस्थितिक प्रवाह की कमी ने राज्य को गंभीर और चुनौतीपूर्ण स्थिति में डाल दिया है, इसलिए भूगर्भीय जल परिस्थितियों के अंतर्गत भूजल स्तर बढ़ाने के लिए वैज्ञानिकों को योजना बनाने की आवश्यकता है।

नदी को पुनर्जीवित करने के लिए परीक्षण परिक्षेत्र में बम्हरौली, फनगांव, सेंवथा, इछना, सरायअकिल, म्योहर, करारी, मंझनपुर, सिराथू समेत फतेहपुर के खागा और कानपुर के बिल्हौर व गजनेर तक 100 से अधिक स्थानों को चिह्नित कर बोरवेल किया गया है।

## रील्स के ज्ञान से तैयार किया प्लान, तमंचा कमर में लगाया, चाकू हाथ में लेकर घुसा

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में घाटमपुर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में लूट की कोशिश करने वाले बीएससी के छात्र लवीश मिश्रा का फोन पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि शुरुआती जांच में इस बात के संकेत मिले हैं कि आरोपी ने सोशल मीडिया से मिले ज्ञान के जरिये बैंक लूट का प्लान तैयार किया।

लूट, हथियार बनाने, चलाने और वार करने के लिए शरीर के हिस्सों की जानकारी जुटाई। घटनास्थलों के आसपास मोबाइल की गतिविधि से पुलिस आरोपियों को चिह्नित कर लेती है, इसलिए लूट की वारदात के लिए जाते समय मोबाइल घर में ही रख दिया। गांव के लोगों का कहना था कि लवीश सिरफिरा है। वह ज्यादा समय मोबाइल में रील्स देखकर बिताता था। साथ ही वह किसी से ज्यादा घुलमिल कर नहीं रहता था। ऐसे में पुलिस अब उसके मोबाइल की सोशल अकांउट के साथ ही गूगल, यूट्यूब, फेसबुक समेत अन्य अकाउंट को चेक कर रही है। डीसीपी साउथ का कहना है कि जिस प्रकार से बैंक में दाखिल होते ही हमलावर ने गार्ड पर जानलेवा हमला किया।

**रील्स के जरिए मिली होगी जानकारी:** इससे साफ है कि वह प्लान करके आया था। फिलहाल उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं मिला है और न ही गांव अथवा क्षेत्र में उसका किसी से कोई विवाद हुआ है। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि उसको ये आईडिया सोशल मीडिया पर चल रहे रील्स के जरिए मिली होगी। लिहाजा पुलिस अब उसके होश आने का इंतजार कर रही है।

**मंदिर जाने की बात कहकर घर से निकला था आरोपी:** जानकारी के अनुसार लवीश के परिवार में कुल चार सदस्य है, लेकिन किसी भी सदस्य का कोई खाता बैंक में नहीं है। आरोपी युवक के परिवार में माता-पिता के अलावा एक बड़ा भाई अभय है जो दिल्ली में एक फैक्ट्री में काम करता है। पिता खेती के साथ कपड़े की फेरी लगाते हैं।

**साथी को भी हिरासत में लेकर पूछताछ:** पिता ने बताया कि लवीश पतारा स्थित हरदेवी महाविद्यालय से बीएससी फाइल ईयर का छात्र है। शनिवार सुबह करीब 9-10 बजे के बीच घर से साइकिल लेकर नागेलिनपुर मंदिर जाने की बात कहकर निकला था। वह बैंक कैसे पहुंचा, इस बात से परिजनों ने अनभिज्ञता जताई। पुलिस मामले की तह तक जाने के लिए उसके एक साथी को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**साइकिल से बैंक लूटने पहुंचा था छात्र:** हमलावर अकेले ही साइकिल से बैंक लुटने पहुंचा था। वारदात से पहले उसने बैंक के बगल में ही अपनी साइकिल खड़ी की थी। इसके बाद पिठ्ठू बैग से तमंचा निकालकर कमर में लगाया और चाकू हाथ में लेकर बैंक में दाखिल हुआ था। भीतर घुसते ही उसने गार्ड पर हमला कर दिया था।

## विदेशों में भी सनातन और हिंदुत्व का वैभव... हर कोई शांति खोज रहा

**प्रयागराज , एजेंसी।** अब सनातन और हिंदुत्व का वैभव पूरी दुनिया में दिख रहा है। हर कोई शांति खोज रहा है। दूसरे देशों के लोग भी सनातन धर्म से जुड़कर दीक्षा ले रहे हैं। महाकुंभ में आज ही कई देशों से आए श्रद्धालुओं ने आश्रम में दीक्षा ली है। इसके बाद वह पूरी तरह सनातन धर्म के आधार पर अपना जीवनयापन करेंगे।

यह कहना है अमेरिका में रहने वाली अनंतश्री विभूषित जगदुरु भक्तिमयी मीराबाई साईं मां लक्ष्मी देवी का। महाकुंभ क्षेत्र के सेक्टर 20 में बने शक्तिधाम आश्रम में उन्होंने नीरज मिश्रा से विशेष बातचीत की।

जगदुरु साईं मां लक्ष्मी देवी मॉरीशस में पैदा हुईं। कुछ वर्षों के बाद वह फ्रांस चली गईं। इसी दौरान वह सत्य साईं बाबा से मिली और उनकी शिष्य बन गईं।

2007 में उन्हें जगदुरु की उपाधि से सम्मानित किया गया। साईं मां लक्ष्मी के माता-पिता दक्षिण भारतीय हैं और वह अमेरिका में रहते हैं। उनके आश्रम भारत में वाराणसी, जापान, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप के कई देशों में है। 40 देशों में उनके शिष्य हैं।



आपके आश्रम में अधिकतर विदेशी दिख रहे हैं। क्या यह सभी सनातनी हो गए हैं? सनातन के बारे में अब पूरे विश्व में चर्चा हो रही है। पिछले एक दशक से अधिक समय से मेरे आश्रम में लोग जुड़ रहे हैं। विदेशों से अनेक भक्त भारत आकर सनातन का वैभव देख रहे हैं। यही नहीं, वह सनातनी बनने के लिए आश्रम से दीक्षा लेकर हमारे अनुसार योग, जाप और तप कर रहे हैं। आश्रम में अभी अमेरिका, फ्रांस समेत पश्चिम के कई देशों से करीब 40 साधु-संत पहुंचे हैं। इनमें नौ महामंडलेश्वर हैं। यह सभी सनातन के प्रचार में लगे हैं।

**कुछ देशों में युद्ध चल रहा है, यह कब रुकेंगे?:** कुछ देशों में अपनी ताकत दिखाने की होड़ है। अमेरिका सैन्य हथियारों के निर्यात में अपना वर्चस्व चाहता है। जब तक हथियार बनने कम नहीं होंगे, उनका प्रयोग होता रहेगा।

**अमृत स्नान के दौरान एक संत के रथ पर एक एंकर के जाने से विवाद हो रहा है। आपका क्या कहना है? :** मुस्कराते हुए। मैं आपका सवाल समझती हूं। लेकिन मुझे इसमें कोई विवाद समझ में नहीं आता है। यह आत्मा के परिवर्तन की बात है। अगर किसी का मन धर्म और अध्यात्म में लग रहा है। उसे आश्रमों में खुशी और शांति मिल रही है। वह अध्यात्म की राह पर चलना चाहता है, तो इसमें बुराई क्या है। धर्म के लिए आगे आना हम सबका फर्ज है।

**सनातन बोर्ड क्यों जरूरी है?:** सनातनियों के देश में सनातन बोर्ड नहीं होगा, तो कहां होगा। भारत के लिए सनातन बोर्ड बहुत जरूरी है। हमारे धर्म के पूजा-पाठ बहुत प्रभावी हैं। जब सुनामी आई थी तब लाखों लोग मारे गए थे। मैं वाराणसी से ब्राह्मणों को लेकर गई और विदेशों में अनुष्ठान कराए। उसका प्रतिफल मिला कि सुनामी जैसी आपदा फिर नहीं आई। ऐसा वहां के लोग भी मानते हैं।

**हिंदू को लेकर विवाद हो रहा है। कोई सबको हिंदू कहता है, तो कोई वर्ण व्यवस्था बताता है। आपके हिसाब से हिंदू क्या है?:** हम सब ईश्वर की संतान हैं। हमें ईश्वर ने ही बनाया है। मैं किसी के बयान पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगी, लेकिन मेरे हिसाब से सब ईश्वर की संतान हैं और ईश्वर ने किसी में भेद नहीं किया। आश्रम में आने वालों से जाति नहीं पूछी जाती, सब ईश वंदना करना चाहते हैं। योग करना चाहते हैं। ईश्वर ने किसी को नहीं रोका। हम रोकने वाले कौन होते हैं।

## बेतिया एस्टेट: गोरखपुर के बेतियाहाता में हो रही जमीनों की पैमाइश

**गोरखपुर , एजेंसी।** बेतिया एस्टेट की जमीनों की नए सिरे से तलाश शुरू हो गई है। यूपी और बेतिया राज कचहरी के रिकॉर्ड का भी मिलान किया जा रहा है। यूपी के राजस्व आंकड़ों के मुताबिक, गोरखपुर और बस्ती मंडल में कुल 125 एकड़ जमीन है, लेकिन बेतिया राज कचहरी के दस्तावेजों में कुछ और जमीनों का पता चला है। दस्तावेजों की जांच के बाद रिकॉर्ड से गायब जमीनों का पता लगाने में बिहार सरकार के राजस्व अधिकारी जुटेंगे।



राजस्व आंकड़ों के मुताबिक, बेतिया एस्टेट की जमीनें गोरखपुर के अलावा महराजगंज, कुशीनगर और बस्ती में हैं। इन जमीनों की पैमाइश कराकर रिपोर्ट बिहार सरकार के अलावा बेतिया एस्टेट को देनी है।

इसके लिए बिहार सरकार की ओर से प्रशासक के तौर पर सहायक बंदोबस्त अधिकारी बद्री प्रसाद गुप्ता और राजस्वकर्मियों की टीम को भेजा गया है। करीब डेढ़ महीने में अभी तक गोरखपुर के बेतियाहाता मोहल्ले में ही दो जमीनों की पैमाइश हो पाई है, जबकि यहां 17 जमीनें हैं।

कुशीनगर के पकहा, जरार और पतिलार, महराजगंज सदर और बस्ती सदर तहसील के दुबौली और कटया गांव में जमीनें मिली हैं। इन जमीनों की पैमाइश अभी नहीं हो सकी है। सभी जगहों पर राजस्वकर्मियों की कमेटी गठित करने के लिए एसडीएम को बिहार सरकार के प्रशासक ने पत्र लिखा है।

उधर, गोरखपुर के बेतियाहाता मोहल्ले में पैमाइश में हो रहे विलंब पर शनिवार को डीएम और बिहार सरकार राजस्व परिषद के सचिव को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया है। इसके अलावा प्रयागराज में 22 एकड़ जमीन रिकॉर्ड में मिली है। महाकुंभ के बाद पैमाइश के लिए टीम वहां जाएगी।

## टकराने के बाद वैन पर पलटा डंपर, कोहरे के चलते हुआ हादसा, आठ घायल

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर देहात में भोगनीपुर-सिकंदरा मुगल रोड पर इटखुदा के पास रविवार सुबह कोहरे के चलते डंपर और वैन में भिडंत हो गई। अनियंत्रित होकर खंदी में गिरी वैन पर डंपर का केबिन पलट गया। इससे वैन व डंपर सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाकर आठों घायलों को बाहर निकाला और पीएचसी राजपुर में भर्ती करवाया है।



भोगनीपुर थाना क्षेत्र के करियापुर निवासी आकाश ने बताया कि शनिवार को उसके इटावा निवासी मामा देवेंद्र शर्मा की बेटी अन्नू की शादी थी। इसमें वह भाई विकास (18), मनी (19), विनय (25), रिश्तेदार धीरेंद्र निवासी इमलिया थाना मुसकरा हमीरपुर के साथ दौलतपुर निवासी शालू की वैन किराए पर लेकर गए थे। रविवार तड़के विदाई के बाद वह लोग वैन से घर लौट रहे थे।

**अनियंत्रित होकर खंदी में उतर गई थी वैन:** मुगल रोड पर इटखुदा के पास कोहरे के चलते सामने आ रहे डंपर ने उनकी वैन में टक्कर मार दी। इससे वैन अनियंत्रित होकर खंदी में उतर गई। साथ ही, डंपर का केबिन वैन के अगले हिस्से पर पलट गया। इससे वैन व डंपर सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को बाहर निकालने के प्रयास के साथ घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन घंटे रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी घायलों को पीएचसी राजपुर पहुंचाया है।

## कालीन निर्यातक ने बेटे और बहू के नाम से बनाई कंपनी, तीन कारोबारियों से हड़पे 6.13 करोड़ रुपये

**मुरादाबाद , एजेंसी।** मिर्जापुर और भदोही के तीन कारोबारियों ने शहर के एक निर्यातक, उनके बेटे और बहू पर 6.13 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने एसएसपी और एसपी सिटी को को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इससे पहले बीकानेर के एक कारोबारी ने भी इन आरोपियों के खिलाफ करोड़ों की धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था। एसएसपी ने गलशहीद थाना प्रभारी को मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मिर्जापुर निवासी कालीन कारोबारी शहजाद आलम ने पुलिस अफसरों को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि 2012 में उनकी मुरादाबाद के गलशहीद क्षेत्र में रहने वाले एक निर्यातक से मुलाकात हुई थी। उन्होंने निर्यातक के साथ कालीन का कारोबार किया था। इसके बाद निर्यातक ने अपने बेटे और बहू के नाम बनी कंपनी से विदेश माल भेजा। 3.31 करोड़ रुपये का माल विदेश भेजा गया लेकिन भुगतान नहीं किया गया। कई बार तगादा किया गया तो आरोपियों ने उन्हें धमकी दी। शहजाद आलम के अलावा भदोही के महमूद आलम और मनोज कुमार मौर्य ने भी धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। महमूद का आरोप है कि निर्यातक, उनके बेटे और बहू ने 1.40 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया है। मनोज मौर्य का आरोप है कि निर्यातक ने उनसे 1.42 करोड़ की ठगी की। इससे पहले गलशहीद थाने में बीकानेर के कारोबारी भी आरोपियों पर केस दर्ज करा चुके हैं। उन्होंने पांच करोड़ रुपये हड़पने का आरोप लगाया था। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया तीन कारोबारियों ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। गलशहीद थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आयुष विंग में इलाज तो मिल जाएगा...दवाएं नहीं



**कौशांबी, एजेंसी।** अगर आप बीमार हैं और मेडिकल कॉलेज के आयुष विंग में इलाज के लिए जा रहे हैं तो आपको मायूस होना पड़ सकता है। यहां इलाज तो मिल जाएगा, लेकिन दवाएं नहीं मिल पाएंगी। क्योंकि अस्पताल में साल भर से कई रोगों की प्रमुख दवाएं नहीं आ रही हैं। इस वजह से मरीजों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज में ही आयुष विंग का संचालन हो रहा है। यहां सालभर से कई मर्ज की दवाएं ही नहीं आ रही हैं। यह पहला मौका भी नहीं जब ऐसा हुआ हो। पहले भी कई बार मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ा। उन्हें बाहर से दवाओं के लिए सैकड़ों रुपये खर्च करने पड़े हैं।

नाम न छापने की शर्त पर डॉक्टर ने बताया कि पहले यहां रोजाना 100 से 150 मरीज का इलाज होता था। लेकिन, दवाएं नहीं मिलने की वजह मरीजों संख्या भी आधी हो गई है। शासन से जो भी दवाएं आती हैं, वह कुछ ही दिन में खत्म हो जाती हैं। दवाओं का स्टॉक भी काफी कम आता है। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण खांसी के मरीज बढ़े हैं, लेकिन अस्पताल में खांसी का दवा नहीं है। इसके अलावा च्यवनप्राश आदि भी नहीं है। लोग बाहर से दवा खरीदने को मजबूर हैं।

### बोले मरीज

कटैया गांव से आए पीड़ित महेंद्र कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के आयुष विंग में करीब एक माह से पाइल्स का इलाज करा रहा हूं। यहां गिनी चुनीं दवाएं मिलती हैं, बाकी बाहर से लेनी पड़ती है।

देवी दयाल का पुरवा निवासी चर्मरोग पीड़ित भैयालाल ने बताया कि आठ माह से हर सप्ताह आता हूं। आराम तो मिला, लेकिन परेशानी यह है कि हमें पूरी दवाएं नहीं मिलती हैं। इसलिए डॉक्टर की लिखी दवाओं को बाहर से लेना पड़ता है।



## अनवर में दीप्ति के छोटे रोल से कैसे बनीं मिर्जापुर की बिना त्रिपाठी

रसिका दुग्गल इन दिनों अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। मिर्जापुर में रसिका ने बिना त्रिपाठी का किरदार निभाया, जो मिर्जापुर सीरीज के हर एक प्रशंसक का पसंदीदा किरदार बन चुका है। रसिका ने बिना से पहले भी कई फिल्मों और सीरीज में बेहतरीन किरदार निभाए हैं, जिनमें उनके जबर्दस्त अभिनय ने दर्शकों का दिल जीता है।

### मिर्जापुर-बिना त्रिपाठी

मिर्जापुर क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में रसिका दुग्गल ने कालीन भैया की दूसरी पत्नी का किरदार निभाया था। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इसके बाद इसका दूरसा भाग मिर्जापुर 2 और अब जल्द ही मिर्जापुर 2 आने वाली है। इस सीरीज में बिना त्रिपाठी के किरदार से रसिका ने सभी का दिल जीत लिया है।

### अनवर-दीप्ति

रसिका दुग्गल का जन्म 17 जनवरी 1985 को बिहार में हुआ। रसिका वैसे तो कई भारतीय फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी बेहतरीन भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। 2007 में रसिका ने फिल्म अनवर में एक छोटी भूमिका के साथ स्क्रीन पर शुरुआत की थी। इस फिल्म में रसिका ने दीप्ति नाम का किरदार निभाया था। यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म थी, जिसे मनीष झा ने लिखा और निर्देशित किया है। रसिका के अलावा इस फिल्म में सिद्धार्थ कोइराला और मनीषा कोइराला के साथ राजपाल यादव और नौहीद सिरुसी भी नजर आए।

### दिल्ली क्राइम

नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस क्राइम सीरीज दिल्ली क्राइम में रसिका दुग्गल के काम ने दर्शकों का दिल जीतने में जरा सी भी कसर नहीं छोड़ी। इस सीरिज को रिची मेहता ने लिखा और निर्देशित किया है। इस सीरिज में रसिका के अलावा में शेफाली शाह, आदिल हुसैन और राजेश तैलंग नजर आए।

### आउट ऑफ लव-डॉ. मीरा कपूर

रसिका दुग्गल के आउट ऑफ लव वेब सीरीज में भी बेहतरीन अभिनय किया है। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई थी। इस सीरीज में रसिका ने डॉ. मीरा कपूर की भूमिका निभाई थी। आउट ऑफ लव माइक बार्टलेट द्वारा डॉक्टर फोस्टर पर आधारित एक भारतीय थ्रिलर ड्रामा टेलीविजन सीरीज है। इसका निर्देशन तिग्मांशु धूलिया और ऐजाज खान ने किया है, जिसमें रसिका दुगल के अलाव पूरब कोहली मुख्य भूमिकाओं में नजर आए।

### ए सूटेबल बॉय

नेटफ्लिक्स और बीबीसी वन पर रिलीज हुई सीरीज ए सूटेबल बॉय में भी रसिका दुग्गल के काम को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस सीरिज को मीरा नायर ने निर्देशित किया है। यह सीरीज विक्रम सेठ के 1993 के इसी नाम के उपन्यास से एंड्रयू डेविस द्वारा रूपांतरित की गई है।



# मम्मी की ऐक्टिंग देख सिनेमा से हुआ प्यार

बॉलीवुड में जल्द ही एक और स्टार किड पर्दे पर दस्तक देने जा रही है और वह नई-नवेली हीरोइन हैं राशा थडानी। मशहूर एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा निर्देशक अभिषेक कपूर की फिल्म आजाद से अपनी फिल्मी पारी का आगाज करने जा रही हैं। खास बात यह है कि बचपन से एक्ट्रेस बनने का सपना देखने वालीं राशा ने अपनी 12वीं की पढ़ाई भी पूरी नहीं की थी, जब उन्हें यह फिल्म मिल गई। इसके चलते, उन्हें फिल्म की शूटिंग के दौरान अपने बोर्ड एग्जाम की तैयारी भी करनी पड़ी। बकौल राशा, सिनेमा के लिए उनका प्यार अपनी मम्मी रवीना टंडन के सेट पर हुआ। वह कहती हैं, सिनेमा से प्यार तो मुझे बचपन में ही हो गया था, क्योंकि जब मैं छोटी थी, तब मम्मा के साथ उनके सेट पर बहुत जाती थी। मैंने उन्हें कैमरे के सामने परफॉर्म करते हुए काफी देखा है और उनसे बहुत सीखा भी है। मम्मी को डांस करते या कैमरे के आगे एक्सप्रेशन देते हुए देखना मेरे लिए बहुत प्रेरित करने वाला था। इसलिए, जब मैं बड़ी हो रही थी, तब मुझे पता था कि मुझे भी एक्टिंग ही करनी है। यह बात मेरी मम्मा और पापा भी जानते थे क्योंकि मेरा और कोई इंट्रेस्ट नहीं था। फिल्म में राशा का डांस नंबर उई अम्मा काफी पॉपुलर हो चुका है। राशा की मां रवीना टंडन के तू चीज बड़ी है मस्त-मस्त, अंखियों से गोली मारे, शहर की लड़की जैसे कई आइकॉनिक डांस नंबर रहे हैं, तो क्या राशा ने अपनी मां से डांस के टिप्स लिए? इस पर उन्होंने बताया, मैं बचपन से डांस कर रही हूं। मैंने कथक सीखा है तो उससे मुझे बहुत मदद मिली। इसके अलावा, मम्मा ने मुझे अपने गानों के बजाय हमेशा रेखा जी के गाने, उनकी परफॉर्मेंसेज दिखाई। जैसे इन आंखों की मस्ती में... गाने में छोटे छोटे पार्ट ब्रेक करके वह सिखाती थीं कि देखो, रेखा जी के एक्सप्रेशन यहां पर कैसे है, तो मम्मी ने हमेशा यह सिखाया कि डांस में एक्सप्रेशन बहुत मायने रखता है।

राशा के मुताबिक, फिल्म के लिए बोली का अंदाज पकड़ना उनके लिए मुश्किल था। वह बताती हैं, हमने शूटिंग से पहले काफी वर्कशॉप किए थे। रिहर्सल भी की थी। घुड़सवारी की क्लासेज ली थीं। साथ ही, फिल्म में बुंदेलखंडी बोलनी थी तो उसके लिए भी क्लासेज हुई थीं, मगर इस बोली को पकड़ना मेरे लिए थोड़ा सा चुनौतीपूर्ण था। उसे पकड़ने में मुझे थोड़ी मुश्किल हुई थी। वहीं, पहले दिन की शूटिंग मुझे पूरी तरह याद ही नहीं है, क्योंकि मैं ब्लैंक हो गई थी। मैं पहली बार कैमरे के सामने शूट कर रही थी, इससे पहले मैंने फोटो शूट किए थे, पर जब मैं घोड़े और अपने को-ऐक्टर्स के साथ कैमरे के सामने थी और डायरेक्टर सर बता रहे हैं कि ऐसे करना है, वैसे करना है तो मैं बहुत डर गई थी।

## बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन में मुख्य किरदार निभाएँगी अभिनेत्री दीक्षा धामी

नए साल की शुरुआत के साथ, शेमारू उमंग अपने दर्शकों के लिए एक नया और रोमांचक शो लेकर आ रहा है, जिसका नाम है बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन। हाल ही में रिलीज़ हुए प्रोमो ने दर्शकों को चैना से परिचित कराया, जो एक जिंदादिल और चतुर लड़की है। इस किरदार को प्रतिभाशाली अभिनेत्री दीक्षा धामी निभा रही हैं। राजस्थान की खूबसूरत पृष्ठभूमि पर आधारित इस कहानी में परिवार, परंपराओं और सत्ता संघर्ष का ताना-बाना बुना गया है। स्मार्ट और दिल की साफ लड़की चैना, गाँव की रहने वाली है, जो जीवन की चुनौतियों का सामना अपनी बुद्धिमानी और अनोखे अंदाज़ से करती है। लेकिन, उसकी दुनिया तब बदल जाती है, जब हालात उसे गाँव की गलियों से एक भव्य हवेली तक ले आते हैं। उन्होंने आगे कहा, नए साल की शुरुआत इतने शानदार मौके के साथ करना मेरे लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। चैना एक बहादुर और अपने परिवार से जुड़ी हुई लड़की है। वह चालाक है, एक स्वाभाविक कहानीकार है और हमेशा अपने आसपास के लोगों के लिए सही समाधान ढूँढती है। इस किरदार को निभाते हुए मैंने बहुत कुछ सीखा है और इसे और निखारने के लिए मैं कड़ी मेहनत कर रही हूँ। दीक्षा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, एक अभिनेत्री के रूप में हर प्रोजेक्ट मेरे लिए एक नई सीख लेकर आता है, लेकिन यह शो मेरे दिल के बेहद करीब है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक चैना की यात्रा से जुड़ाव महसूस करेंगे, उसकी भावनाओं को समझेंगे और इस खूबसूरत कहानी का भरपूर आनंद लेंगे।



## नंदामुरी बालकृष्ण के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा था

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला का हालिया रिलीज गाना 'दबीदी दबीदी' को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने बताया कि नंदामुरी बालकृष्ण के साथ डांस करना उनके लिए सिर्फ एक परफॉर्मेंस नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर रहा। यह उनके लिए कला के प्रति सम्मान था। अभिनेत्री ने कहा, नंदामुरी जैसे दिग्गज के साथ काम करना एक बड़ा सम्मान है। नंदामुरी सर के साथ डांस मेरे लिए सिर्फ एक परफॉर्मेंस नहीं था, यह कला, कड़ी मेहनत और कला के प्रति सम्मान है। उनके साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा था और हर कदम, हर इशारा साथ मिलकर कुछ खूबसूरत करने का था। अभिनेत्री ने कहा कि वह हर फीडबैक को महत्व देती हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात मेरे फैंस से मिलने वाला प्यार और हमारे बीच का सच्चा जुड़ाव है। कला हमारी भावनाओं को दिखाती है और आलोचना चाहे जितनी भी हो, मेरा उद्देश्य शानदार और बेस्ट परफॉर्म करने में रहा है। फिल्म के 100 करोड़ रुपये के क्लब में पहुंचने के बारे में उन्होंने कहा, मैं 2025 की पहली आउटसाइडर अभिनेत्री के रूप में इतिहास रचने और इतनी तेजी से 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने के लिए खुद को लकी मानती हूं। मैं इस फिल्म को मिले रिएक्शन से वाकई बहुत खुश हूं। ब्लॉकबस्टर फिल्म बनना एक सपने के सच होने जैसा है और मैं इस सफलता का श्रेय अपने प्रशंसकों, फिल्म की टीम और दर्शकों के प्यार और विश्वास को देती हूं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में एक बाहरी व्यक्ति के रूप में, यह मील का पत्थर बहुत मायने रखता है, यह कड़ी मेहनत, दृढ़ता और खुद पर विश्वास की वजह से है। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि सिर्फ मेरी नहीं है, यह उन सभी के लिए है, जो बड़े सपने देखने और बाधाओं को तोड़ने की हिम्मत रखते हैं। यहां और अधिक सार्थक सिनेमा, कभी ना भूल पाने वाली कहानियां और साथ मिलकर इतिहास बनाने के लिए प्रयास जारी है!






## बाहुबली एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी की घाटी में विक्रम प्रभु की एंट्री

बाहुबली एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी की मोस्ट अवेटेड फिल्म घाटी से फर्स्ट लुक उनके जन्मदिन पर जारी किया गया था। कृष जगरलामुडी द्वारा निर्देशित फिल्म की इस झलक में वो काफी हिंसक दिख रह थीं। उनकी आंखों में प्रतिशोध की आग और माथे पर खून से अधिक गुस्सा साफ दिख रहा था। अब इस फिल्म को लेकर एक ताजा अपडेट सामने आया है। अनुष्का शेट्टी की इस फिल्म को लेकर कहा जा रहा है कि विक्रम प्रभु इस फिल्म में लीडिंग रोल में नजर आएंगे। ये फिल्म यूवी क्रिएशन द्वारा प्रस्तुत और राजीव रेड्डी और साई बाबू जगरलामुडी द्वारा निर्मित किया गया है। ब्लॉकबस्टर वेदम की सफलता के बाद, घाटी अनुष्का और कृष की दूसरी फिल्म है,और यह यूवी क्रिएशन के साथ अनुष्का की चौथी फिल्म भी है।

### विक्रम प्रभु दमदार किरदार में नजर आएंगे

इस फिल्म में विक्रम प्रभु, देसी राजू के दमदार किरदार में नजर आएंगे। इस फर्स्ट लुक में विक्रम को घने जंगलों और बीहड़ घाट में पुलिस द्वारा पीछा करते हुए दिखाया गया है। विक्रम के कई ज़बरदस्त एक्शन सीक्वेंस हैं जहां वह गुंडों से भिड़ते दिखेंगे।

### अनुष्का और विक्रम के बीच शानदार केमिस्ट्री

एक्शन से भरपूर सीक्वेंस हल्के-फुल्के रोमांटिक टच के साथ खत्म होते हैं, जब विक्रम और अनुष्का एक-दूसरे के आसपास बाइक चलाते हुए नजर आते हैं जहां वे एक-दूसरे को देखकर मुस्कुराते हैं, जो यह दर्शाता है फिल्म के निश्चित रूप से उनके बीच जबरदस्त केमेस्ट्री होगी। फिल्म में न केवल हाई-ऑक्टेन एक्शन बल्कि एक मजेदार लव स्टोरी भी देखने को मिलेगी। तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी सहित कई भाषाओं में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।





# संघर्ष के दिनों में मां मेरी नौकरी लगवाना चाहती थीं

आर्मी अफसर बनने की ख्वाहिश रखने वाले जयदीप अहलावत को जब वहां रिजेक्शन का सामना करना पड़ा, तब वह इस बात से अनजान थे कि भविष्य में अभिनय के क्षेत्र में नाम कमाने वाले हैं। स्न्ऋद्धद्ध से ग्रेजुएट हुए जयदीप अहलावत ने अभिनय जगत में भी संघर्ष किया, मगर गैंग्स ऑफ वासेपुर ने उनकी किस्मत बदल दी। फिल्मों के साथ-साथ ओटीटी पर भी सराहनीय काम करने वाले जयदीप बहुत जल्द वेब सीरीज पातल लोक के सीजन 2 में नजर आएंगे।

**आप फौज में जाना चाहते थे, मगर फिर अभिनय के क्षेत्र में आए, छोटे-मोटे रोल्स किए और आज तो आपके लिए खास तौर पर किरदार लिखे जा रहे हैं?**

सच कहूं, तो आप धन्य होते हैं। ग्रैटिट्यूड महसूस करते हैं। आप उनके प्रतिअहसानमंद होते हैं, जिन लोगों ने आप पर भरोसा दिखाया। जब मुझे किसी एक काम का क्रेडिट मिलता है, तो मुझे वो सारे चेहरे याद आ रहे होते हैं, जिनके साथ मिलकर वो काम हुआ और मैं सभी को हाथ जोड़कर शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। वैसे मैं ऊपरवाले का इसलिए भी धन्यवाद अदा करना चाहूंगा, कि मेरे हाथ -पैर सलामत हैं। मेरा दिमाग चल रहा है और मेरे इर्द गिर्द के लोग मुझे सपोर्ट करते हैं। एक अभिनेता के रूप में इसलिए भी शुक्रगुजार हूं कि अच्छा काम मिलता गया।

**क्या ये सच है कि संघर्ष के दिनों में आपकी मम्मी आपकी नौकरी लगवाना चाहती थीं?**

हां, बिल्कुल सही है ये बात। मां को लगता था कि सरकारी नौकरी होगी, तो बंधी हुई तनख्वाह मिलेगी। उन्हें लगता था कि मेरा भविष्य सेफ हो जाएगा। हम सभी उसी बैकग्राउंड से आते हैं, जहां माता-पिता को लगता है कि बच्चा कोई सरकारी या सिक्योर नौकरी कर ले ताकि उनकी चिंता खत्म हो जाए कि बच्चे सर्वाइव कैसे करेंगे? खाना कहां से आएगा? वो फिक्र हम सभी मिडिल क्लास के माता-पिता की रहती है। मेरी मां ने जब मेरी नौकरी की बात कही, तब मैंने फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। एक दिन मां ने काम का हालचाल जाना और बोलीं कि वह जान-पहचान वाले स्रूसे कह कर एक जूनियर प्रोफेसर की नौकरी जरूर लगवा सकती हैं।

**गैंग्स ऑफ वासेपुर,राजी, एक्शन हीरो जैसी फिल्में हों या फिर पाताल लोक और द ब्रोकन न्यूज जैसी सीरीज, एक एक्टर के रूप में दोनों में काम करने के तरीकेकार में क्या अंतर पाते हैं?**

एक अदाकार के रूप में कोई खास फर्क नहीं लगता, क्योंकि रोल के प्रति आपका समर्पण एक-सा होता है। आपकी कोशिश यही होती है कि आप अपने किरदार को ज्यादा से ज्यादा विश्वसनीय बना सकें। एक अंतर यह है कि वेब सीरीज में आप लंबे समय तक किरदार में रमे रहते हैं, तो जैसे पाताल लोक है, तो उसमें लगभग तीन फिल्मों जितना वक्त लगा पर उसका फायदा ये होता है कि आप किरदार को बहुत विस्तार से किया जा सकता है। तो कैरेक्टर को बिल्ड करना थोड़ा सरल है। फिल्मों में लेंथ कम होती है तो वो थोड़ा जल्दी हो जाती है। वेब सीरीज में थोड़ी-सी एनर्जी और वक्त देना होता है। लेकिन एक एक्टर के तौर पर आपकी अप्रोच वही होती है।

**आपकी इस वेब सीरीज के सीजन 2 में आपके लिए इस रोल में नया क्या होगा?**

नयापन तो स्क्रिप्ट में है। एक इंसान जो कई फंट पर हारा हुआ-सा फील करता है, मगर वो ऐसा है नहीं। लोगों को लगता है कि वो फेल्योर है, मगर है नहीं। इतने बड़े केस को सुलझाने के बावजूद उसकी दुनिया में कुछ नहीं बदला है, क्योंकि कुछेक लोगों के अलावा सच किसी को नहीं पता। अब जो चुनिंदा लोग जो उसके करीबी हैं, उनकी नजर में हाथीराम चौधरी के प्रति लोगों का नजरिया बदल गया है। वो एक सत्यान्वेषी टाइप का आदमी है और सचाई जानने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सीजन 2 में आपको एक अलग ही दुनिया देखने को मिलेगी, जहां आप खान-पान या किसी भी चीज से वाकिफ नहीं होंगे। इसकी जो पॉलिटिकल और भौगोलिक कंडीशंस हैं, वे हाथीराम चौधरी की पहुंच से बाहर हैं। मगर वो वहां भी सर्वाइव करता है। उसकी जान पर बन आती है, मगर वो पीछे नहीं हटता।

**आपकी निजी जिंदगी का पाताल लोक क्या है?**

दिन भर में समय न मिल पाना मेरा पाताल लोक बन जाता है। बीते लंबे समय से मैं काम के कारण काफी मसरूफ रहता हूं और ऐसे में जब मैं बिलकुल अकेला न होऊं, जब मुझे अपने लिए आधे घंटे का भी समय न मिले, तो वो मेरा पाताल लोक बन जाता है।

## शाह बानो की लाइफ पर बेस्ड फिल्म में दिखेंगी यामी गौतम

मां बनने के बाद यामी गौतम एक बार फिर बड़े परदे पर वापसी करने जा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक... एक्ट्रेस, शाह बानो की लाइफ पर बेस्ड फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगी। बता दें कि शाह बानो ने अपने पति से तलाक के बाद मेंटेनेंस पाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी थी। यह केस 1985 में ट्रिपल तलाक, महिलाओं के अधिकार और मुस्लिम पर्सनल लॉ से ज़ुड़ा था। शाह बानो के पक्ष में आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला देशभर में सामाजिक और कानूनी चर्चा का विषय बन गया था। शाह बानो का ट्रिपल तलाक केस मामले में काफी योगदान रहा है। यामी गौतम इस फिल्म के जरिए दर्शकों को इसी केस की अहमियत समझाएगी।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com
sonvarshavani.com/epaper



**कृषि के अंतर्गत, जल और उर्वरक दो प्रमुख संसाधन हैं एवं इनका प्रभावी उपयोग बहुत आवश्यक है। यह केवल अधिक उत्पादन के लिए ही नहीं, अपितु पर्यावरण सुरक्षा एवं मृदा की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए भी जरूरी है। सिंचाई के लिए अपनायी जाने वाली विभिन्न तकनीकों में से सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, फर्टिगेशन के लिए संपूर्ण विश्व में सबसे अधिक अपनायी जाने वाली तकनीक है, जिसमें से टपक सिंचाई (ड्रिप सिंचाई विधि) और फव्वारा सिंचाई सर्वाधिक लोकप्रिय है।**

# फर्टिगेशन प्रणाली से जल और उर्वरकों का प्रभावी उपयोग

फर्टिगेशन के दौरान ध्यान रखने योग्य बातें

फर्टिगेशन से तात्पर्य उर्वरकों को खेत में देने की प्रक्रिया या विधि से है। इसके अंतर्गत, उर्वरकों के मिश्रण को सिंचाई के काम में लाये जाने वाले जल के साथ मिलाकर सिंचाई संयंत्र के माध्यम से पौधों या फसलों को बराबर मात्रा में दिया जाता है। फर्टिगेशन के लिए टपक सिंचाई प्रणाली(ड्रिप सिंचाई विधि) सबसे अधिक उपयुक्त है।

## फर्टिगेशन तकनीक का उपयोग

फर्टिगेशन तकनीक का उपयोग व्यावसायिक कृषि और बागवानी में बड़े पैमाने पर किया जाता है। इसका प्रयोग पौधों के ऊतक विश्लेषण में पाई गई पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए किया जाता है। यही नहीं आमतौर पर सब्जियों तथा फलों जैसे उच्च मूल्य वाली फसलों में भी किया जाता है।

## उर्वरक सिंचाई की आवश्यकता



सिंचाई के साथ उर्वरकों के प्रयोग से जल व उर्वरकों का सही मात्रा में उपयोग होता है। इस माध्यम से उर्वरक प्रभावी रूप से पौधों की जड़ों तक पहुंचते हैं। फर्टिगेशन माध्यम से की गयी सिंचाई से पौधों को पोषक तत्वों की उपलब्धता अधिक रहती है। इससे उर्वरकों की उपयोग दक्षता बेहतर होती है। उर्वरकों के अधिक उपयोग से न केवल मृदा में रासायनिक बदलाव आते हैं बल्कि धीरे-धीरे उत्पादकता में भी कमी आती है। अतः फर्टिगेशन के माध्यम से पौधों को उचित मात्रा में पोषक तत्व ही नहीं मिलते बल्कि मृदा के स्वास्थ्य को भी संतुलित बनाये रखा जा सकता है।

### फर्टिगेशन में उपयोग होने वाले उर्वरक

अधिकांश पोषक तत्वों का फर्टिगेशन सिंचाई प्रणाली के माध्यम से उपयोग किया जा सकता है। फर्टिगेशन में नाइट्रोजन सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला पोषक तत्व है। स्वाभाविक रूप से पायी जाने वाली नाइट्रोजन एक डायटोमिक अणु है, जिससे पृथ्वी के वायुमंडल का लगभग 78 प्रतिशत हिस्सा बनता है। अधिकांश पौधे सीधे डायटोमिक नाइट्रोजन का उपयोग नहीं कर सकते हैं, इसलिए नाइट्रोजन को अन्य रासायनिक पदार्थों के एक घटक के रूप में समाहित किया जाता है, ताकि पौधों द्वारा उपयोग किया जा सके। आमतौर नाइट्रोजन को अमोनियम नाइट्रेट और यूरिया के रूप में प्रयोग किया जाता है। पौधों द्वारा उपयोग किए जाने वाले आवश्यक अन्य पोषक तत्वों में फॉस्फोरस और पोटेशियम शामिल हैं। नाइट्रोजन की तरह पौधों को फॉस्फोरस की भी आवश्यकता होती है, लेकिन उन्हें जैव-रासायनिक पोषक तत्वों के रूप में काम करने के लिए अन्य रासायनिक पदार्थों जैसे कि मोनोअमोनियम फॉस्फेट या डाईअमोनियम फॉस्फेट के रूप में होना चाहिए। ठीक इसी तरह पोटेशियम का एक सामान्य स्रोत म्यूरेट ऑफ पोटाश है, जो रासायनिक रूप से पोटेशियम क्लोराइड है।

पोटेशियम सल्पेफट जैसे विशेष उर्वरक, पानी में अत्यधिक घुलनशील होने के कारण फर्टिगेशन के लिए अत्यधिक उपयुक्त होते हैं। फेरस, मैंगनीज, जिंक, कॉपर, बोरॉन, मॉलीब्डेनम आदि पोषक तत्वों की आपूर्ति विशेष उर्वरकों के साथ की जाती है।

### जल प्रदूषण में कमी

रासायनिक उर्वरकों के निरन्तर प्रयोग से सतही जल और भूजल निरंतर प्रदूषित हो रहे हैं। अतः फर्टिगेशन से जल प्रदूषण को भी कम किया जा सकता है।

### स्वस्थ फसल वृद्धि

फर्टिगेशन के माध्यम से पत्ती, तना आदि भाग सूखे ही रहते हैं तथा कम भीगते हैं, जिससे रोग पनपने की आशंका कम होती है।

### ऊबड़-खाबड़ भूमि का प्रयोग

इस विधि का टपक सिंचाई के माध्यम से उपयोग करके ऊबड़-खाबड़ भूमि में भी उर्वरकों का अधिक दक्षता से उपयोग किया जा सकता है।

### खरपतवार नियंत्रण

फर्टिगेशन विधि के प्रयोग से खरपतवारों की वृद्धि कम होती है।

### जल और उर्वरक की बचत

सब्जियों में उर्वरक सिंचाई प्रणाली से पानी की लगभग 40 से 70 प्रतिशत और उर्वरक की 30 से 50 प्रतिशत बचत होती है।





## कृषि संसाधन सरंक्षण

उर्वरक सिंचाई प्रणाली से निम्न कृषि संसाधनों की बचत की जा सकती है:

पानी
उर्वरक
ऊर्जा
श्रम
समय



### उर्वरक सिंचाई प्रणाली के लाभ



उर्वरकों के मृदा में सीधे प्रयोग की तुलना में फर्टिगेशन माध्यम से उर्वरकों का पौधों द्वारा अधिक दक्षतापूर्ण उपयोग होता है। फर्टिगेशन द्वारा पोषक तत्व सीधे जड़ के सक्रिय भाग में पहुंचते हैं और पौधे इसे आसानी से ग्रहण करने में सक्षम होते हैं।

### कार्य प्रणाली में अधिक लचीलापन

फसल में वृद्धि के साथ-साथ खेत में प्रवेश कर सिंचाई तथा उर्वरकों का प्रयोग आदि कार्य उर्वरक सिंचाई प्रणाली की कमियां उच्च प्रारंभिक लागत।

### सूक्ष्म पोषक तत्वों का समुचित प्रबंधन

सूक्ष्म पोषक तत्वों की बहुत कम मात्रा भी सिंचाई जल के साथ घोलकर पौधों को सरल तरीके से प्राप्त करवाई जा सकती है।

# मचान विधि द्वारा कद्दूवर्गीय सब्जियों से अधिक मुनाफा

फसल की देखभाल व फलों की तुड़ाई में सुविधा

देश के विभिन्न हिस्सों में लगभग 70 से अधिक प्रकार की सब्जियां उगाई जाती हैं। जिनमें कद्दूवर्गीय समूह की 20 से अधिक सब्जियों की खेती की जाती है। गर्मियों के मौसम में उगाई जाने वाली सब्जियों का यह सबसे बड़ा समूह है, जोकि कुकुरबिटेसी वंश के अंतर्गत आता है। ये सब्जियां पोषण एवं आर्थिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण होती है। इनमें विटामिन एवं खनिज तत्व भरपूर होते हैं।साथ ही जल की भी पर्याप्त मात्रा होती है, जिससे शरीर तरोताजा रहता है। कद्दूवर्गीय फसलों के पौधों बेलनुमा होते हैं। जिस वजह से प व फल भूमि के संपर्क में रहते हैं। वर्षा के मौसम में खेत में पानी भर जाने से फसलों में कीट व रोगों का आक्रमण भी अधिक होता है। इसके परिणामस्वरूप पैदावर के साथ ही फलों की गुणवत्ता में भी कमी आ जाती है। बारिश के समय बाजार में सब्जियों की आवक कम होने की वजह से सब्जियों के भाव बढ़ जाते हैं। अतः इस समय किसान कद्दूवर्गीय फसलों की मचान विधि से खेती करके अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। बेल वाली सब्जियां, जिनके फल अधिक भारी नहीं हों, का चयन मचान पर चढ़ाने के लिए कर सकते हैं। करेला, लौकी, तोरई, खीरा, सेम आदि इस के लिए उपयुक्त फसलें हैं। नीचे की जगह में अल्पावधि फसलें, जो छाया में अच्छी पैदावार दे सकें, का चयन कर सकते हैं।

### मचान तैयार करने के लिए सामग्री

मचान तैयार करने के लिए 8-10 फीट लंबे बांस, बल्लियां, लोहे के एंगल अथवा सीमेंट के पोल आदि में से किसी का भी चयन कर सकते हैं, जो कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सके। सीमेंट के पोल व लोहे के एंगल महंगे होने के कारण प्रारंभिक लागत अधिक आती है, परन्त कई वर्षों तक ये स्थायी होते हैं। ऊर्ध्वाधर खंभों के



अलावा तार अथवा प्लास्टिक की रस्सी की आवश्यकता ऊपर जाल तैयार करने के लिए पड़ती है।

### मचान तैयार करने की विधि

ऊर्ध्वाधर खंभों को सीधा खड़ा करने के लिए 2-2.5 फीट के गहरे गड्ढे तैयार कर लें। गड्ढे से गड्ढे की दूरी लगभग 6 फीट की रखें, अधिक दूरी होने से फसल के भार से मचान झूलने लगती है। खंभों को सीधा खड़ा करके मिट्टी में अच्छी तरह दबा दें। सीमेंट के पोल का उपयोग कर रहे हैं, तो कोई समस्या नहीं आती, परन्तु जब लकड़ी के खंभों का प्रयोग करते हैं, तो दीमक से खराब हो जाते हैं। अतः इनके बचाव के लिए मिट्टी में दबने वाले हिस्से पर प्लास्टिक का पाईप अथवा पॉलीथीन चढ़ा दें। इसके तदुपरान्त सभी खंभों के ऊपरी सिरों को एक से दूसरे खंभे को जोड़ते हुए लोहे के तार से बांध दिया जाता है व फिर प्लास्टिक की रस्सी अथवा जाल से ऊपरी भाग को ढक दिया जाता है, जिससे बेल नीचे नहीं झूले। मचान की ऊंचाई 1.5-2.0 मीटर रख सकते हैं।

### फसलचक्र भी है जरूरी

एक स्वभाव वाली फसलों की लगातार बुआई करने से भूमि की उर्वराशक्ति का ह्रास होता है। इसके साथ ही कीट व रोगों का प्रकोप भी अधिक होने लग जाता है। अतः जरूरी है कि अलग-अलग फसलों की निर्धारित समयांतराल और तय क्रम में बुआई करें। इससे जमीन की उर्वराशक्ति बरकरार रहने की वजह से पैदावार भी अधिक मिलती है। फसलचक्र में फसलों का समावेश जलवायु, फसलों के स्वभाव तथा किसान की आर्थिक क्षमता के अनुरूप कर सकते हैं। दलहनी फसलें इसके लिए अधिक उपयुक्त हैं।

### पादप संरक्षण

लाल भृंग, फल मक्खी, पर्ण सुरंग, सफेद मक्खी, मृदुल आसिता, चूर्णिल आसिता, एंथ्रेक्नोज, विषाणु रोग आदि इन फसलों के मुख्य कीट व रोग हैं। इनकी रोकथाम के लिए समेकित नाशीजीव प्रबंधन युक्तियां अपनानी चाहिए। जहां तक हो सके, जैविक व यांत्रिक तरीके अपनायें व रसायनों का प्रयोग, जब आवश्यकता हो, तभी सिफारिश की गई मात्रा की दर से ही करें।

### मचान विधि

लता या बेल वाली सब्जियों को किसी सहारे की सहायता से जमीन से ऊपर तैयार संरचना पर फैला देते हैं, जिसे मचान, मंडप, ट्रेलिस अथवा पंडाल कहा जाता है। इसमें पौधों को लकड़ी, लोहे या सीमेंट के पोल पर तार अथवा प्लास्टिक जाल से तैयार संरचना पर फैला दिया जाता है। यह कई तरह से तैयार कर सकते हैं जैसे खड़ी मचान, छतनुता मचान, तिकोनी मचान आदि।

### बीजों की बुआई व पौधों को मचान पर चढ़ाना

खेत की तैयारी के बाद फसल के बढ़वार के स्वभाव के अनुसार 2.5-4.0 मीटर की दूरी पर 45 सें.मी. चौड़ी तथा 30-40 से.मी. गहरी नालियां (चैनल) बना लें। नालियों के दोनों किनारों (मेड़) पर 50-60 से.मी. की दूरी पर बीजों की बुआई करते हैं। जब टपक सिंचाई प्रणाली अपनायी जाती है, तो नालियां (चैनल) बनाने की आवश्यकता नहीं होती है व रेज्ड क्यारी तैयार की जाती है, ताकि जल निकास अच्छा हो। लगभग एक फीट के पौधे होने पर, मचान पर चढ़ाने का कार्य आरंभ कर देना चाहिए। प्रारंभिक अवस्था में निकलने वाली शाखाओं को हटाते रहें, जिससे बेल सीधी बढ़ सके व ऊपर तैयार जाल पर फैल सके।

## मचान विधि से खेती करने के फायदे

### उपज में वृद्धि

तैयार संरचना पर पौधों को फैला देने से फैलने के लिए पर्याप्त जगह मिल जाती है, जिसके परिणामस्वरूप प्रकाश संश्लेषण के कारण पैदावार में बढ़ोतरी होती है।

### गुणवत्ता में सुधार

फल, भूमि के संपर्क में नहीं आने से आकार में लंबे, मुलायम एवं रंग में समरूप रहते हैं, जिससे फलों का बाजार मूल्य अधिक मिलता है।

### कीट व रोगों का कम प्रकोप

मचान विधि में पौधे भूमि से दूर रहने के कारण कीट व रोगों से कम प्रभावित होते हैं व नियंत्रण करना भी आसान होता है।

### भूमि का इष्टतम उपयोग

लता वाली सब्जियों को मचान पर चढ़ा देने की वजह से नीचे बची खाली जगह में आंशिक छाया वाली फसलें जैसे-धनिया, पालक, हल्दी, अरबी, मूली आदि उगाकर दोहरा लाभ ले सकते हैं।

### फसल की देखभाल व फलों की तुड़ाई में सुविधा

इस विधि से खेती करने पर सम-सामयिक कार्य में आसानी होने के साथ ही फलों की तुड़ाई भी आसानी से कर सकते हैं।

## उन्नत किस्में



### लौकी

पूसा नवीन, पूसा मंजरी, पूसा मेघदूत, पूसा संदेश, अर्का बहार, पूसा संतुष्टि, पूसा समृद्धि, पूसा हाइब्रिड-3, काशी गंगा, काशी बहार, अर्का बहार आदि।

### करेला

पूसा रसदार, पूसा पूर्वी, पूसा औषधि, पूसा दो मौसमी, पूसा विशेष, पूसा हाइब्रिड-1, पूसा हाइब्रिड-2, काशी उर्वशी, अर्का हरित आदि।

### नसदार तोरई

पूसा नसदार, काशी शिवानी, स्वर्ण मंजरी, कल्याणपुर धारीदार, पंत तोरई-1, फुले सुजाता, पूसा नूतन, काशी खुशी, अर्का सुजात, अर्का सुमीत, अर्का प्रसन आदि।

### चिकनी तोरई

काशी सौम्या, काशी ज्योति, पूसा सुप्रिया, पूसा स्नेहा, स्वर्ण प्रभा, पूसा चिकनी, काशी दिव्या, कल्याणपुर हरी चिकनी, राजेन्द्र नेनुआ-1, पंत चिकनी तोरई-1 आदि।

### खीरा

पूसा उदय, पूसा बरखा, पोइनसेट, पूसा संयोग आदि।



## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर के काकचिंग में उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन 'यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (यूपीपीके) के एक सदस्य को काकचिंग जिले से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उग्रवादी को शनिवार को काकचिंग जिले के हियांगलाम लाई पंगाम्बा इलाके से गिरफ्तार किया गया। इस बीच सुरक्षा बलों ने शनिवार को थौबल जिले के लिलोंग पुलिस थाना क्षेत्र से एक सिंगल-बोर बैरल (स्नाइपर), एक देसी राइफल, एक कार्बाइन मैगजीन, थ्री नॉट थ्री मैगजीन, एक हथगोला, एक डेटोनेटर, गोला-बारूद और अन्य सामान जब्त किए।

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस विश्व आर्थिक मंच में भाग लेने के लिए दावोस रवाना

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में भाग लेने के लिए स्विट्जरलैंड के दावोस रवाना हो गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। फडणवीस सोमवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मध्य रात्रि को दावोस रवाना हुए। बयान के अनुसार इस दौरान मुख्यमंत्री डेटा सेंटर, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, फार्मा, बुनियादी ढांचा और अन्य क्षेत्रों के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसमें कहा गया है कि महाराष्ट्र को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। फडणवीस ने मुख्यमंत्री के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में तीन बार विश्व आर्थिक मंच में भाग लिया था।

### मणिपुर के कांगपोकपी में 25 एकड़ में अफीम की खेती नष्ट की गई: मुख्यमंत्री

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि जिला पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दलों ने कांगपोकपी जिले में 25 एकड़ में अफीम की अवैध खेती को नष्ट कर दिया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने की पहल के तहत कांगपोकपी जिला पुलिस और 133 बीएन सीआरपीएफ की दो प्लाटून की एक संयुक्त टीम ने कांगपोकपी के वाई लांगखोंग गांव में एक विशेष अभियान के दौरान 25 एकड़ में अफीम की खेती को नष्ट कर दिया।'' सिंह ने कहा कि इस तरह के अभियान ''मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण हैं और ये पूरी प्रतिबद्धता से जारी रहेंगे।

### शादी से मना करने की खौफनाक सजा; घर में घुसकर 10वीं की छात्रा का रेता गला

**फरीदाबाद एजेंसी।** फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी में 15 साल की नाबालिग लड़की की उसके घर में घुसकर एक शख्स ने गला रेतकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी काफी समय से 10वीं की छात्रा पर शादी का दबाव बना रहा था। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आरोपी फरार है। उसकी तलाश के लिए टीमें लगाई गई हैं। आरोपी के खिलाफ पहले से ही पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। आरोपी उसपर शादी का दबाव बना रहा था। वह लड़की को जान से मारने की धमकियां दे रहा था। वारदात के दौरान पीड़िता घर में अकेली थी। मृतका के गले और चेहरे पर चाकू के कई निशान मिले हैं। पुलिस की अपराध शाखा और फोरेंसिक टीम घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है। डबुआ थाना समेत पुलिस की पांच टीम आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, किशोरी अपने भाई और मां के साथ किराए के कमरे में रह रही थी। वह पास स्थित एक स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। उसके पिता राजस्थान के जयपुर में रहते हैं। बच्चों के पालन-पोषण के लिए उसकी मां किसी कंपनी में काम करती है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम वह घर में अकेली थी। इस दौरान पड़ोस में रह रहा एक युवक उसके घर में घुस आया और धारदार हथियार से उसपर हमला कर दिया। आरोपी ने उसके गले को रेत दिया। साथ ही उसके हाथ की नस भी काट दी।

# हिमाचल में अलग-अलग पैराग्लाइडिंग हादसों में 2 की मौत, हवा में टकराए ग्लाइडर



**धर्मशाला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और कुल्लू जिलों में 24 घंटे के भीतर दो अलग-अलग पैराग्लाइडिंग हादसों में दो पर्यटकों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि ये पर्यटक गुजरात और तमिलनाडु के थे। धर्मशाला में अहमदाबाद की एक 19 साल की युवती की मौत हो गई। हादसा शनिवार शाम करीब 5 बजे इंद्रू नाग पैराग्लाइडिंग टेक-ऑफ प्वाइंट पर हुआ। हादसे में पैराग्लाइडिंग सहायक गाइड को मामूली चोटें आई हैं।

धर्मशाला में उड़ान के थोड़ी ही देर बाद हादसा हो गया जिसमें गंभीर चोटें आने के बाद युवती को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान खुशी भवसार (19) पुत्री जिग्नेश निवासी सहजानंद एवेन्यू, नारणपुरा, अहमदाबाद गुजरात के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार, खुशी अपने परिवार के साथ धर्मशाला की यात्रा पर थी और साहसिक खेलों का आनंद लेना चाहती थी।

पैराग्लाइडिंग पायलट की पहचान मुनिश कुमार (29) के रूप में हुई है, जो जिला कांगड़ा के धर्मशाला के टाहू चोला गांव का रहने वाला है। मुनिश को हादसे में मामूली चोटें आई हैं और वह सुरक्षित बच गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद पैराग्लाइडर का संतुलन बिगड़ गया जिससे दोनों जमीन पर गिर गए। खुशी को गंभीर चोटें लगीं और उसे तत्काल जोनल अस्पताल धर्मशाला ले जाया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। वहीं पायलट मुनिश कुमार को मामूली चोटें आने के बाद प्राथमिक उपचार दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को परिवार को सौंप दिया जाएगा। मृतका के परिवार को सूचना दे दी गई है। धर्मशाला पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है कि क्या यह घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई या सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई थी। पैराग्लाइडिंग के दौरान सुरक्षा उपायों की बार-बार अनदेखी होने के आरोप पहले भी लग चुके हैं।पुलिस और प्रशासन इस मामले में पायलट से पूछताछ कर रही है। शुरुआती जांच में टेक-ऑफ प्वाइंट और पैराग्लाइडिंग उपकरणों की स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। धर्मशाला खासकर इंद्रू नाग टेक-ऑफ प्वाइंट साहसिक खेलों के लिए लोकप्रिय है। हर साल सैकड़ों पर्यटक यहां पैराग्लाइडिंग का रोमांच अनुभव करने आते हैं। हालांकि हाल के वर्षों में पैराग्लाइडिंग के दौरान दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी और उपकरणों की ठीक से जांच न होना इन घटनाओं के मुख्य कारण बताए जाते हैं। वहीं एक अन्य घटना में शुक्रवार शाम को कुल्लू जिले में गार्सा लैंडिंग साइट के पास पैराग्लाइडिंग करते समय तमिलनाडु के एक 28 वर्षीय पर्यटक की मौत हो गई, जबकि पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया।

# बीएसएफ ने राजस्थान के बाड़मेर में जमीन में दबाया गया हथियारों का जखीरा बरामद किया: सूत्र



**बाड़मेर, एजेंसी।**
सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने राजस्थान के बाड़मेर में जमीन में दबाया गया हथियारों का जखीरा बरामद किया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सीमा पर बाड़ के पास रेत में छिपाए गए नौ एमएम की चार ग्लॉक पिस्तौल, आठ मैगजीन और 78 कारतूस बरामद किए गए।

बीएसएफ (गुजरात फ्रंटियर) के एक सूत्र ने बताया, ''सीमा के पास संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर हमने सूचना के आधार पर शुक्रवार को बीजराड़ पुलिस थाना क्षेत्र में भभूते की ढाणी के पास तलाश अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान, सीमा पर बाड़ से थोड़ी दूरी पर रेत के टीले में छिपाकर रखे गए अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया गया।''

उन्होंने कहा, ''माना जा रहा है कि हथियारों को पाकिस्तान से तस्करी कर भारत लाया गया है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां ??हाई अलर्ट पर हैं।'' बीएसएफ और पुलिस की टीम, अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर क्षेत्र में व्यापक तलाश अभियान संचालित कर रही हैं और इस बात की जांच कर रही हैं कि ये हथियार भारत में कैसे पहुंचे? देश में कुछ ही दिन में गणतंत्र दिवस मनाया जाना है ऐसे में हथियारों की बरामदगी को संवेदनशील मामला माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि खुफिया एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि क्या यह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है।

# गैंगरेप केस: जब तक जांच पूरी न हो, तब तक पद से इस्तीफा दें मोहन बड़ौली: अनिल विज

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
गैंगरेप मामले में फंसे हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली से उन्हीं की सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने इस्तीफा मांग लिया है। अनिल विज ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली पर लगे आरोपों की जांच हो रही है। गवाह ने कहा है कि मैं निर्दोष हूं और बड़ौली भी कह रहे हैं कि मैं निर्दोष हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि हिमाचल पुलिस की जांच में वे निर्दोष साबित होंगे। जब तक हिमाचल प्रदेश पुलिस उन्हें निर्दोष साबित नहीं कर देती या जब तक जांच पूरी न हो, तब तक पार्टी की पवित्रता को बनाए रखने के लिए उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

एक युवती की शिकायत पर मोहन लाल बड़ौली और हरियाणवी सिंगर रॉकी मित्तल के खिलाफ 13 दिसंबर 2024 को कसौली थाना में गैंगरेप का मामला दर्ज किया गया था। एफआईआर की कॉपी 14 जनवरी 2025 को सामने आई थी। 16 जनवरी को आरोप लगाने वाली महिला की फ्रेंड मीडिया के सामने आई थी और उसने कहा था कि होटल में कोई गैंगरेप नहीं हुआ। वह कभी बड़ौली से नहीं मिली। होटल में वह सिर्फ रॉकी मित्तल से मिली थी और उसका नाम जबरन गवाह के तौर पर एफआईआर में डलवा दिया गया है।

वहीं, हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की राजनीतिक मुश्किलें बढ़ गई हैं। बड़ौली पिछले साल जुलाई में हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष बने थे। बड़ौली के एक बार फिर से भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने की संभावना थी, लेकिन हिमाचल प्रदेश के कसौली थाने में उनके विरुद्ध दर्ज दुष्कर्म की रिपोर्ट ने उनकी फिर से अध्यक्ष बनने की राह में अड़चनें पैदा कर दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अब बाकी दावेदार भाजपा के राजनीतिक गलियारों में सक्रिय हो गए हैं। दुष्कर्म कांड में क्लीन चिट मिलने के बाद भी उन्हें दोबारा कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी।

# ग्रेटर नोएडा के 14,931 घरों की होगी बिजली गुल?

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।**
बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक जरूरी खबर है। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने बिजली बिल के बकायेदारों पर शिकंजा कसने और बड़ा ऐक्शन लेने की तैयारी शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा के तिलपता करनवास, सैनी, साकीपुर, श्योराजपुर और खेड़ी समेत 10 गांवों में सोमवार से बकायेदारों के कनेक्शन काटने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इन गांवों में 14,931 उपभोक्ता ऐसे हैं, जो लंबे समय से बिल का भुगतान नहीं कर रहे। इससे राजस्व का नुकसान हो रहा है। एनपीसीएल के पास ग्रेटर नोएडा शहरी क्षेत्र के अलावा 118 गांवों में बिजली आपूर्ति की जिम्मेदारी है। ग्रामीण उपभोक्ताओं से बकाया बिल वसूलने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। लगभग हर गांव में ऐसे उपभोक्ता हैं, जो नोटिस भेजने के बाद भी बकाये का भुगतान नहीं कर रहे हैं। एनपीसीएल के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि बकायेदारों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। बिजली चोरी





के साथ बकायेदार उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान न किए जाने पर राजस्व का नुकसान हो रहा। कार्रवाई से पहले गांवों में कैंप लगाए जा रहे हैं। प्रथम चरण में तिलपता करनवास, सैनी, साकीपुर, श्योराजपुर, खेड़ी, खैरपुर गुर्जर, बिसरख जलालपुर, जुनैदपुर, सूरजपुर और सुनपुरा में अगले 2-3 दिन में विद्युत निगम की टीम पुलिस बल के साथ बकायेदारों के कनेक्शन काटेगी। इन गांवों में 14,931 ऐसे उपभोक्ता हैं, जो लंबे समय से बकाये का भुगतान नहीं कर रहे हैं। कई बार नोटिस भेजे जा चुके हैं। अब इन पर कार्रवाई की जाएगी। एनपीसीएल से मिली जानकारी के मुताबिक, तीन दिन में तिलपता, करनवास, थापखेड़ा, खोदनाखुर्द, सूरजपुर, खेड़ा चौगानपुर, मुबारकपुर, सुनपुरा और ऐच्छर गांव में अभियान के दौरान 352 बकायेदारों कनेक्शन काटे गए हैं।

# ग्रेटर नोएडा में गरजा योगी सरकार का बुलडोजर, तोड़े गए 12 फार्महाउस

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।**
दिल्ली-एनसीआर में प्रशासन का बुलडोजर ऐक्शन लगातार जारी है। शनिवार को ग्रेटर नोएडा में योगी सरकार का बुलडोजर ऐक्शन हुआ। यहां की सदर तहसील की टीम ने घरबरा गांव के पास डूब क्षेत्र में बने 12 अवैध फार्म हाउसों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। इस दौरान कोई विरोध करने के लिए आगे नहीं आया।

डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण की शिकायत पर एसडीएम सदर चारुल यादव, तहसीलदार डॉ अजय कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और 12 फार्म हाउसों को ध्वस्त कर दिया गया। एनजीटी के नियमों का उल्लंघन करते हुए यमुना नदी के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण कर रखा था। जिला प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। बता दें कि डूब क्षेत्र में निर्माण पर रोक के बाद भी लोगों ने फार्म हाउस बना रखे हैं। यही




नहीं कॉलोनाइजरों द्वारा कालोनी भी काटी जा रही है। एसडीएम का कहना है कि डूब क्षेत्र में हुए सभी अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लोगों से अपील की गई है कि वह डूब क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण न करें। बीत कुछ महीनों से दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग जिलों में लगातार बुलडोजर ऐक्शन जारी है। प्रशासन लगातार अवैध कॉलोनियों, फार्महाउस और अवैध कब्जा कर बनाए गए घरों पर बुलडोजर कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान बीते कुछ सालों में दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में आने वाले कई जिलों में अवैध कॉलोनी काटने वालों पर कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने अलग-अलग जिलों में अरबों रुपए की सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करवाया है। प्रशासन ने बुलडोजर ऐक्शन के बाद चेतावनी दी है कि कार्रवाई के बाद अगर दोबारा निर्माण शुरू किया गया या कब्जा करने की कोशिश की गई तो पुलिसिया कार्रवाई भी की जाएगी।

# गूगल मैप में दिखेंगे नोएडा में क्राइम के नए हॉट स्पॉट

**नोएडा, एजेंसी।**
नोएडा शहर में हो रहे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नोएडा पुलिस अब नए हॉट स्पॉट चिन्हित कर रही है। पुलिस इन जगहों को गूगल मैप पर भी दर्ज करेगी, ताकि घटनाओं को होने से रोका जा सके। इसके लिए बीते महीनों में शहर में हुई लूट, चोरी, झपटमारी और मारपीट की घटनाओं का ब्योरा निकलवाया जा रहा है। इन 50 घटनाओं को हॉट स्पाट चिन्हित करने का आधार बनाया जाएगा।

इस आधार पर अब तक जो हॉट स्पॉट चिन्हित हुए हैं, उनमें सेक्टर-27 ए अट्टा मार्केट, सेक्टर-38 ए बोटेनिकल गार्डेन, शशि चौक, सेक्टर-62, सेक्टर-75 स्पेक्ट्रम मॉल के सामने, सेक्टर-40, सेक्टर-41 मार्केट के सामने, सेक्टर-18 डीएलएफ मॉल के सामने, शादियों के समय बारातघर, सेक्टर-33, पर्थला चौक और सेक्टर-33 शामिल हैं। अन्य जगहों के लिए पुलिस की टीम काम कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध वाली जगहों को गूगल मैप पर दर्ज करवाया जा रहा है। यह नक्शा सिर्फ पुलिस के उपयोग के लिए होगा। हॉट स्पॉट तय करने के साथ यह देखा जा रहा है कि उस जगह पर कौन सा अपराध लगातार हो रहा है। फिर आगे उस अपराध को रोकने के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। लूट और चोरी की घटनाओं को रोकने पर पुलिस का विशेष जोर है। अभी तक जिन हॉट स्पॉट का चयन हुआ है, वहां पर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। जिन जगहों पर आपराधिक घटनाएं हो रही हैं और अगर वहां पर अंधेरा है तो वहां पर प्रकाश की व्यवस्था के लिए पुलिस प्राधिकरण के अधिकारियों से पत्राचार करेगी। नोएडा के थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शुक्रवार रात एक सूचना के आधार पर संजीव नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर इसके पास से एक अवैध चाकू मिला है।

# कश्मीर के लिए ट्रेन चलाने से पहले सियासत, कटरा में उतरकर बदलने का विरोध; रेलवे बता रहा जरूरी

**कश्मीर, एजेंसी।**
कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले रेल लिंक के शुरू होने से पहले ही विवाद खड़ा हो गया है। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस और विपक्षी दलों की ओर से सवाल उठाया जा रहा है। इनका कहना है कि कश्मीर आने और जाने वाले यात्रियों को कटरा में ट्रेन क्यों बदलनी होगी? इसे लेकर रेलवे अधिकारी कहते हैं कि यह फैसला सुरक्षा कारणों से लिया गया है। इसलिए कश्मीर जाने वाले यात्रियों को कटरा में उतरना होगा और आगे की यात्रा के लिए दूसरी ट्रेन पकड़नी होगी। पहले कहा कि अगर सुरक्षा कारणों से ट्रेन बदवाई जा रही है तो लोगों को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। जब उनके इस बयान की आलोचना हुई तो वह सफाई देने लगे। सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि घाटी जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा का मुद्दा समझ आता है। मगर, उन्हें कटरा में ट्रेन बदलने के लिए मजबूर करना रेल लिंक परियोजना के मकसद को नाकाम कर देगा। अब्दुल्ला ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, किसी भी गलतफहमी की संभावना को दूर करना होगा। हम ट्रेन और यात्रियों की सुरक्षा की आवश्यकता को समझते हैं, लेकिन उन्हें ट्रेन बदलने पर मजबूर करना मूल मकसद को नाकाम कर देगा। इससे हजारों करोड़ रुपये का निवेश बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यात्रियों को ट्रेन बदलने के बजाय कटरा या जम्मू में चेक किया जा सकता है। इसलिए हम ट्रेन बदलने का समर्थन नहीं करते हैं। हालांकि,




अभी तक कोई ठोस प्रस्ताव नहीं आया है और जब होगा तो हम अपने सुझाव रखेंगे। यात्रियों पर पड़ेगा बोझ, ट्रेन बदलना सही नहीं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने कश्मीर आने-जाने वाले रेल यात्रियों को अनिवार्य रूप से कटरा में उतारे जाने संबंधी खबरों की आलोचना की। पार्टी ने इस कदम को लोगों के लिए अनावश्यक असुविधा करार दिया। इस फैसले को घाटी के लोगों पर अनावश्यक बोझ बताया और कहा कि इससे उनकी मुश्किलें और बढ़ेंगी। पीडीपी महासचिव मोहम्मद खुर्शीद आलम ने कहा कि यह कश्मीरियों के लिए सुविधा के बहुप्रचारित वादे को कमजोर करता है। उन्होंने कहा, वर्षों से हमें बताया जा रहा था कि कश्मीर के लिए ट्रेन सेवा से आम लोगों को लाभ होगा और यात्रा आसान होगी। इस नए निर्देश से पता चलता है कि कश्मीरी अब भी कोई वास्तविक यात्रा सुविधा पाने से दूर हैं। ट्रेन सेवाएं दिखावे से अधिक कुछ नहीं साबित हो रही हैं, जिनका उद्घाटन बड़े धूमधाम से किया गया था। उन्होंने इस व्यवस्था को यात्रियों, खासकर बुजुर्गों और चिकित्सा उपचार के लिए यात्रा करने वाले लोगों पर अतिरिक्त बोझ बताया। उमर अब्दुल्ला ने कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच सीधी रेल सेवा शुरू होने से जम्मू पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव की आशंकाओं को भी खारिज किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि काफी समय से लंबित इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र को भरपूर लाभ मिले। उन्होंने कहा कि रेल सेवा को लेकर लोगों में कुछ चिंताएं हैं, खासकर जम्मू में। उन्होंने कहा, अक्सर कहा जाता है कि जब रेल सेवा पठानकोट से जम्मू पहुंची तो पठानकोट में स्थिति थोड़ी कठिन हो गई। यहां भी, कुछ स्थानों पर यह धारणा है।

आईपीएल 2025

# लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी संभाल सकते हैं ऋषभ पंत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 संस्करण से पहले संजिवा गोयनका के स्वामित्व वाली लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान बनाया जा सकता है। दाएं हाथ के बल्लेबाज केएल राहुल को आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले लखनऊ फ्रैंचाइजी ने रिटेन नहीं किया जबकि उन्होंने कैश-रिच लीग के अपने पहले दो संस्करणों में टीम को प्लेऑफ में पहुंचाया था। राहुल को रिटेन न करने के बाद स्त्र टीम के पास पंत और श्रेयस अय्यर के बीच भूमिका के लिए चयन करने के लिए दो विकल्प थे इसलिए फ्रैंचाइजी और प्रबंधन ने पूर्व के साथ जाने का विकल्प चुना।

पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए जिन्हें जेद्दा में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा। स्त्र फैंचाइजी इस टूर्नामेंट में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बाद दूसरी टीम होगी। उन्होंने हमवतन श्रेयस अय्यर को हराया, जो कुछ मिनट पहले ही पंजाब किंग्स (पीबीकेएस ) द्वारा 26.75 करोड़ रुपए में खरीदे गए लीग के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क को पछाड़ा जिन्होंने 24.75 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड तोड़ बोली के साथ वर्षों बाद आईपीएल में वापसी की थी।



शुरू में एलएसजी और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच बोली लगाने की जंग हुई, जिसमे बाद में हार मान ली गई। सनराइजर्स हैदराबाद (स्त्र) ने अपने विस्फोटक बल्लेबाजी आक्रमण को मजबूत करने की कोशिश में बोली लगाने की जंग में प्रवेश किया और डीसी ने 'राइट टू मैच' कार्ड का इस्तेमाल करने की कोशिश की, लेकिन वे पंत के लिए स्त्र द्वारा लगाई गई कीमत से मेल नहीं खा सके और वे अय्यर से भी आगे निकल गए।

पंत ने 2016 से अपने पूरे आईपीएल करियर में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 110 मैचों में 35.31 की औसत से 3,284 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और 18 अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्हें 2021 में टीम का कप्तान नियुक्त किया गया और उन्होंने उसी सीजन में उन्हें प्लेऑफ में पहुंचाया। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले स्त्र ने अनकैप्ड स्टार मोहसिन खान और आयुष बदोनी के साथ निकोलस पूरन, मयंक यादव और रवि बिश्नोई को रिटेन किया।

लखनऊ स्थित फ्रैंचाइजी ने 14 में से सात मैच जीतकर 14 अंकों के साथ स्टैंडिंग में 7वें स्थान पर अपना आईपीएल 2024 का सफर समाप्त किया।

**लखनऊ सुपर जायंट्स टीम**

**बल्लेबाज** - एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, आयुष बदोनी (रिटेन), हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके।
**विकेटकीपर** -ऋषभ पंत, निकोलस पूरन (रिटेन), आर्यन जुयाल।
**ऑलराउंडर** - अब्दुल समद (स्पिनर), मिशेल मार्श (तेज गेंदबाज), शाहबाज अहमद (स्पिनर), युवराज चौधरी (स्पिनर), राजवर्धन हंगरगेकर (तेज गेंदबाज), अर्शिन कुलकर्णी (तेज गेंदबाज)।
**स्पिनर** - रवि बिश्नोई (बरकरार), एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह।
**तेज गेंदबाज** - मयंक यादव (बरकरार), मोहसिन खान (बरकरार), आकाश दीप, आवेश खान, आकाश सिंह, शमर जोसेफ,

# इंडिया ओपन बैडमिंटन में भारत की चुनौती खत्म

## सात्विक-चिराग की डबल्स जोड़ी सेमीफाइनल हारी; मलेशियन पेयर ने सीधे गेम में हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडिया ओपन बैडमिंटन 2025 में लगातार मिली निराशा के बाद भारत की चुनौती भी खत्म हो गई। सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी की जोड़ी को मलेशिया के एसएफ गोह और एन इज्जुदिन की जोड़ी ने सेमीफाइनल में सीधे गेम में हराकर बाहर कर दिया।

नई दिल्ली के केडी जाधव इनडोर हॉल में विमेंस सिंगल्स में पीवी सिंधु और मेंस सिंगल्स में किरण जॉर्ज को हार का सामना करना पड़ा था। टूर्नामेंट का फाइनल रविवार को खेला जाएगा। इनमें भारत से किसी भी कैटेगरी में चुनौती नहीं मिलेगी।

**सीधे गेम में हारे सात्विक-चिराग-** मलेशिया के एसएफ गोह और एन इज्जुदिन की जोड़ी के सामने भारतीय जोड़ी ने 18-21 से पहला गेम गंवा दिया। दोनों ने 14-21 से दूसरा गेम गंवाया और सेमीफाइनल मलेशियन जोड़ी ने जीत लिया। फाइनल में मलेशियन प्लेयर्स का सामना साउथ कोरिया के एच किम और एसजे सिओ की जोड़ी से होगा। दोनों ने मलेशिया की दूसरी जोड़ी को सीधे गेम में सेमीफाइनल हराया।

सात्विक-चिराग ने पहले राउंड में मलेशिया के मैन वेई चोंग और काई वुन टी की जोड़ी को 23-21, 19-21, 21-16 से हराया। जापान के केन्या मित्सुहाशी और हीरोकी ओकामुरा की जोड़ी को इंडियन पेयर ने 20-22, 21-14, 21-16 से दूसरा राउंड हराया। फिर क्वार्टर फाइनल में दोनों ने साउथ कोरिया के जिन योंग और कांग मिन ह्युक की जोड़ी को 21-10, 21-17 से हराया।

# विमेंस प्रीमियर लीग का पहला मैच 14 फरवरी को गुजरात-बेंगलुरु के बीच

## 15 मार्च को मुंबई में फाइनल, 4 वेन्यू पर 22 मैच खेले जाएंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** विमेंस प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन का शेड्यूल रिलीज हो गया है। 14 फरवरी को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स के बीच वडोदरा में ओपनिंग मैच होगा। मुंबई में 13 मार्च को एलिमिनेटर और 15 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

इस बार 2 की बजाय 4 वेन्यू पर मुकाबले होंगे। लखनऊ और बेंगलुरु बाकी 2 वेन्यू हैं। टूर्नामेंट में 5 ही टीमें रहेंगी, सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 2-2 मैच खेलेंगी। इस तरह एक टीम 8 मैच खेलेगी। टूर्नामेंट में टोटल 22 मैच होंगे।

**एक भी डबल हेडर नहीं-** विमेंस प्रीमियर लीग में 14 फरवरी से 11 मार्च तक लीग स्टेज के 20 मैच होंगे। 20 और 23 फरवरी के साथ 2, 4, 5 और 9 मार्च को रेस्ट डे है, इस दिन कोई मुकाबला नहीं होगा। बाकी सभी दिन शाम 7.30 बजे से 1-1 मैच खेला जाएगा। यानी एक भी दिन 2 मैच नहीं खेले जाएंगे। प्लेऑफ के दौरान 12 और 14 मार्च को कोई मैच नहीं होगा।

**बेंगलुरु में सबसे ज्यादा 8 मैच-** सीजन-3 में 4 वेन्यू पर मैच होंगे। वडोदरा में 14 से 19 फरवरी तक 6 मैच खेले जाएंगे। फिर बेंगलुरु में 21 फरवरी से 1 मार्च तक 8 मैच होंगे। यहां की होम टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दूसरे सीजन का खिताब जीता था ।

# साजिद और अबरार का कहर, पाकिस्तान की वेस्टइंडीज पर बड़ी जीत

## साजिद खान 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे

**मुल्तान (एजेंसी)।** कप्तान शान मसूद (52) की अर्धशतकीय पारी के बाद साजिद खान (पांच विकेट) और अबरार अहमद (चार) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 123 के स्कोर पर ढ़ेर कर मुकाबला 127 रनों से जीत लिया हैं। मैच में कुल नौ विकेट लेने वाले साजिद खान को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया।

251 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण का सामना अधिक देर तक नहीं कर पायी और पूरी टीम 36.3 ओवर में 123 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज के ऐलेक ऐथनेज ने सर्वाधिक (55) रनों की पारी खेली। टेविन इमलाक (14), मिकाइल लुईस (13), क्रेग ब्रैथवेट (12), केविन सिंक्लेयर (10) रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान की ओर से साजिद खान ने 15 ओवर में 50 रन देकर पांच विकेट लिए। अबरार अहमद ने 11.3 ओवर में 27 रन देकर चार विकेट झटके। नोमान अली ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

आज यहां इससे पहले गेंदबाजों की



मददगार पिच पर जोमेल वारिकन (32 रन देकर सात विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में 157 के स्कोर पर समेट दिया। वेस्टइंडीज को जीत के लिए 251 रनों का लक्ष्य मिला था। पाकिस्तान ने कल के दूसरी पारी में तीन विकेट 109 रन के आगे खेलना शुरू किया। सुबह के सत्र में सऊद शकील (दो) रन बनाकर आउट हुये। उन्हें वारिकन ने ग्रीव्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद वारिकन ने मोहम्मद रिजवान(दो) को भी अपना शिकार बना लिया।

बल्लेबाजी करने आए आगा सलमान ने कामरान गुलाम के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 38वें ओवर में वॉरिकन ने कामरान गुलाम (27) को आउटकर पाकिस्तान को छठा झटका दिया। नोमान अली (दो), साजिद खान (पांच), खुर्रम शहजाद (शून्य) पर आउट हुये। 47वें ओवर में गुडाकेश मोती ने आगा सलमान (14) को आउटकर 157 के स्कोर पर पाकिस्तान की दूसरी पारी का अंत कर दिया। पहली पारी के आधार पर मिली बढ़त के आधार पर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 251रनों का लक्ष्य मिला। वेस्टइंडीज की ओर जोमेल वारिकन ने 18 ओवरों में 32 रन देकर सात विकेट लिए। पाकिस्तान ने पहली पारी में 230 रन बनाये थे। वहीं वेस्टइंडीज की पहली पारी 137 के स्कोर पर सिमट गई थी।

**पाकिस्तान दूसरी पारी - 109/3 (31 ओवर)** - पाकिस्तान ने दूसरी पारी में दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट खोकर 109 रन बना लिए हैं। कप्तान शान मसूद ने मोहम्मद हुरैन के साथ मिलकर पहली विकेट के लिए 67 रन जोड़े। मोहम्मद 29 रन बनाकर आऊट हो गए। इस दौरान बाबर आजम फिर से विफल रहे और 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। शान मसूद ने टीम के लिए 52 रन बनाए। फिलहाल क्रीज पर गुलाम और सऊद शकील खड़े हैं।

**विंडीज पहली पारी - 137 रन** - विंडीज की शुरूआत बेहद खराब रही। स्पिनर साजिद खान ने शुरू से ही दबाव बनाते हुए विंडीज टीम के पहले 5 ओवर में ही 4 विकेट चटका लिए। इसके बाद नोमान अली सक्रिय हो गए। उन्होंने एलिक और जस्टिन ग्रीव्स के साथ केविन सिंक्लेयर और मोती (19) का विकेट निकाला। दोनों की घूमती गेंदों का विंडीज बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। अंतिम विकेट के लिए जोमेल वारिकन और जेडन सील्स ने फाइट की और स्कोर 137 तक पहुंचाया। वारिकन ने 31 तो जेडन ने 22 रन बनाए।

**पाकिस्तान पहली पारी -230 रन** - बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के गेंदबाज जेडन सील्स के कहर का समाना करना पड़ा। मैच में एक समय पाकिस्तान ने 13.3 ओवर में 46 के स्कोर पर अपने 4 विकेट गवा दिए थे। मोहम्मद हुरैरा (6), कप्तान शान मसूद (11), कामरान गुलाम (5) और बाबर आजम (5) रन बनाकर आउट हुए। खराब रोशनी के कारण जब मैच रोका गया तो पाकिस्तान के 4 विकेट पर 143 रन थे। मैच के दूसरे दिन शकील (84) और मोहम्मद रिजवान (71) ने स्कोर आगे बढ़ाया लेकिन उनके आउट होते ही टीम भी 230 रन पर ढेरी हो गई। वेस्टइंडीज के लिए जेडन सील्स ने 27 रन देकर 3, वारीकेन ने 69 रन देकर 3 तो केविन ने 61 रन देकर 2 विकेट लिए।

**दोनों टीमों की प्लेइंग 11 -**

**वेस्टइंडीज** - क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), मिकाइल लुइस, कीसी कार्टी, केवम हॉज, एलिक अथानाजे, जस्टिन ग्रीव्स, टेविन इमलाच (विकेटकीपर), गुडाकेश मोती, केविन सिंक्लेयर, जोमेल वारिकन, जेडन सील्स।

**पाकिस्तान** - शान मसूद (कप्तान), मुहम्मद हुरैरा, बाबर आजम, कामरान गुलाम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सलमान आगा, साजिद खान, नोमान अली, खुर्रम शहजाद, अबरार अहमद।

# अल्काराज ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

## प्रतिद्वंद्वी ब्रिटेन के ड्रेपर चोटिल होकर रिटायर; गौफ-सबालेंका भी जीतीं



**मेलबर्न (एजेंसी)।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। अल्काराज के प्रतिद्वंद्वी ब्रिटेन के नंबर-1 जैक ड्रेपर चौथे राउंड में चोटिल होकर रिटायर हो गए।

15वीं सीड ड्रेपर मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में 4 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज के खिलाफ 7-5, 6-1 से पीछे थे, तभी उनकी चोट ज्यादा परेशान करने लगी और वे रिटायर हो गए। इससे पहले, 23 साल के ड्रेपर को कूल्हे की चोट की वजह से पहले सेट के बाद मेडिकल उपचार के लिए कोर्ट से बाहर जाना पड़ा था।अल्काराज ने ड्रेपर को गले लगाकर विदाई दी।

**सबालेंका ने एंड्रीवा को 6-1, 6-2 से हराया-** विमेंस सिंगल्स में वर्ल्ड की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मेलबर्न पार्क पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने सीधे सेटों में जीत दर्ज की। पिछली दो बार की चैंपियन सबालेंका ने चौथे राउंड में रूस की मीरा एंड्रीवा को 6-1, 6-2 से हराया।

**बोपन्ना की जोड़ी को वॉकओवर मिला**

भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और चीनी जोड़ीदार झांग शुआई ने रविवार को दूसरे दौर के मैच में वॉकओवर मिलने के बाद मिक्स्ड डबल्स के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और शुआई का मुकाबला अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और मोनाको के ह्यूगो निस से था, लेकिन यह जोड़ी खेलने के लिए नहीं उतरी।

**ऑस्ट्रेलियन ओपन का इतिहास**

ऑस्ट्रेलियन ओपन साल का पहला ग्रैंड स्लैम होता है। लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने इस टूर्नामेंट को 1905 में शुरू किया था, जिसे पहले ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप कहा जाता था। बाद में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया टेनिस ऑस्ट्रेलिया बन गया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप को ऑस्ट्रेलियन ओपन नाम दे दिया गया। 1969 से इस टेनिस टूर्नामेंट को आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियन ओपन के नाम से जाना जाने लगा।

# जडेजा रणजी के प्रैक्टिस सेशन में शामिल हुए

## दिल्ली के खिलाफ खेल सकते हैं, 2023 में आखिरी बार खेला था रणजी



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा घरेलू ड्यूटी पर लौट आए हैं। उन्होंने रविवार की सुबह सौराष्ट्र टीम के साथ रणजी प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लिया। जडेजा के प्रैक्टिस सेशन में शामिल होने से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि वह रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे लेग में सौराष्ट्र की ओर से खेल सकते हैं। सौराष्ट्र का सामना 23 जनवरी को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम के पास ग्राउंड सी में दिल्ली से होगा।

सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) के अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई बयान नहीं आया है कि वह खेलेंगे या नहीं, लेकिन कहा जा रहा है कि उनके खेलने की पूरी संभावना है। जडेजा ने आखिरी बार जनवरी 2023 में चेन्नई में तमिलनाडु के खिलाफ सौराष्ट्र का नेतृत्व करते हुए रणजी मैच खेला था।

**जडेजा चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड में शामिल-** बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शनिवार को टीम इंडिया का ऐलान किया। मुंबई वानखेड़े स्टेडियम में सिलेक्टर अजित अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने 15 मेंबर्स वाले भारतीय दल के नाम बताए। स्क्वॉड में 4 ऑलराउंडर्स रखे गए हैं। इसमें एक रवींद्र जडेजा का नाम भी है।

**हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा- रणजी खेलें सीनियर खिलाड़ी-** बीजीटी हारने के बाद भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि भारतीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों को अपने बैटिंग स्किल्स सुधारने के लिए समय-समय पर रणजी सहित अन्य डोमेस्टिक खेलने होंगे।

**रिव्यू मीटिंग में डोमेस्टिक खेलना अनिवार्य हुआ-** पिछले हफ्ते बीसीसीआई ने मुंबई स्थित बीसीसीआई के हेड क्वार्टर में भारतीय टीम के प्रदर्शन की समीक्षा की।

# पूर्व बीएससी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल ने मुंबई हॉफ मैराथन में हासिल की दुर्लभ उपलब्धि

**मुंबई (एजेंसी)।** टाटा ग्रुप द्वारा मुंबई हॉफ मैराथन (21 किलोमीटर) का आयोजन किया गया जिसमें बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के पूर्व आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने 21 किलोमीटर दौड़कर मुंबई मैराथन के 20वें संस्करण को सफलतापूर्वक पूरा किया। चहल ने वार्षिक वैश्विक आयोजन के सभी संस्करणों में हॉफ मैराथन पूरा करने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। ??मुंबई हॉफ मैराथन की शुरुआत 2004 में की गई थी और इकबाल सिंह तब से ही इसमें हिस्सा ले रहे हैं। टाटा मुंबई मैराथन 2025 में पूर्व बीएमसी आयुक्त ने 21 किलोमीटर (हाफ मैराथन) पूरा करने में 2 घंटे 20 मिनट और 24 सेकंड का समय लिया। गौरतलब है कि हॉफ मैराथन रेती बंदर/माहिम दरगाह उरस ग्राउंड से शुरू हुई जो माहिम चर्च जंक्शन के ठीक बगल में है। इकबाल सिंह को 8 मई 2020 को नगर आयुक्त नियुक्त किया गया था और उन्होंने लगभग चार साल तक सेवा की। उन्होंने अधिकतम शहर में कोविड-19 बुनियादी ढांचा स्थापित करने के लिए प्रशंसा प्राप्त की।



# कर्नाटक ने 5वीं बार विजय हजारे ट्रॉफी जीती

## विदर्भ को 36 रन से हराया, फाइनल में नहीं चले करुण नायर, स्मरण ने शतक लगाया

**वडोदरा (एजेंसी)।** मयंक अग्रवाल की कप्तानी में कर्नाटक ने 5 साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीता। टीम आखिरी बार 2019-20 के सीजन में चैंपियन बनी थी।

कर्नाटक ने 5वीं बार विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीत लिया। टीम ने रविवार को पहली बार फाइनल खेल रही विदर्भ को 36 रन से हराया। वडोदरा में कर्नाटक ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट खोकर 348 रन बनाए। जवाब में विदर्भ 312 रन ही बना सका।

सीजन में 5 शतक लगाने वाले विदर्भ के कप्तान करुण नायर 27 रन ही बना सके। ओपनर ध्रुव शोरे ने सेंचुरी लगाई, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। कर्नाटक से मिडिल ऑर्डर बैटर रविचंद्रन स्मरण ने 101 रन की पारी खेली। टीम से प्रसिद्ध कृष्णा, वासुकी कौशिक और अभिलाष शेट्टी ने 3-3 विकेट लिए।

**कर्नाटक ने 3 विकेट जल्दी गंवाए-** कोटाम्बी स्टेडियम में विदर्भ ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। कर्नाटक की शुरुआत खराब रही, टीम ने 67 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। कप्तान मयंक अग्रवाल 32, देवदत्त पडिक्कल 8 और केवी अनीश 23 ही रन बना सके। स्मरण ने फिर विकेटकीपर कृष्णन श्रीजीत के साथ पारी संभाली। दोनों ने टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचा दिया।

**स्मरण की सेंचुरी, श्रीजीत ने फिफ्टी लगाई-** श्रीजित 78 रन बनाकर आउट हुए, उन्होंने स्मरण के साथ चौथे विकेट के लिए 160 रन की पार्टनरशिप की। स्मरण ने सेंचुरी लगाई और टीम का स्कोर 300 के पार पहुंचाया। उन्होंने अभिनव मनोहर के साथ पांचवें विकेट के लिए 106 रन जोड़ा। स्मरण ने 101 रन बनाए, वहीं मनोहर 79 रन बनाकर आउट हुए। कर्नाटक से आखिर में हार्दिक राज ने 12 और श्रेयस गोपाल ने 3 रन बनाए और स्कोर 348 रन तक पहुंचा दिया। विदर्भ से दर्शन नालकंडे और नचिकेत भुते ने 2-2 विकेट लिए।

**विदर्भ से ध्रुव को नहीं मिला किसी का साथ**

349 रन के टारगेट के सामने विदर्भ ने 6 के रन रेट से बैटिंग की। ओपनर ध्रुव शोरे एक एंड पर टिक गए, लेकिन उनके सामने लगातार विकेट गिरने लगे। यश राठौड़ 22, करुण नायर 27, यश कदम 15, विकेटकीपर जितेश शर्मा 34 और शुभम दुबे 8 ही रन बनाकर आउट हो गए।प्रसिद्ध कृष्णा ने विदर्भ के कप्तान करुण नायर को फाइनल में बोल्ड किया।

**ध्रुव के विकेट से खत्म हुईं विदर्भ की उम्मीदें**

ध्रुव शोरे ने सेंचुरी लगाई, वह 110 रन बनाकर आउट हुए और विदर्भ के फाइनल जीतने की उम्मीदें खत्म हो गईं। उनके बाद अपूर्व वानखेड़े 12, नचिकेत भुते ने 5 और दर्शन नालकंडे ने 11 रन बनाए। हर्ष दुबे ने तेजी से 63 रन बनाए, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। विदर्भ 312 रन बनाकर ऑलआउट हुआ। कर्नाटक से वासुकी कौशिक, प्रसिद्ध कृष्णा और अभिलाष शेट्टी ने 3-3 विकेट लिए।

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज के लिए पत्नी की हत्या का आरोपित दोषी करार, सजा पर फैसला 25 को

**रांची, एजेंसी।** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने दहेज के लिए पत्नी की हत्या के आरोपित मोहन महतो को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। घटना को लेकर मृतका सोनी के भाई छोटू कुमार महतो ने अप्रैल 2018 में ओरमांझी थाना में मोहन महतो, भूषण महतो, बसंती देवी, राजेंद्र महतो और रेखा देवी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया था कि मोहन के साथ सोनी की शादी वर्ष 2009 में हुई थी। शादी के तीन-चार साल बाद सोनी को ससुराल वालों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और एक दिन उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। इस मामले के अन्य आरोपितों भूषण महतो, बसंती देवी, राजेंद्र महतो एवं रेखा देवी को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

### विहिप विधि प्रकोष्ठ महानगर संयोजक बने जगदीश चंद्र पांडेय

**रांची, एजेंसी।** विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ का रांची महानगर संयोजक अधिवक्ता जगदीश चंद्र पांडेय को बनाया गया है। अधिवक्ता राम कृष्णा भगत, अधिवक्ता गंगाधर नायक और अधिवक्ता मनीष सिंह को सहसंयोजक बनाया गया है। रांची के किशोरगंज स्थित प्रांत कार्यालय में शनिवार को बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। इस मौके पर प्रांत सहमंत्री सह बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने कहा कि समाज में अधिवक्ता की महत्वपूर्ण भूमिका हैं और समाज में कानून के वजह से ही सभी लोग अमन चैन से ही जीवन यापन करते हैं। महानगर अध्यक्ष कैलाश केशरी ने सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि महानगर में विधि प्रकोष्ठ के नए टीम से आत्मबल मिलेगा और कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी। केशरी ने कहा कि विधि प्रकोष्ठ जल्द ही कार्यकर्ताओं को कानूनी जानकारी देने का कार्य करना शुरू करेगी। इस दौरान प्रांत प्रचार-प्रसार सहप्रमुख प्रकाश रंजन, महानगर मंत्री विश्व रंजन, सत्संग प्रमुख योगेश और अधिवक्ता अमित पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### जमशेदपुर में बस से आठ किलो गांजा बरामद, कंडक्टर गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम, एजेंसी।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) की बरसोल थाना पुलिस ने एक बस से आठ किलो गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में बस के कंडक्टर को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ओडिशा से पश्चिम बंगाल जाने वाले एक यात्री बस में गांजे का खेप जा रहा है। इसके बाद एक टीम का गठन कर छापेमारी की। हालांकि, बस के चालक को इसकी भनक लग गई। उसने कच्चे रास्ते से बस को ले जाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस की सक्रियता से बरसोल थाना क्षेत्र में यात्री बस को धर दबोचा गया। तलाशी लेने पर उसमें से आठ किलो गांजा बरामद किया गया।

### जामबारी जंगल में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म, दो पकड़ाए

**दुमका, एजेंसी।** दुमका जिले जामबारी जंगल के पास एक नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई। वारदात शुक्रवार देर शाम की बताई जाती है। छात्रा दुमका से पढ़ाई कर शाम में सवारी ऑटो से अपने गांव लौट रही थी। वह जामबारी जंगल के पास रामगढ़ थाना क्षेत्र के पथरिया में ऑटो से उतरकर पैदल ही गांव के लिए जल दी। रास्ते में सुनसान जगह पाकर दो युवकों ने उसे पकड़ लिया और जबरन जंगल में ले गए। जंगल में उन दोनों ने लड़की के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद घटना के संबंध में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर उसे छोड़ दिया और खुद फरार हो गये। डरी-सहमी छात्रा अपने घर पहुंची और रोते हुए परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे लेकर देर रात रामगढ़ थाना पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। लड़की ने पुलिस को दोनों अपराधियों की पहचान भी बताई। थाना प्रभारी शशिकांत साहू ने वरीय अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में तत्काल टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस पथरिया पंचायत के जामबारी गांव में छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# देवघर के 106 गांवों में पाइप लाइन से खेतों तक पहुंचेगा पानी

## पुनासी डैम से मेगा लिफ्ट इरिगेशन का ये प्रस्ताव तैयार

**देवघर, एजेंसी।** जल संसाधन विभाग ने पुनासी डैम से पहला मेगा लिफ्ट इरिगेशन का प्रस्ताव तैयार किया है। इसमें देवीपुर व देवघर प्रखंड के कुल 106 गांवों में पाइप के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। कुल 300 करोड़ के इस मेगा लिफ्ट इरिगेशन के जरिये कुल आठ हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई का लक्ष्य है। विभाग ने सर्वे करा कर जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन के पास प्रजेंटेशन भी प्रस्तुत कर दिया है। अब विभाग से डीपीआर अप्रूव व कैबिनेट से स्वीकृति देने की तैयारी चल रही है। अगले वित्तीय वर्ष में अप्रैल में इस मेगा लिफ्ट इरिगेशन के टेंडर होने की संभावना है। मई से काम शुरू हो गया, तो दो वर्ष में योजना को पूरा करने का लक्ष्य है।

पुनासी डैम से मेगा लिफ्ट इरिगेशन के जरिये 50 एमसीएम पानी किसानों को सिंचाई के लिये दिये जायेंगे। इस योजना से देवघर प्रखंड की पांच



पंचायतों के गांवों को पानी मिलेगा, जबकि देवीपुर प्रखंड की 14 पंचायतों के गांवों को पानी मिलेगा। देवघर विधानसभा में 64 और मधुपुर विधानसभा में 42 गांवों के किसान लाभान्वित होंगे।

जल संसाधन विभाग के अनुसार, पुनासी नहर परियोजना में देवघर प्रखंड का एक हिस्सा छुटा है, जबकि देवीपुर प्रखंड से पुनासी नहर परियोजना नहीं गुजर रही है। ऐसी परिस्थिति में देवघर व देवीपुर प्रखंड के जिन इलाकों से पुनासी नहर नहीं गुजरा है, उन इलाकों में लिफ्ट इरिगेशन से पाइप के जरिये खेतों तक पानी पहुंचाने की योजना है। इस योजना के तहत जगह-जगह टैंक व टावर बनाये जायेंगे, जिसके बाद पाइप से पानी की सप्लाई होगी।

जमुनियांटांड़, सुंदरडीह, लालेडीह, पिपराटोल, राजी, बारवां, जीतकुंड, असहना, बवश्वनाथी, बड़की खंखार, घाघी, कमरडीह, सरुका, गोमीडीह, तेतरिया, ठढ़ियारी, बरियाडीह, बाघापाथर, टटकियो, भगवानपुर, बारवांटांड़, बलराडीह, काशीडीह, बसुलिया, बहादुरपुर, अंजो, नवाडीह, कसुवाडीह, खेरुवाडीह, महुआटांड़, नवाडीह, डुमरकुंडी, प्रणनडीह, बंदरबासा, सिमराखास, दलुरायडीह, अरेंजा, परुरायडीह, सरदाहा, छोटा राजासारे, मनियारपुर, जीतपुर, केवलालपुर, भइयारडीह, गजराजपुर, कोकराहा, सिमरापोज, कल्होड़िया, बेलाटिकर, दीनाजपुर, हाड़ोकुरा, परसबनी, जसीयाडीह, भेलपहरी, तिलौना, रतनबाद, नेपोडीह, किनायडीह, भुलिया मारनी, पूरनबाद, सधवाडीह, चौधरीडीह, चितरपुर, झूरी, सिरसा, मुंडा-मुंडी, पंदनबोना, पिरहाकठ्ठा, केंदुवा, पिसयारपुर, खिरवातरी, अमासार, मरदनडीह, नारायणपुर, धोरसा, राउतडीह, अमजोरा, मंझीलाडीह, लेड़वा, बलथर, सुल्तानपुर, रामसागर, गमारडीह, रघुनाथपुर, कपसिया, बिरनियां, धरतीचक, रामपुर, पहरीडीह, गिधैया, छोटो, जिगराछोराट, धाबा, कपसरा, तिलजोरी व कटघरी।

# महेंद्र यादव हत्याकांड का उद्भेदन, 11 गिरफ्तार, 3 नाबालिग

**देवघर, एजेंसी।** कुंडा थाना अंतर्गत दुधनियां गांव निवासी महेंद्र यादव हत्याकांड के उद्भेदन का दावा पुलिस ने किया है। घटना के पांचवे दिन उद्भेदन की बात कही गयी है। मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की मानें तो पकड़े गए आरोपियों में 3 नाबालिग भी शामिल है। उसमें कांड के नामजद 2 अभियुक्त शामिल है। वहीं पुलिस ने अलग-अलग आरोपियों के घर छापेमारी के क्रम में अलग-अलग ठिकाने से 3 पिस्टल, 5 जिंदा कारतूस, 8 खोखा, हत्याकांड में प्रयुक्त की गयी 2 काले रंग की बजाज पल्सर बाइक और 4 मोबाइल बरामद की है। मोबाइल की जांच टेक्निकल सेल से कराने पर कई अहम सुराग भी मिलने की बात कही जा रही है। उसके आधार पर छापेमारी की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों में कुष्ठ आश्रम, काली राखा निवासी अरुण कुमार दास उम्र- 20 वर्ष, कुंडा थाना अंतर्गत घोरदौड़ा निवासी सुनंत कुमार मिश्रा, उम्र- 20 वर्ष, कुंडा के सल्लूरायडीह निवासी गौतम यादव, उम्र- 21 वर्ष, दोनिहारी गांव निवासी सुजीत कुमार, उम्र- 24 वर्ष, नगर थाना क्षेत्र के चांदनी चौक, मठपति बाड़ी निवासी आलोक मठपति उर्फ आरुष भारद्वाज, कालीराखा मोहल्ला निवासी अमर कुमार चौधरी, उम्र- 24 वर्ष, बसमत्ता कोरियासा निवासी मोजी राउत, उम्र- 45 वर्ष, मंजू देवी, उम्र- 40 वर्ष सहित तीन नाबालिग शामिल है।

उक्त जानकारी शनिवार को यातायात डीएसपी आलोक रंजन ने पत्रकारों को दी। हालांकि पुलिस जिन आरोपियों को गिरफ्तार कर कांड के उद्भेदन का दावा कर रही है, उसमें 9 नामजद आरोपी है ही नहीं। पुलिस ने घटना के बाद ही दो नामजद आरोपियों के पति-पत्नी को ही गिरफ्तार किया था। उसके बाद जो आरोपी पकड़े गए हैं, सभी अज्ञात है। डीएसपी ने जानकारी दी कि कुंडा थाना क्षेत्र के दुधनियां गांव में 12 नवंबर दीपावली के दिन सरेशाम अपराधियों ने 48 वर्षीय महेंद्र यादव की ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# रामलखन टुंगरी के टुसू मेला में उमड़े लोग



**बोकारो, एजेंसी।** कसमार प्रखंड के मंजूरा स्थित रामलखन टुंगरी में शुक्रवार को लगे टुसू मेला में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। टुसू गीतों से पहाड़ी गूंज उठी। वहीं, रामलखन टुंगरी स्थित भगवान श्रीराम के पदचिह्न के दर्शन-पूजन के लिए भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मौके पर टुसू प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। निर्णायक मंडली ने सभी टुसूओं का मूल्यांकन किया। इसके कमेटी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया। मौके पर गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, झारखंड सरकार के मंत्री योगेंद्र प्रसाद के प्रतिनिधि सह युवा झामुमो नेता विनय कपूर एवं स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज मौजूद थे। पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि रामलखन टुंगरी कसमार प्रखंड का ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है।

इसे विकसित करने के लिए सड़क निर्माण कार्य कराया गया है। इसके अलावा बिजली, पानी व सौंदर्यीकरण का कार्य भी जल्द कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि कसमार प्रखंड के रामलखन टुंगरी, सेवाती घाटी, मृग खोह, दुर्गा पहाड़ी समेत अन्य कई धार्मिक व पौराणिक स्थलों को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने की दिशा में पहल की गयी है। मौके पर जिप सदस्य अमरदीप महाराज, भाजयुमो के बोकारो जिलाध्यक्ष विनोद महतो, वंशी महतो, शिशुपाल महतो, मंटू तूरी, जयंत जयसवाल, बजरंगी प्रजापति, दिनेश मुंडा, संजय प्रजापति, प्रकाश कुमार, नारायण महतो, शिवनंदन महतो, राजकिशोर महली, सतीश महतो, धनलाल कपरदार समेत मेला कमिटी के पदाधिकारी, सदस्य व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे। क्वभ्द्मद्दुह्न्थ

ह्द्द2ह्य ञ कसमार प्रखंड के मंजूरा स्थित रामलखन टुंगरी में शुक्रवार को लगे टुसू मेला में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। टुसू गीतों से पहाड़ी गूंज उठी। वहीं, रामलखन टुंगरी स्थित भगवान श्रीराम के पदचिह्न के दर्शन-पूजन के लिए भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मौके पर टुसू प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। निर्णायक मंडली ने सभी टुसूओं का मूल्यांकन किया।

इसके कमेटी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया। मौके पर गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, झारखंड सरकार के मंत्री योगेंद्र प्रसाद के प्रतिनिधि सह युवा झामुमो नेता विनय कपूर एवं स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज मौजूद थे। पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि रामलखन टुंगरी कसमार प्रखंड का ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है। इसे विकसित करने के लिए सड़क निर्माण कार्य कराया गया है। इसके अलावा बिजली, पानी व सौंदर्यीकरण का कार्य भी जल्द कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि कसमार प्रखंड के रामलखन टुंगरी, सेवाती घाटी, मृग खोह, दुर्गा पहाड़ी समेत अन्य कई धार्मिक व पौराणिक स्थलों को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने की दिशा में पहल की गयी है। मौके पर जिप सदस्य अमरदीप महाराज, भाजयुमो के बोकारो जिलाध्यक्ष विनोद महतो, वंशी महतो, शिशुपाल महतो, मंटू तूरी, जयंत जयसवाल, बजरंगी प्रजापति, दिनेश मुंडा, संजय प्रजापति, प्रकाश कुमार, नारायण महतो, शिवनंदन महतो, राजकिशोर महली, सतीश महतो, धनलाल कपरदार समेत मेला कमिटी के पदाधिकारी, सदस्य व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# बीएसएल के उत्पादन व लक्ष्य प्राप्ति में डिप्लोमा इंजीनियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो इस्पात डिप्लोमाधारी कामगार यूनियन(बीडू) के सेक्टर चार जी स्थित यूनियन कार्यालय में यूनियन के सभी विभागीय प्रतिनिधियों की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत डिप्लोमा इंजीनियर्स से जुड़े सभी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी।

यूनियन के महामंत्री संदीप कुमार ने कहा ञ वर्तमान समय में बीएसएल के विभिन्न विभागों के उत्पादन व लक्ष्य प्राप्ति में डिप्लोमा इंजीनियर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पूर्व में जब डिप्लोमा इंजीनियर्स की बहाली एस-6 ग्रेड में होती थी। उस समय डिप्लोमा इंजीनियर को एस-8 ग्रेड के बाद 5 वर्ष का अनुभव होने पर यानी



परमानेंट होने के 13 वर्षों के बाद जूनियर ऑफिसर में प्रोमोशन के लिए ई-जीरो परीक्षा की पात्रता दी जाती थी।

यूनियन के महामंत्री संदीप कुमार ने कहा ञ वर्तमान में डिप्लोमा इंजीनियर्स को एस-3 ग्रेड में ज्वाइन कराया जा रहा है। उसके बाद उनको एस-6 ग्रेड में 5 वर्ष का अनुभव होने पर ई-जीरो परीक्षा की पात्रता दी जा रही है। यानी वर्तमान में डिप्लोमा इंजीनियर्स को ज्वाईनिंग के 16 वर्षों के बाद ऑफिसर परीक्षा की पात्रता दी जा रही है। इसलिए डिप्लोमा इंजीनियर के फ्यूचर ग्रोथ को देखते हुए इसमें जल्द से जल्द बदलाव करते हुए डिप्लोमा इंजीनियर को एस-6 ग्रेड में पहुंचते ही ई-जीरो परीक्षा की पात्रता दी जानी चाहिए।

यूनियन अध्यक्ष रविशंकर ने कहा ञ वर्तमान की ई-जीरो प्रोमोशन पालिसी के अनुसार जिस प्रकार से अनुभव के अंकों की गिनती की जाती है, वह डिप्लोमा इंजीनियर के लिए बहुत ही नुकसान दायक है। इसलिए ई-जीरो परीक्षा में डिप्लोमा इंजीनियर के अनुभव के अंकों की गिनती ज्वाइनिंग डेट से की जानी चाहिए। इसके साथ हीं कर्मचारियों को अपनी आगे की पढ़ाई को पूरा करने के लिए एजुकेशन इंसेंटिव के रूप में 10,000 रु देने का प्रावधान है। इसको बढ़ाकर कम से कम 50,000 रु किया जाना चाहिए।श्री रविशंकर ने कहा ञ जुलाई-2024 में सेल कॉरपोरेट ऑफिस के द्वारा सेल में कार्यरत सभी कर्मचारियों के लिए पदनाम में बदलाव से संबंधित एक सर्कुलर निकाला गया था, लेकिन एक दो यूनिट को छोड़कर बाकी जगहों में अभी तक इसे लागू नहीं किया गया है।

# पुलिस इंस्पेक्टर पद पर प्रमोशन में आरक्षण के आदेश पर लगी रोक, हाई कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की पीठ ने सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर पद पर प्रोन्नति में आरक्षण देने पर रोक लगा दी है। अदालत ने इस मामले में सरकार से जवाब मांगा है।अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद होगी। सरकार की ओर से प्रोन्नति में एससी-एसटी को आरक्षण दिया जा रहा है। इसके खिलाफ विकास कुमार की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन ने हाई कोर्ट को बताया कि 20 सितंबर 2024 को विभाग की ओर से सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर रैंक में प्रोन्नति दिए जाने का आदेश जारी किया गया था। इसके लिए वरीयता सूची बनाई गई। प्रार्थी वरीय सूची में सबसे ऊपर है, लेकिन आरक्षण देने की वजह से वरीयता में काफी नीचे रहने वाले एससी-एसटी सब इंस्पेक्टर को प्रोन्नति दी जा रही है।

ऐसा करना प्रार्थी के समानता के अधिकारों का हनन है। उनकी ओर से झारखंड हाई कोर्ट के रघुवंश प्रसाद बनाम झारखंड सरकार मामले में आदेश का हवाला दिया गया। इसमें कोर्ट ने कहा है कि राज्य में किसी भी विभाग की प्रोन्नति में आरक्षण तब तक नहीं दिया जा सकता है, जब तक कि सरकार की ओर से इसको लेकर कोई नया कानून नहीं बनाया जाता है। उनकी ओर से यह भी कहा गया कि संविधान के अनुसार, जब सब इंस्पेक्टर कैडर में एससी-एसटी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, तो आरक्षण देना जरूरी नहीं है। इसलिए प्रोन्नति में आरक्षण देने के आदेश को निरस्त किया जाए। सुनवाई के बाद अदालत ने प्रोन्नति पर रोक लगा दी है। रांची के अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने पत्नी की हत्या के आरोपित मोहन महतो को दोषी करार दिया है। उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 जनवरी की तिथि निर्धारित की है।घटना को लेकर महिला सोनी के भाई छोटू कुमार महतो ने अप्रैल 2018 में ओरमांझी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि अभियुक्त के साथ सोनी की शादी 2009 में हुई थी। शादी के चार साल बाद ससुराल की ओर से दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था।

# तेनुघाट डैम पर बनेगा वाटर साइड एडवेंचर व एक्ट्रेशन प्वाइंट, 54 करोड़ होंगे खर्च

**बोकारो , एजेंसी।** बोकारो डीसी विजया जाधव ने शनिवार को तेनुघाट डैम पर पर्यटकीय सुविधाओं के विकास को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने पर्यटन विभाग की प्रस्तावित योजनाओं की प्रगति के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। एजेंसी गौरव होम प्वाइंट के आर्किटेक्ट ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से होने वाले विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि तीन चरणों में कार्य किए जाएंगे, जिस पर लगभग 54 करोड़ रूपये खर्च होंगे। कहा कि डैम के समीप वाटर साइड एडवेंचर एंड टूरिस्ट एटरेक्शन प्वाइंट का निर्माण होगा, जिसके तहत गार्डन रिसोर्ट, रेस्टूरेंट, वाटर फाउंटेंन, इंफारमेशन सेंटर, पार्किंग एरिया, ई-विह्किल-गोल्फ कोर्ट, चिल्ड्रन पार्क, लैंडस्केपिंग, कियोस्क, वाच टावर, एक्वाटिक गार्डन, बंबू वाकवे गार्डन,रोज गार्डन, कैफेटेरिया, सनराइज - सनसेट प्वाइंट, ग्लास ब्रिज, सेल्फी प्वाइंट, कोटेज, ईको विलेज, फलावर गार्डन आदि का निर्माण किया जाएगा।

डीसी ने एजेंसी को डीपीआर जल्द तैयार कर समर्पित करने को कहा। ताकि राज्य स्तर से उसका अनुमोदन समय पर कराया जा सके। उन्होंने सिविल वर्क को कम से कम करने एवं पर्यावरण अनुकूल कार्यों को करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता मो। मुमताज अंसारी, भवन निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता सलभ कुमार, जिला पर्यटन पदाधिकारी हेमलता बुन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, एजेंसी के आर्किटेक्ट अतुल कुमार आदि उपस्थित थे।

# उद्योग जगत व शोध समुदाय के बीच नवाचार को प्रोत्साहित करने की जरूरत - बीके तिवारी

**बोकारो, एजेंसी।** सेल-बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने शनिवार को रांची में सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआइ) व एमिटी यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कॉर्पोरेट रीसाइक्लर्स कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया।

यह सम्मेलन अपशिष्ट प्रबंधन और स्थिरता में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्योग जगत, शोध संस्थानों व समाधान प्रदाताओं को एक मंच पर लाने की एक सार्थक और महत्वपूर्ण पहल है। सम्मेलन में बीएसएल, टाटा, जेएसडब्ल्यू, एएमएनएस, हिंडाल्को समूह, आइसीएआर, एनआइटी व विभिन्न प्रतिष्ठित शोध संस्थानों के




प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

उद्घाटन सत्र में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सर्कुलर इकोनॉमी की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए इसे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने और राजस्व सृजन के लिए एक प्रभावशाली माध्यम बताया। उन्होंने उद्योग जगत और शोध समुदाय के बीच सामूहिक प्रयास और नवाचार को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

बीएसएल की ओर से नितेश रंजन, सहायक महाप्रबंधक (ईसीएस) ने अपनी प्रस्तुति में कंपनी द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में उठाये गये कदमों और हासिल की गयी उपलब्धियों को विस्तारपूर्वक साझा किया। इसके अतिरिक्त प्रशांत कालबंदे, सहायक महाप्रबंधक (एमआरडी) ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभायी।

# आईएचएम रांची के कोर्स से आतिथ्य उद्योग में करियर बनाने का अवसर

**रांची, एजेंसी।** 12वीं के बाद आतिथ्य उद्योग में करियर बनाने के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम), रांची, जो कि राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं कैटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद (एनसीएचएमसीटी), नोएडा से संबद्ध संस्थान है, से होटल मैनेजमेंट में स्नातक करने का अवसर है। यहां से बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन (एचएंडएचए) राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं कैटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद (एनसीएचएमसीटी), नोएडा से प्रस्तावित और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), दिल्ली से मान्यताप्राप्त तीन वर्षीय कोर्स उपलब्ध है, जिसमें ऑनर्स की डिग्री प्राप्त की सकते हैं। इस कोर्स में फूड प्रोडक्शन, फूड एंड बेवरेज सर्विस, फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन और हाउसकीपिंग का प्रशिक्षण शामिल है। इच्छुक छात्र-छात्राएं 15 फरवरी को शाम 5 बजे तक संबंधित वेबसाइट के माध्यम से नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### प्रवेश प्रीक्षा से मिलेगा नामांकन

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से से आयोजित होनी वाले नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट जॉइंट एंट्रेंस (एनसीएचएम जेईई प्रवेश परीक्षा-2025), के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई। इसके माध्यम से देश के प्रतिष्ठित होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) में बीएससी (हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन) कोर्स में दाखिला मिलेगा। राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं कैटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद (एनसीएचएमसीटी) से संबद्ध होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) में शैक्षिणिक वर्ष 2025-26, के लिए प्रवेश परीक्षा 27 अप्रैल, को देशभर के सभी आईएचएम संस्थानों में कुल 11965 सीट के लिए होगी। प्रवेश परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी मोड), से देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। एनसीएचएम जेईई-2025 के रैंक के आधार पर देशभर में स्थित 78 मान्यता प्राप्त होटल प्रबंधन संस्थान में बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स में प्रवेश दिया जाएगा।

किसी भी संकाय में 12वीं या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण या वर्ष 2025 में परीक्षा दे रहे हों, वैसे अभ्यर्थी एनसीएचएम जेईई- 2025 के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए कोई ऊपरी उम्र सीमा नहीं है। कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा में न्यूमेरिकल एबिलिटी एंड एनालिटिकल एप्टीट्यूड- 30 अंक, रीजनिंग एंड लॉजिकल डिडक्शन- 30 अंक, सामान्य ज्ञान और करेंट अफेयर्स- 30 अंक, अंग्रेजी 60 अंक, एप्टीट्यूट फॉर सर्विस सेक्टर- 50 अंक, के कुल 200 अंक की परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से नामांकन मिलेगा। प्रवेश परीक्षा का आयोजन झारखंड में- रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, पश्चिम बंगाल के कोलकाता व सिल्लीगुड़ी और बिहार में पटना, भागलपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गया समेत देश के 109 शहरों में किया जाएगा।

### शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने बताया कि संस्थान के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ, जिसमें 32 का विद्यार्थियों का चयन मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर हुआ है। आईएचएम रांची के विद्यार्थी- ताज होटल्स, आईटीसी होटल्स, द ओबेरॉय होटल्स, द पार्क होटल्स, सोडेक्सो इंडिया, रोजिएट होटल्स, स्टार्लिंग रिजॉर्ट एवं दिल्ली ड्यूटी फ्री जैसे अग्रणी होटलों में चयनित हुए हुए हैं।